फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 159 प्रभात जयपुर, सोमवार 9 जनवरी, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Lion of Ladakh — All they had to eat was sattu and the water had to be extracted from ice, unknown to them they spent the night next to a Chinese Post!

Durability of Antibody Response

J'ADORE: Gorgeous Lipstick Shades — Be the talk of the town with these glamorous shades



*जब भी कभी समुद्र में बड़ा तूफान आता है, स्वाभाविक तौर पर पक्षी उससे दूर रहते हैं। सी बर्ड्स तो तूफानों से बचने के लिए सैकड़ों मील की अतिरिक्त दूरी भी तय कर लेती हैं। लेकिन हाल ही में प्रोसीडिंग्स ऑफ नैशनल अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ में छपे एक शोध में एक आश्चर्यजनक बात पता चली है, कुछ सी बर्ड्स तूफान में सरवाइव करने के लिए अनोखी युक्ति अपनाती हैं। वो सीधे तूफान में घुस जाती हैं। जी.पी.एस. ट्रैकर्स के इस्तेमाल से वैज्ञानिकों ने जापान के आवाशीमा आइलैण्ड पर प्रजनन करने वाली 401 स्ट्रीक्ड शिअरवॉटर्स (शोर बर्ड्स की एक प्रजाति) की 11 साल तक निगरानी की। इनमें से 75 पक्षी उन्हें ऐसे मिले जो खराब मौसम होने पर सीधे टायफून में घुस गए। सह शोध लेखक, एमिली शैपर्ड, जो वेल्स में स्वान सी युनिवर्सिटी में एनिमल मूवमैंट की एक्सपर्ट हैं, का कहना है कि, यह शोध पत्र तूफान में जानवरों का सबसे बड़ा ट्रैकिंग डेटा सैट है। जिन पक्षियों को ट्रैक किया गया उन्होंने आठ घंटे तक तूफान का सामना किया। शैपर्ड ने बताया, ''हमने जो देखा उस पर हमें यकीन नहीं हुआ। हमें कुछ अंदाज़ था कि, पक्षी कैसा व्यवहार कर सकते हैं, पर हमने जो देखा वैसा तो हमें किसी ने नहीं बताया था।'' अधिकांश पक्षी, जिनका उन्होंने अध्ययन किया, जमीन के आसपास ही भोजन तलाशने वाले पक्षी थे। लेकिन जब ये पक्षी तूफान में फंसे तो जमीन पर जाने की बजाय सीधे तूफान की तरफ गए। शोध के अनुसार शिअरवॉटर्स की तूफान के केन्द्र की तरफ जाने की संभावना ज्यादा देखी गई। मुख्य शोध लेखक, एमानूईल लैम्पीडाकिस के अनुसार ''तूफान के समय एक समय ऐसा आता है जब पक्षियों की उड़ने की रफ्तार हवा की रफ्तार से कम रह जाती है तब पक्षी हवा के साथ बहने लगते हैं।'' शिअरवॉटर्स हवादार वातावरण के आदी होते हैं। ये पानी के ऊपर रहते हैं, जहां तेज हवा के साथ वे बिना पंख फड़फड़ाए लंबी दूरी तय कर लेते हैं इससे उनकी ऊर्जा बचती है। लेकिन जमीन पर रहना उनके लिए मुश्किल होता है, यहां से उन्हें उड़ान भरने में मुश्किल होती है और परभक्षी पक्षियों का शिकार बनने का खतरा होता है। हालांकि ये प्रजनन के लिए तट पर आते हैं, पर अधिकांश समय महासागरों के ऊपर ही बिताते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि, तूफान की वजह से तट पर चल रही तेज हवाओं से बचने के लिए ये पक्षी तूफान की तरफ उड़ान भरते हैं। उनके लिए जमीन पर रहने की बजाय तूफान की तरफ उड़ना ज्यादा सुरक्षित होता है।*

# 'ओल्ड पैंशन स्कीम 10 साल बाद देश को कंगाल कर देगी'

## जाने-माने अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने ऐसे समय पर यह बयान दिया है जब राजस्थान समेत कई राज्य इसे लागू करने की कवायद में जुटे हैं

- **ओल्ड पैंशन स्कीम (ओ.पी.एस.) कई राज्यों में चुनावी मुद्दा बनी हुई है, राजस्थान व छत्तीसगढ़ सरकार इसे लागू करने की कवायद में लगी हुई है। हिमाचल में नवनिर्वाचित सरकार भी ओ.पी.एस. लागू करने की घोषणा कर चुकी है।**
- **आहलूवालिया पहले भी ओल्ड पेंशन स्कीम की आलोचना कर चुके हैं और इसे सबसे बड़ी रेवड़ी और बेतुकी कवायद बता चुके हैं।**

नई दिल्ली, 8 जनवरी। विभिन्न राज्यों में इस समय न्यू पैंशन स्कीम (एन.पी.एस.) को हटाकर इसकी जगह ओल्ड पैंशन स्कीम (ओ.पी.एस.) लागू करने की कवायद चल रही है। वोट बैंक की राजनीति के चलते इसके दुष्प्रभाव का विश्लेषण किये बगैर राजस्थान व हिमाचल सहित कई राज्यों ने ओ.पी.एस. लागू करने की घोषणा कर दी है। इस मामले पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वित्तीय सलाहकार रहे मोंटेक सिंह अहलूवालिया का कहना है कि, ''जो लोग इसे आगे बढ़ा रहे हैं, उसका नतीजा ये होगा कि 10 साल बाद वित्तीय कंगाली आएगी। मेरा मानना है कि ये कदम बेतुका है और वित्तीय कंगाली का कारण बन सकता है।''

अहलूवालिया ने ये बयान ऐसे वक़्त दिया है, जब हिमाचल समेत कुछ राज्यों में हुए चुनावों में ओल्ड पेंशन स्कीम को राजनीतिक दलों ने मुद्दा बनाया। कई राज्य सरकारों ने ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल भी किया है।

अहलूवालिया के हालिया बयान को लेकर बहस भी छिड़ गई है। कुछ लोग उनका समर्थन कर रहे हैं जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कुछ लोगों ने उनकी आलोचना की है। अहलूवालिया पहले भी ओल्ड पेंशन स्कीम की आलोचना कर चुके हैं और इसे सबसे बड़ी रेवड़ी बता चुके हैं।

एक कार्यक्रम में मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा, ''एक अर्थशास्त्री के रूप में मैं यही कहूंगा कि राजनीतिक पार्टियां और सत्ताधारी पार्टियों को चाहिए कि वो सिस्टम को ऐसे कदम उठाने से रोकें जो निश्चित रूप से वित्तीय तबाही का सबब होगा।''

उन्होंने आगे कहा, ''लेकिन ये कैसे किया जाए? जनता को बड़े पैमाने पर ये समझाने की ज़रूरत है कि भविष्य में इसकी कितनी क़ीमत चुकानी पड़ेगी। मान लीजिए सरकार आपको ऐसी पेंशन स्कीम दे रही है जो पहले से बेहतर है तो लोग इसे पसंद करेंगे। लेकिन कोई इसकी क़ीमत चुका रहा है। इसलिए हमें ऐसा जनमानस बनाने पर ध्यान देना होगा।''

अहलूवालिया ने कहा, ''राजनीतिक व्यवस्था में जो लोग इसकी क़ीमत चुकाते हैं, उनकी भी बात सुनी जानी चाहिए और अगर राजनीतिक सिस्टम ये करने में अक्षम है तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''इसी तरह की चीजें अन्य देशों में भी होती हैं और हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां कई देश राजनीतिक तौर पर गैरज़िम्मेदाराना फैसले ले रहे हैं। लेकिन इसमें सुधार की भी गुंजाइश होती है। समस्या ये है और मुझे शंका है कि इस तरह के कदम उठाने को लेकर केंद्र सरकार पर काफ़ी दबाव होगा चाहे कोई भी सरकार हो।'' रिटायरमेंट की उम्र बढ़ी तो क्या होगा असर?

मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि सुधारों का मुख्य दारोमदार राज्यों पर होता है और बहुत सारे ऐसे सुधार हैं जिनके लिए केंद्र को कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं होती।

उन्होंने कहा, ''उदाहरण के लिए राज्य के क़ानून के मुताबिक कई मामलों में अपराधीकरण को ख़त्म करने के लिए केंद्र की कोई भूमिका नहीं होती है। केंद्र ऐसा करने से राज्य को नहीं रोकता है। लेकिन राज्य नहीं कर रहे हैं। ऐसी बहुत सी चीजों की लंबी सूची बना सकते हैं जो पूरी तरह राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।''

उन्होंने कहा, ''इस लिहाज से देखें तो सिर्फ पेंशन स्कीम ही नहीं, बल्कि बिजली दरों को तय करने का मामला भी पूरी तरह राज्य के अधिकार में है, केंद्र

**(शेष अंतिम पृष्ठ पर)**

## समूचे उत्तर भारत में कड़कड़ाती ठण्ड का दौर

नई दिल्ली, 8 जनवरी (वार्ता)। उत्तर भारत के कई इलाकों में कड़कड़ाती ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है वहीं दक्षिण भारत में जगह-जगह बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जबरदस्त शीतलहर के बीच रविवार को सबसे सर्द सुबह दर्ज किया गया। इसके साथ ही एन.सी.आर. इलाके में भी जनजीवन प्रभावित रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में अगले चार दिन मौसम शुष्क बना रहेगा। झारखंड के साथ-साथ बिहार में भी ठंडी हवायें चल रही हैं।

उत्तराखंड के चमोली जनपद अन्तर्गत, जोशीमठ में भूधंसाव के कारणों को तलाश रहे विशेषज्ञों के अनुसार, जोशीमठ की धरती हर साल 85 मिलीमीटर की गति से खिसक रही है। दूसरी ओर, सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, भू धंसाव की यह स्थिति अचानक इस साल नहीं, अपितु पचास से अधिक वर्षों से लगातार बनी हुई है।

राज्य सरकार द्वारा जोशीमठ मामले के परीक्षण को गठित वैज्ञानिकों के दल में शामिल देहरादून स्थित

- **दिल्ली में रविवार इस सीजन का सबसे सर्द दिन व सुबह दर्ज किया गया।**

वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान की वरिष्ठ विज्ञानी डा. स्वप्निमिता के अनुसार, प्रभावित क्षेत्र का सेटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण कराया गया। जिससे पता चला कि यहां का भूभाग प्रति वर्ष 85 मिलीमीटर की दर से खिसक रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पत्ति के समय से ही हिमालय के खिसकने की दर सालाना 40 मिलीमीटर के करीब है। सरकारी दस्तावेज इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि इस क्षेत्र में भू धंसाव अथवा इमारतों में दरार पड़ने की शुरुआत पचास से भी वर्षों पूर्व हो चुकी थी।

बीच तेलंगाना के आदिलाबाद में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान गिरकर 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रामागुंडम में इसी अवधि के दौरान न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और मेडक में 11 डिग्री सेल्सियस के साथ दर्ज किया गया। राजधानी हैदराबाद का न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभाग के मुताबिक राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

# 'राहुल गांधी का करिश्मा काम करना शुरु कर चुका है'

## तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है

- **शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी को लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। भारत जोड़ो यात्रा क्रांतिकारी है, उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए ज्ञान का प्रतीक बन गया है। देश ने इससे पहले ऐसी कोई यात्रा नहीं देखी। उनका लक्ष्य अच्छा है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूँ।**
- **उन्होंने कहा, इस यात्रा से उनकी छवि बदली है। इससे पहले एल.के आडवाणी और चंद्रशेखर ने भी यात्रा निकाली थी। लेकिन यह भारत जोड़ो यात्रा बेमिसाल है, इसमें हर मजहब के लोग शामिल हो रहे हैं।**

नई दिल्ली, 8 जनवरी। तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। भारत जोड़ो यात्रा को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का करिश्मा काम करना शुरू कर चुका है और उन्हें लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

टी.एम.सी. सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा क्रांतिकारी है। उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए ज्ञान का प्रतीक बन गया है। देश ने इससे पहले ऐसी कोई यात्रा नहीं देखी। उनका लक्ष्य अच्छा है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि हालांकि मैं टी.एम.सी. का नेता हूं और मेरी लीडर सही मायने में ममता बनर्जी हैं। मैं उनका हिमायती हूं, उनका प्रशंसक हूं। लेकिन कुछ बातों से नजरें नहीं चुराई जा सकती। यूथ आइकन राहुल गांधी, भारत जोड़ो यात्रा से युवाओं की इच्छा और अपेक्षा के प्रतीक हो गए हैं।

इस यात्रा से उनकी छवि बदली है। इससे पहले एल.के. आडवाणी और चंद्रशेखर ने भी यात्रा निकाली थी। लेकिन यह भारत जोड़ो यात्रा बेमिसाल है। इसमें हर मजहब के लोग शामिल हो रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में जब ये बोला जाता है कि मैं नफरत बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं। तो ये अच्छी बात है मैं उनको कामयाबी के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उनकी यात्रा पर सवाल भी उठाए गए, उनकी टीशर्ट से लेकर उनके लुक तक पर सवाल उठे,

**(शेष अंतिम पृष्ठ पर)**

## तेलंगाना की दवा फैक्टरी में भीषण आग, 3 की मौत

हैदराबाद, 8 जनवरी। तेलंगाना की एक दवा कंपनी में लगी भीषण आग, तीन कर्मचारियों की झुलसकर मौत। पुलिस ने बताया कि मृतक आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के रहने वाले थे। शवों को अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस एक मामला दर्ज करके घटना के कारणों की जांच कर रही है।

तेलंगाना की दवा कंपनी में भीषण

- **ड्रम में कैमिकल डालते समय अचानक आग लग गई। पुलिस ने बताया कि, मृतक आंध्र प्रदेश, प. बंगाल और बिहार के रहने वाले थे।**

आग लगने की वजह से तीन लोगों की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा संगारेड्डी जिले में रविवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि जिन्नाराम पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत गड्डापोथरम गांव में दवा कंपनी के गोदाम के एक कमरे में आग लग गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के

**(शेष अंतिम पृष्ठ पर)**

# 'जोशीमठ में हर साल 85 एम.एम. नीचे धंस रही है जमीन'

## सरकारी रिकॉर्ड्स के अनुसार, भू-धंसाव की यह स्थिति अचानक नहीं, अपितु पचास साल से अधिक वर्षों से है

- **जोशीमठ में जमीन एवं मकानों में दरारें पड़ने के मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार दोपहर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में जोशीमठ को डैंजर जोन घोषित करके वहां की स्थिति को बचाने एवं सुधारने का फैसला लिया गया।**

देहरादून/चमोली, 8 जनवरी (वार्ता)। उत्तराखंड के चमोली जनपद अन्तर्गत, जोशीमठ में भूधंसाव के कारणों को तलाश रहे विशेषज्ञों के अनुसार, जोशीमठ की धरती हर साल 85 मिलीमीटर की गति से खिसक रही है। दूसरी ओर, सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, भू धंसाव की यह स्थिति अचानक इस साल नहीं, अपितु पचास से अधिक वर्षों से लगातार बनी हुई है।

राज्य सरकार द्वारा जोशीमठ मामले के परीक्षण को गठित वैज्ञानिकों के दल में शामिल देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान की वरिष्ठ विज्ञानी डा. स्वप्निमिता के अनुसार, प्रभावित क्षेत्र का सेटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण कराया गया। जिससे पता चला कि यहां का भूभाग प्रति वर्ष 85 मिलीमीटर की दर से खिसक रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पत्ति के समय से ही हिमालय के खिसकने की दर सालाना 40 मिलीमीटर के करीब है। उन्होंने बताया कि यहां एक बार फिर इसका सर्वेक्षण किया जा सकता है, ताकि वर्तमान स्थिति का बेहतर आंकलन किया जा सके।

जोशीमठ में जमीन एवं मकानों में दरारें पड़ने के मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार दोपहर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने यह बैठक बुलाई थी जिसमें कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, गृह सचिव, केन्द्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों के साथ इस मामले के सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड के मुख्य सचिव, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा जोशीमठ के जिलाधिकारी सम्मिलित हुए। वहीं दूसरी ओर, सरकारी दस्तावेज इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि इस क्षेत्र में भू धंसाव अथवा इमारतों में दरार पड़ने की शुरुआत पचास से भी वर्षों पूर्व हो चुकी थी। चमोली के मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर ललित नारायण मिश्र ने बताया कि आठ अप्रैल 1976 को गढ़वाल के

**(शेष अंतिम पृष्ठ पर)**

# चीन ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देना व दोस्त बनाना शुरु किया

## अफगानिस्तान सरकार ने चीन की कंपनी को देश के एक हिस्से में क्रूड ऑयल खनन का कॉन्ट्रैक्ट दिया है

- **चीन ने इसे दोनों देशों के लिए अहम प्रोजैक्ट बताया है। माना जा रहा है कि, ये ठेका हासिल करने के बाद इस इलाक़े में चीन की आर्थिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं।**
- **साल 2021 में तालिबान ने अफ़ग़ानिस्तान पर कब्ज़ा किया था, तबसे किसी विदेशी फ़र्म के साथ तेल खनन का ये पहला बड़ा समझौता है। अभी तक दुनिया की किसी सरकार ने अफ़गानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है।**

काबुल/नई दिल्ली, 8 जनवरी। अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन की एक फर्म को देश के उत्तरी हिस्से में तेल खनन का ठेका दिया है। ये सौदा 25 साल की अवधि के लिए हुआ है। चीन ने इसे दोनों देशों के लिए अहम प्रोजेक्ट बताया है। माना जा रहा है कि ये ठेका हासिल करने के बाद इस इलाक़े में चीन की आर्थिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

साल 2021 में तालिबान ने अफ़ग़ानिस्तान पर कब्ज़ा किया तबसे किसी विदेशी फ़र्म के साथ तेल खनन का ये पहला बड़ा समझौता है। अभी तक दुनिया की किसी सरकार ने अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है।

बीते दिसंबर में काबुल के लोंगन होटल पर हमला हुआ था जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और 18 लोग घायल हो गए थे। घायलों में चीन के पांच नागरिक थे।

तालिबान प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया, ''तेल खनन के सौदे के तहत शिनजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोल और गैस कंपनी (सी.ए.पी.ई.आई.सी.) अमू दरिया बेसिन में ड्रिलिंग करेगी।''

अफ़ग़ानिस्तान में प्राकृतिक संसाधनों का बड़ा भंडार है। सालों तक संघर्ष चलते रहने के कारण अफ़ग़ानिस्तान की इस संपदा का इस्तेमाल नहीं हो सका है।

कई जानकारों का कहना है कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों का नया अध्याय शुरू हो सकता है। चीन ने भी इसे एक अहम समझौता बताया है।

अफ़ग़ानिस्तान में चीन के राजदूत वांग यू ने काबुल में हुई एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अमू दरिया तेल खनन सौदा चीन और अफ़ग़ानिस्तान के लिए एक अहम प्रोजेक्ट हैं।''

देश के पूर्वी भाग में एक तांबे की खान के संचालन को लेकर भी चीन की सरकारी कंपनी की तालिबान सरकार से बातचीत चल रही है। अफ़ग़ानिस्तान में नेचुरल गैस, तांबा और रेयर अर्थ मैटीरियल समेत विशाल प्राकृतिक संसाधन हैं जिनकी अनुमानित क़ीमत एक ट्रिलियन डॉलर है।

अफ़ग़ानिस्तान में दशकों तक चले युद्ध के कारण इन प्राकृतिक संसाधन के स्त्रोतों का इस्तेमाल नहीं हो सका। हालांकि, दुनिया के दूसरे देशों की तरह चीन ने अभी तक अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है लेकिन इस मुल्क में उसके बहुत अहम हित जुड़े हुए हैं।

इसकी वजह ये भी है कि अफ़ग़ानिस्तान, चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) क्षेत्र के केंद्र में है। साल 2013 में शी जिनपिंग ने बी.आर.आई. को लॉन्च किया था।

## पीयुष गोयल अमेरिका जायेंगे

नई दिल्ली, 8 जनवरी (वार्ता)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल नौ से 11 जनवरी तक अमेरिका की सरकारी यात्रा पर रहेंगे और वहां न्यूयार्क एवं वाशिंगटन में भारत-अमेरिका व्यापार पॉलिसी फोरम में हिस्सा लेंगे। आज यहां जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। गोयल यात्रा के पहले चरण में कम्युनिटी इवेंट में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओज़ के साथ बातचीत करेंगे और व्यापारिक नेताओं के साथ गोलमेज़ बैठकों में हिस्सा लेंगे तथा न्यूयार्क में

**(शेष अंतिम पृष्ठ पर)**



### विचार बिन्दु

संसार भर के उपद्रवों का मूल व्यंग्य है। हृदय में जितना यह घुसता है उतनी कटार नहीं। –जयशंकर प्रसाद

# क्या खुशहाल ज़िंदगी जीने का हमारा सपना कभी पूरा होगा?

दो दिनों से एक यात्रा वृत्तांत में डूबा हुआ हूं। इधर हिंदी में कथेतर खूब लिखा जा रहा है और उसमें काफी कुछ ऐसा है जो हमारी भाषा की समृद्धि का परिचय देता है। मैं जिस यात्रा वृत्तांत में डूबा हुआ हूं, उसका शीर्षक है– **ख़ुश देश का सफ़र**। इसे लिखा है पल्लवी त्रिवेदी ने, जो साहित्य की दुनिया का बहुत परिचित नाम नहीं है। वैसे उनका एक व्यंग्य संग्रह और एक कविता संग्रह प्रकाशित हो चुका है और मध्यप्रदेश का वागीश्वरी सम्मान भी उन्हें मिल चुका है। जिस किताब की मैं बात कर रहा हूं उसका उपशीर्षक है:– 'भोपाल से भूटान : चार दोस्तों की रोड ट्रिप।' पल्लवी और उनके तीन दोस्तों की यह यात्रा उस तरह की व्यवस्थित यात्रा नहीं है जिस तरह की यात्रा आजकल आम पर्यटक करता है। सब कुछ पूर्व नियोजित और व्यवस्थित। ऐसी यात्रा करने वालों को पल्लवी ने टूरिस्ट कहा है, जबकि वे अपनी यात्रा को ट्रेवलर्स की यात्रा कहती हैं। बहुत मोटी रूपरेखा उनके पास है और वे लोग निकल पड़े हैं। भोपाल से भूटान की लगभग चार हज़ार किलोमीटर की यह यात्रा बीस दिन में पूरी हुई। इसी यात्रा का वृत्तांत है यह किताब।

इन लोगों ने गंतव्य के लिए चुना भूटान को। भूटान एक बहुत छोटा देश है। इसका क्षेत्रफल मात्र 38394 वर्ग किलोमीटर है और जनसंख्या है लगभग सात लाख। लेकिन जो बात इस देश को ख़ास बनाती है वह यह कि यह एक खुशहाल देश है। विश्व खुशहाली सूचकांक, जिसमें 146 देशों की सूची में भारत 136 वें स्थान पर है, उसमें भले ही भूटान न हो, उसकी गणना दुनिया के सर्वाधिक खुशहाल देशों में की जाती है। पल्लवी और उसके साथी भूटान में घूमते हुए इस बात की भी पड़ताल करते चलते हैं कि आखिर क्या वजह है कि भूटान के लोग इतने ज़्यादा खुशहाल है! एक जगह वे लिखती हैं:– *"आज सुबह से हम थिम्पू की गलियों, चौराहों और सड़कों के चक्कर काट रहे थे और यहां की पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, करीने से सजी दुकानों और प्रदूषणमुक्त आबोहवा को देखकर मुग्ध हो गए थे। भारत में ऐसी सड़कों की कल्पना भी असम्भव है जहां कोई गाड़ी नो–पार्किंग ज़ोन में ना खड़ी हो, हमारे बाज़ारों में ऐसी कोई दुकान नहीं जिसके आगे अतिक्रमण कर दुकान को विस्तार न दिया गया हो, ऐसा कोई चौराहा नहीं जहां बत्ती के हरा होने के तीन सेकेण्ड पहले ही चालक अपनी गाड़ी न बढ़ा देते हों। सब भाग रहे हैं हमारे यहां, सबको जल्दी है। किस बात की है? ये पता नहीं। यहां किसी को कोई जल्दी नहीं है। सब तसल्ली से अपना काम कर रहे हैं। कोई आपाधापी नहीं, कोई हड़बड़ाहट नहीं। क्या यह एक छोटी–सी बात अंदरूनी शांति और सुकून के लिए ज़रूरी नहीं?"*

यह पढ़ते हुए आपके मन में भी आ रहा होगा कि भला भारत से भूटान की तुलना कैसे की जा सकती है? कितना बड़ा देश है हमारा! और कितनी ज़्यादा जनसंख्या है! एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश में इतनी समस्याओं का होना स्वाभाविक ही है। इस बात पर पल्लवी भी विचार करती हैं। लेकिन वे सवाल भी करती हैं:– *"क्या सिर्फ अधिक जनसंख्या होने से हम अपने देश के भ्रष्टाचार, बदहाली, प्रकृति और देश के प्रति गैर ज़िम्मेदाराना रवैया, गंदगी और हर जगह फैली अव्यवस्था को जस्टिफाई कर सकते हैं?"* उनका सोच बहुत साफ़ है। वे कहती हैं: *एक ख़ुशहाल देश बनाने में कम जनसंख्या मददगार ज़रूर साबित हो सकती है लेकिन यही सर्वोच्च घटक नहीं है। हम अपने देश की बदहाली का ठीकरा जनसंख्या के अलावा आसानी से अशिक्षा, बेरोज़गारी और ग़रीबी पर फोड़ देते हैं लेकिन भूटान भारत से भी ज़्यादा ग़रीब देश है, जहां संसाधन बेहद कम हैं और बेरोज़गारी यहां भी है।"*

**अगर एक छोटा-सा देश, अपने साधनों की सीमाओं के बावज़ूद बेहद खुशहाल देश बन सकता और बना रह सकता है तो आखिर ऐसी क्या बातें हैं कि हमें सतत अभावों और उपेक्षाओं में ही ज़िंदगी गुज़ारनी पड़ रही है? क्या कभी ये हालात बदलेंगे? क्या कभी ऐसा समय आएगा जब हमारी मूलभूत ज़रूरतें पूरी हो चुकी होंगी और हम भी खुशहाल ज़िंदगी जी रहे होंगे?**

मैं यह संपादकीय पल्लवी त्रिवेदी की इस किताब की समीक्षा करने के लिए नहीं लिख रहा हूं। लेकिन इस किताब ने मुझे उद्वेलित किया है और उस उद्वेलन को आपसे साझा करने के लिए इस किताब के हवाले से अपनी बात कहने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा यह मानना है कि आज़ादी के बाद के इन बरसों में हम जितना कर सकते थे उतना हमने नहीं किया है। आज भी हम जो कर सकते हैं और जो हमें करना चाहिए वह न करके हम कुछ और ही करने में अपनी ऊर्जा नष्ट कर रहे हैं। क्या हमने कभी इस बात पर गम्भीरता से विचार किया है कि हमारी, मतलब हमारी सरकारों की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए? क्या कभी सरकारों ने बहुत गम्भीरता और ईमानदारी से इस बात के प्रयास किए कि इस देश के हर नागरिक को चिकित्सा और शिक्षा की आधारभूत सुविधा सुलभ हो जाए? जो भी प्रयास हुए वे आधे अधूरे मन से हुए। आपने स्कूल खोले तो भवन नहीं बनाए, भवन बनाए तो शिक्षक भर्ती नहीं की, शिक्षक भर्ती की तो अन्य व्यवस्थाओं के लिए बजट नहीं दिया। यही हाल चिकित्सा का भी रहा। राजस्थान में सरकार ने हाल में खूब ढोल ढमाकों के साथ आम जन के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधा की घोषणा की, जो देर से ही सही, सही दिशा में उठाया गया एक कदम था, लेकिन आज हालत क्या है? निजी अस्पताल रोगियों को लौटा रहे हैं, सरकारी अस्पताल कम और आधे–अधूरे हैं, सरकारी दवाइयां आउट ऑफ स्टॉक हैं। मतलब एक अच्छी योजना अभी से दम तोड़ती नज़र आ रही है। यही हाल सड़कों का है, यही हाल पेयजल सुविधा का है। घोषणाएं खूब होती हैं। उनका प्रचार भी खूब होता है लेकिन बहुत जल्दी वे योजनाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं। न उनकी मॉनिटरिंग होती है और न उनके मार्ग में आए हुए अवरोधों को हटाने कोई गम्भीर प्रयास होते हैं। परिणाम यह कि आम नागरिक जितना बदहाल पहले था, उतना ही अब भी रहता है। उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो पाता है।

अब यहीं ज़रा ठहर कर भूटान के बारे में पल्लवी जी का अनुभव जान लें। वे लिखती हैं:– *"भूटान में हमने ग़ौर किया कि यहां सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काफ़ी ज़ोर दिया है। प्रति व्यक्ति आय भले ही कम हो लेकिन एक नागरिक के तौर पर बेहतरीन सार्वजनिक सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। चाहे सड़कें हों, बिजली या पानी। कोई इन सुविधाओं से वंचित नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य यहां सबके लिए फ्री हैं। भारत में उलटा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी महंगी हैं कि एक आदमी की सारी पूंजी बच्चों को पढ़ाने में या एक बार कोई बड़ी बीमारी हो गई तो उसी में खर्च हो जाती हैं बल्कि कर्ज़ मांगने की नौबत आ जाती है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में कोई जाना नहीं चाहता और निजी शिक्षण और स्वास्थ्य संस्थान इतने महंगे हैं कि ग़रीब आदमी की हैसियत नहीं वहां तक पहुंच पाने की। यही कारण है कि एक बड़ा तबका अच्छी शिक्षा और अच्छे स्वास्थ्य से वंचित है।"*

मुझे हमेशा यह लगता है कि हमारे पास न पैसों की कमी है और न काम करने की दक्षता की। लोगों में सेवा और समर्पण का भाव भी कम नहीं है। अपने देश से सबको प्यार है और वे इसे और अच्छा देखने को लालायित भी हैं। इसके लिए वे हर तरह का त्याग भी करने को सदा तैयार रहते हैं। लेकिन जिन्हें हम चुनते हैं वे बार–बार हमें छलते हैं। हमें धोखा देते हैं। हमें निराश करते हैं। और फिर अपनी सारी बेईमानियों और मक्कारियों का ठीकरा ज़्यादा आबादी और गरीबी के सर पर फोड़कर अलग हो जाते हैं। काश! हम कभी उनसे पूछ पाते कि अगर इस देश की जनता इतनी ग़रीब है तो फिर आप क्यों उसके पैसों पर शाही जीवन जीते हैं? आप क्यों इस बात की परवाह नहीं करते कि जनता की पहली ज़रूरत क्या है? और जहां तक सरकारी कार्यक्षमता का सवाल है, हम आए दिन देखते हैं कि सरकार जिस काम में रुचि लेती है वह तो पलक झपकते ही हो जाता है। तब न लाल फीताशाही आड़े आती है न बजट की कमी राह का रोड़ा बनती है! अगर किसी राह पर किसी महामहिम को गुज़रना होता है तो वह तुरंत चकाचक कर दी जाती है, और जिस राह पर हम सब गुज़रते हैं उसकी दुर्दशा पर कभी किसी की नज़र ही नहीं पड़ती। पड़ भी जाती है तो सरकारी कार्यप्रणाली काम की गति को धीमा कर देती है। बारिश के मौसम में टूटी सड़कें होली तक भी सुधार दी जाएं तो गनीमत है। आम आदमी वाले अस्पताल में भले ही डॉक्टर न हों, वीआईपी दौरों के समय एकाधिक डॉक्टर मय स्टाफ के उनकी सेवा में दिन–रात तैनात रहते हैं।

सोचने की बात यह है कि अगर एक छोटा–सा देश, अपने साधनों की सीमाओं के बावज़ूद बेहद खुशहाल देश बन सकता और बना रह सकता है तो आखिर ऐसी क्या बातें हैं कि हमें सतत अभावों और उपेक्षाओं में ही ज़िंदगी गुज़ारनी पड़ रही है? क्या कभी ये हालात बदलेंगे? क्या कभी ऐसा समय आएगा जब हमारी मूलभूत ज़रूरतें पूरी हो चुकी होंगी और हम भी खुशहाल ज़िंदगी जी रहे होंगे?

कब आएगा वह समय? आएगा भी या नहीं?

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# फ़ैशन की दुनिया में अलग ही शान है जोधपुरी कोट की

आज ऐसा कौन सा व्यक्ति होगा,जो जोधपुरी बन्द गले के कोट के बारे में नहीं जानता हो। अपनी अलग ही आन, बान व शान को लेकर विश्व विख्यात हो चुकी यह मर्दाना पौशाक जन जन की पहली पसंद बन चुकी है। सात समुंदर पार भी इस पौशाक की लोकप्रियता जगजाहिर है।

परिधानों की दुनिया बहुत तेजी से बदलती है। अब तक ना जाने कितने ही डिजाइन फैशन में आए और लुप्त हो गए, लेकिन जोधपुरी बंद गले का कोट एक ऐसा परिधान है, जिसे सदाबहार कहा जा सकता है। इसको पहनने के बाद व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, गुरूर और उल्लास का अहसास तो होता ही है, साथ ही बाहरी आवरण की शानोशौकत का मिजाज देखते बनता है। ढीला ढाला व्यक्ति भी जब बन्द गले का जोधपुरी कोट पहन कर चलता है तो उसकी चाल बदल जाती है। हजारों की भीड़ में वह अलग ही नजर आता है।

- **शादी के अवसर पर दुल्हे के नजदीकी रिश्तेदार जोधपुरी कोट सिलवाना पसंद करते हैं**
- **पहले कोट को बनाने में करीब सात दिन लगे, देखते ही देखते यह कोट जोधपुरी कोट के नाम से पूरे देश में लोकप्रिय हो गया**



मिश्रीलाल पंवार

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तक, सभी की पसंद जोधपुरी कोट रहा है। नौजवानों को भी यह खूब भा रहा है। यह कोट सर्दी से बचाता है वहीं अलग लुक भी देता है। शादी के अवसर पर दुल्हे के नजदीकी रिश्तेदार जोधपुरी कोट सिलवाना पसंद करते हैं। करीब सौ वर्ष पूर्व ईजाद हुए इस मर्दाना पहनावे की फैशन की दुनिया में आज भी धाक कायम है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते फैशन इतनी तेजी से बदलता है कि कुछ दिनों पूर्व मार्केट में आई नई फैशन देखते ही देखते पुरानी हो जाती है। उसकी जगह नई स्टाइल आ जाती है।

इतिहास के पन्नों में इसकी एक रौचक कहानी है । इस कहानी के अनुसार जोधपुर के सर प्रताप वर्ष 1887 में इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया की हीरक जयंती समारोह में भाग लेने लंदन जा रहे थे। संयोग कुछ ऐसा हुआ कि उनका सामान रास्ते में चोरी हो गया। इंग्लैंड पहुंचे तो उनके सामने कपड़ों का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने लन्दन में ही कोट का कपड़ा खरीदा। बड़ी मुश्किल से एक दर्जी के पास उन्होंने स्वयं खड़े रहकर बन्द गले के कोट की सिलाई कराई। बाद में इसे पहन कर वे समारोह में गए तो लोग देखते रह गए। सभी लोगों ने उस कोट की शान और आनबान की सराहना की। सर प्रताप पुनः जोधपुर लौटे तब जोधपुर के राज कारीगरों को बुलाया और उसी प्रकार के बन्द गले के कोट सिलने का कहा।

जोधपुर के राज गजधर बड़ी मेहनत व लगन से इस कोट को बनाने में जुट गए । इस पहले कोट को बनाने में करीब सात दिन लगे। इस कोट को देखा तो राज परिवार के अन्य सरदारों को मन भा गया। सबने इस कोट को सिलवाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते बन्द गले का यह कोट जोधपुरी कोट के नाम से पूरे देश में लोकप्रिय हो गया। धीरे धीरे देशी रियासतों के राजा महाराजा, सामंत व रईस लोगों की भी यह कोट पहली पसंद बन गया।

धीरे धीरे शहर के नामी टेलरों ने भी बन्द गले के कोट की सिलाई करनी शुरू कर दी। उस जमाने में बन्द गले की कोट की मांग पूरे देश में होने से कलकत्ता, मुम्बई, दिल्ली तथा अहमदाबाद के टेलरों में हड़कंप मच गया क्योंकि उन दुकानदारों के कारीगरों को बन्द गले के कोट सिलने का सही तरीका मालूम नहीं था। रईस लोग इस कोट को सिलवाने जोधपुर आने लगे। इसके बाद इन चारों महानगरों के टेलर



शॉप के मालिकों का ध्यान जोधपुर के कारीगरों की तरफ गया। ये लोग जोधपुर से कारीगरों को अपने साथ ले जाने लगे। धीरे –धीरे पूरे देश में जोधपुर के सिलाई कारीगरों की मांग होने लगी। उस जमाने के कारीगर एक कोट को सिलने में एक सप्ताह समय लगाते थे। इस जोधपुरी कोट की यह विशेषता होती थी कि पच्चीस साल बाद भी ऐसा लगता था जैसे अभी अभी नया बनवाया है।

धीरे–धीरे इसमें कारीगरी वाला काम घटता गया। आज से बीस से पच्चीस साल पहले तक तीन दिन में एक कोट तैयार होता था। आजकल के कारीगरो ने इसकी कलात्मकता को दरकिनार कर दिया है। अब तो लोग एक ही दिन में पूरा कोट बना लेते हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के लिए बन्द गले का कोट सिलने वाले जोधपुर निवासी देवीलाल राखेचा अब इस संसार में नहीं है। पिता के बाद सिलाई की दुकान संभालने वाले किशोर राखेचा ने बताया कि संसार में वस्त्र फैशन बहुत तेजी से बदलता रहता है। राष्ट्रपति से लेकर आम आदमी की यह पहली पसंद है। पहले के जमाने में 90 प्रतिशत कार्य हाथ सिलाई से होता था।अब तो हाथ सिलाई का काम दस प्रतिशत रह गया है। मांगलिक समारोह में जोधपुरी कोट पहले से ज्यादा पसंद किए जाते हैं। राष्ट्रपति से सम्मानित वयोवृद्ध शिक्षक एवं कला पारखी गोविन्द कल्ला का कहना है कि बन्द गले के जोधपुरी कोट शरीर के कई हिस्सों पर एक्यूप्रेशर का काम करता है। यही कारण है कि जोधपुरी कोट पहनते ही व्यक्ति में नई उर्जा का संचार शुरू हो जाता है। व्यक्ति खुद को चुस्त–दुरुस्त महसूस करता करता है।

**मिश्रीलाल पंवार, जोधपुर**

# राष्ट्रीय जंबूरी में ब्यावर की बादशाह की सवारी लोकप्रिय रही

**ब्यावर,** (निसं)। राष्ट्रीय जंबूरी रोहट पाली में निकाली गई ब्यावर की सुप्रसिद्ध और विश्व विख्यात बादशाह की सवारी अत्यधिक लोकप्रिय रही। राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर के स्काउट अध्यापक विष्णु दत्त गोयल ने बादशाह की सवारी की तरह ही शाही अंदाज में सवारी निकालकर एक अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्रदान की।

- **ब्यावर के स्काउट अध्यापक विष्णु दत्त गोयल ने सवारी निकालकर एक अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्रदान की**

बादशाह की सवारी में स्थानीय संघ ब्यावर, स्थानीय संघ जवाजा के स्काउटर नरेंद्र सिंह कोटडा तथा सभी बालचरों ने विभिन्न राजस्थानी परिवेश में सजधज कर सहयोग देकर शाही सवारी निकाली।

ब्यावर के सहायक कमिश्नर विमल चौहान, शिव कुमार दुबे, सीबीओ प्रधानाचार्य ताराचंद जांगिड, स्काउट टीचर रामचंद्र शर्मा, बाबूदीन, मोहन सिंह चौहान, सुरेश फुलवारी, चंपालाल सोलंकी, मनोहर, रतन सिंह कालिंजर सहित ने अपना प्रतिनिधित्व किया। सभी अन्य कार्यक्रमों में से अलग हटकर भिन्न कार्यकम होने से पूरे परिसर में चर्चा का विषय बना रहा था।



**स्काउट अध्यापक विष्णु दत्त गोयल ने बादशाह की सवारी शाही अंदाज में पेश की।**

# डॉ. सुनीता घोगरा बनी राजस्थान साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष

**चूरू/उदयुपर,** (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त राजस्थान साहित्य अकादमी अध्यक्ष डॉ दुलाराम सहारण द्वारा पदभार संभालने के बाद से ही कई अभिनव निर्णय लिए जा रहे हैं। अध्यक्ष डॉ सहारण के निर्देशन में हाल ही में गठित 19वीं सरस्वती सभा की प्रथम बैठक शुक्रवार एवं शनिवार को उदयपुर अकादमी मुख्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आदिवासी वर्ग के भील समुदाय की डॉ सुनीता घोगरा को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया। अकादमी अध्यक्ष ने बताया कि पहली बार किसी महिला एवं जनजाति समुदाय की महिला को अकादमी का उपाध्यक्ष चुना गया है। अकादमी के इस कदम की साहित्यप्रेमियों ने प्रशंसा की है। लेखिका डॉ घोगरा डूंगरपुर जिले में राजकीय शिक्षिका के तौर पर सेवाएं दे रही हैं। उपाध्यक्ष डॉ घोगरा ने कहा है कि वे अपना अधिकतम योगदान देते हुए अकादमी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी। अपनी पुस्तक मताई के लिए चर्चित रही डॉ घोगरा ने कहा कि उन्हें शुरू से ही साहित्य से गहरा लगा रहा लेकिन कभी सोचा नहीं था कि अकादमी उपाध्यक्ष के पद पर सेवाएं देने का मौका मिलेगा। इसी प्रकार से चूरू जिले के कमल कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। दोनों ही पदाधिकारियों का अकादमी की सरस्वती सभा के सदस्यों ने स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। सरस्वती सभा की प्रथम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इसमें अकादमी के बंद पड़े पुरस्कारों को पुनः शुरू करने, पुरस्कार राशि में वृद्धि कार्यक्रमों की राशि में वृद्धि, अकादमी अतिथि गृह निर्माण, साहित्यकार परिचय कोश, पांडुलिपि प्रकाशन योजना, मधुमती के आवरण परिवर्तन, प्रारंभ से अब तक मधुमती के समस्त अंकों का डिजिटलाईजेशन, अकादमी पुस्तकों की ऑनलाइन बिक्री, एक अप्रैल से 25 प्रतिशत छूट पर अकादमी पुस्तकों के विक्रय, दृश श्रव्य रिकॉर्डिंग कक्ष सहित विभिन्न विषयों को लेकर सरस्वती सभा ने चर्चा करते हुए निर्णय लिए।

- **अकादमी इतिहास में पहली बार भील आदिवासी महिला को मिला यह पद**

# रक्षा मामलों की समिति ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया

**जैसलमेर/पोकरण,** (निसं)। रक्षा संबंधी स्थायी समिति के लिए संसद सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने जैसलमेर के पास स्थित पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया और एकीकृत अग्नि शक्ति प्रदर्शन देखा।

उन्होंने बहुमुखी और स्वदेशी निर्मित हथियार प्रणालियों को भी देखा और लक्ष्य भेदने के प्रभाव के साथ मॉक युद्ध क्षेत्र की स्थिति में उनका जायजा लिया। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा प्रशिक्षण की भविष्य की आवश्यकताओं को अपनाने के लिए रेंज में मौजूदा और नियोजित बुनियादी ढांचे के विकास की भी समीक्षा की। समिति आज सोमवार को जैसलमेर का दौरा करेगी जहां उन्हें पुणे स्थित दक्षिणी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह द्वारा जानकारी दी जाएगी।

समिति में अध्यक्ष जुआल ओराम एम पी के साथ एससीओडी के 22 अन्य सदस्य हैं। एससीओडी एक समिति है जिसमें रक्षा नीतियों और रक्षा मंत्रालय के निर्णय लेने के विधायी अवलोकन के उद्देश्य से संसद के चयनित सदस्य शामिल हैं।



**रक्षा संबंधी स्थायी समिति के संसद सदस्यों ने जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज में शक्ति प्रदर्शन देखा।**

# विराट का अवार्ड के लिए चयन

**डूंडलोद,** (निसं)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। राष्ट्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने एक बहुउद्देशीय परियोजना का संचालन किया है। इसमें सबसे ज्यादा लोकप्रिय इंस्पायर पुरस्कार प्रेरित अनुसंधानद्ध योजना है। जिसमें कक्षा 6से 10 तक के स्कूल विद्यार्थी अपने नए नए आविष्कारों को विद्यालयों को प्रेषित करते हैं। जिसमें से कुल 5 विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स को विद्यालय नामित करता है। डूंडलोद पब्लिक स्कूलए डूंडलोद के कक्षा 7 के विद्यार्थी विराट शर्मा पुत्र कमल शर्मा का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए जिला झुंझुनूं से किया।

इससे विद्यालय परिवार मे हर्ष व्याप्त हो गया। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने मास्टर विराट की सफलता पर भौतिक शास्त्र प्रवक्ता राहुल मिश्रा तथा विराट के परिवारी जनों को बधाई दी। प्राचार्य जी. प्रकाश ने कहा कि सतत मिलने वाली सफलताएं कार्मिकों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 9 जनवरी, 2023**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, अश्लेषा नक्षत्र मंगलवार प्रातः 9:01 तक, विष्कुम्भ योग दिन 10:31 तक, गर करण प्रातः 9:40 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–वृष, बुध–धनु, गुरू–मीन, शुक्र–मकर, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज भद्रा रात्रि 10:55 से मंगलवार दिन 12:10 तक है। आज द्वितीया तिथि में वृद्धि हुई है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:39 तक, शुभ 9:57 से 11:15 तक, चर 1:52 से 3:10 तक, लाभ–अमृत 3:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:46

### मेष
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### वृष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मिथुन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कर्क
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### सिंह
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। धन हानि का भय है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार होगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### वृश्चिक
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### धनु
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मकर
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में आज धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### मीन
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# विधानसभा भवन रोशनी से जगमगाया



83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी समन्वय के लिए सम्मेलन की तैयारियों की जिम्मेदारियां दी गई है। विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति और उपसभापतियों का जयपुर में आगमन सोमवार 9 जनवरी से शुरू हो जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी इस अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों पर लगातार नजर रखे हुए हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर निर्देश प्रदान कर रहे हैं। विधानसभा भवन पर रोशनी-83 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दौरान रविवार 8 जनवरी से विधानसभा भवन पर रोशनी की गई है। यह रोशनी विधानसभा भवन पर 13 जनवरी तक की जायेगी। इस दौरान देश के विभिन्न भागों से आये अतिथि जयपुर में मौजूद रहेंगे।

## दीक्षांत समारोह में 123 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक



राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने रविवार को राजस्थान विश् वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां वितरित कीं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालयों में मौलिक स्थापनाओं को दिशा देने वाली शोध संस्कृति विकसित करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्राचीन ज्ञान के साथ वैश्विक स्तर पर हो रहे शोध व अनुसंधान से प्रत्यक्ष जुड़ने के अवसर मिलने चाहिए। राज्यपाल मिश्र रविवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में विश्वविद्यालय के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 32वें दीक्षान्त समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विगत परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 123 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर 8 संकायों में 395 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्रियां भी प्रदान की गई। समारोह में कुलपति प्रो. राजीव जैन, कुलसचिव नीलिमा तक्षक, सीनेट और सिंडिकेट सदस्यों के साथ शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

उधर दीक्षांत समारोह में 3 गोल्ड मैडल जीतने वाली मनीषा कुमारी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आज मुझे तीन गोल्ड मेडल मिले है। लेकिन इस खास पल को देखने के लिए मेरे माता-पिता को यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा समारोह में एंट्री नहीं दी गई, जो काफी दुःखद है। वही जब इस मामले पर यूनिवर्सिटी प्रशासन से सवाल किया गया। तो उन्होंने कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप सिर्फ छात्रों को ही प्रवेश देने की बात कही।

इससे पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय भवन के सामने स्थित उद्यान में शिला पट्टिका का अनावरण कर संविधान पार्क का शिलान्यास भी किया। राज्यपाल ने

- 8 संकायों के 395 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियां भी वितरित की गई
- राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी परिसर में संविधान पार्क का शिलान्यास भी किया

विश्वविद्यालय में इनोवेशन क्लस्टर को जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान परिषद् द्वारा ई-युवा सेंटर के रूप में विकसित करने की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे यहां पढऩे वाले विद्यार्थी शोध-अनुसंधान के वैश्विक नवाचारों से जुड़ सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में पढऩे वाले युवाओं को संविधान से जुड़े अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों और इसकी महान संस्कृति के बारे में जानकारी हो, इस उद्देश्य से राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क बनाने की पहल की गई है। उन्होंने भारतीय संविधान को विश्वभर के लोकतंत्रों की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या बताते हुए कहा कि संविधान देश को शासित करने से जुड़ा ग्रंथभर नहीं है, यह हमारी उदात्त जीवन परम्पराओं का संवाहक है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाने का आव्हान किया जिससे विद्यार्थी विषय के साथ आसपास के परिवेश के प्रति भी जागरुक बनें। उन्होंने परिसर में तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र को देश के अग्रणी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किए जाने का सुझाव दिया।

## बार-बार आंतों की सिकुड़न में बैलून से होगा इलाज

**जयपुर**,(कासं)। आंतों की बीमारी क्रोम्स के कारण बार-बार होने वाली सिकुड़न के लिए अब सर्जरी की आवश्यकता नहीं है। अब एंडोस्कोपी के जरिए ही बैलून डायलेटेशन की मदद से सिकुड़न को खोला जा सकता है। जापान के डॉ. हिरोनोरी यामामोटो ने यह जानकारी दी। रविवार को यहां जेईसीसी में इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023

- एसएमएस के डॉ. संदीप निझावन इंडियन सोसाइटी ऑफ गेस्ट्रो एंट्रोलॉजी के अध्यक्ष बने

का समापन हुआ। वहीं इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलोजी के अध्यक्ष अब एसएमएस हॉस्पिटल के डॉ. संदीप निझावन होंगे। वे राजस्थान से दूसरे अध्यक्ष हैं।

कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. रमेश रूप राय ने बताया कि इस चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से तीन हजार विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान 200 से अधिक रिसर्च पोस्टर प्रदर्शित हुए। ट्रेजरार डॉ. मुकेश कल्ला ने बताया कि अंतिम दिन में अलग-अलग तकनीकी सत्रों में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अनुराग गोविल, डॉ. अमित माथुर और डॉ. सुनील दाधीच ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. हिरोनोरी यामामोटो ने क्रोम्स डिजीज में नए उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब तक यही कहा जाता था कि क्रोम्स डिजीज में पहले आंत में घाव बनते थे और



डॉ.निलय

फिर आंत का वह हिस्सा सिकुड़ जाता था। इसके बाद सर्जरी करके काटकर बाकी का हिस्सा जोड़ना पड़ता था। कई बार यह होने पर परेशानी पैदा हो जाती थी। कई बार छोटी आंत की लम्बाई इसी वजह से कम हो जाती थी। अब इसे बैलुन डायलेशन की मदद से सिकुड़ी हुई आंत को एंडोस्कोपी के द्वारा खोल कर सही कर सकते हैं। इसमें सर्जरी की जरूरत नहीं होती है, एक बार नहीं कई बार एंडोस्कोपी के जरिए बिना सर्जरी के यह किया जा सकता है।

डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि अब एंडोस्कोपी के जरिए ही पेट में मौजूद कैंसर ट्यूमर को लाइव देखा जा सकता है। इसके लिए ऑप्टिक बायोप्सी प्रोसीजर किया जाता है, इसमें एंडोस्कोपी से ट्यूमर को देखते हैं, इसमें जूम की सहायता से ट्यूमर की सेल्स की आसानी से देखी जा सकती है। ऐसे में देखने मात्र से ही बिना बायोप्सी के पता लगाया जा सकता है कि ट्यूमर कैंसर का तो नहीं है। वहीं ईएसडी और ईएमआर नए एंडोस्कोपी प्रोसीजर हैं, जो कैंसर का पहले ही पता लगाने में कारगर साबित होते हैं।

## प्रवासी प्रकोष्ठ का संगठन में बहुत महत्व है : डॉ. सतीश पूनियां

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर के इंद्रलोक ऑडिटोरियम में आयोजित प्रवासी प्रकोष्ठ की कार्यशाला कुल 5 सत्रों के साथ संपन्न हुई। कार्यशाला में देश भर से आए प्रवासियों ने अपने अपने राज्यों के कल्चर के साथ भाग लिया। उद्घाटन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूनिया ने कहा कि राजस्थानी समाज का योगदान अतुल्य है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से अरुणाचल प्रदेश के अंतिम छोर तक हमारा राजस्थानी व्यापारी ने अपनी अलग पहचान बना रखी है। प्रवासी प्रकोष्ठ का संगठन में बहुत महत्व है। पहले यह कहा जाता था कि जहां ना पहुंचे मालगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी। इसके बाद यह कहा गया जहां ना पहुंचे बैलगाड़ी वहां पर पहुंचे मारवाड़ी। उन्होंने कहा कि प्रदेश संयोजक राजू भाई मंगोड़ीवाला ने जो शुरुआत की है वो बहुत अच्छी शुरुआत है और शुरुआत से ही आधे काम ऐसे ही हो जाते हैं। पूनिया ने कहा कि प्रवासी शांति और



जयपुर के इंद्रलोक ऑडिटोरियम में आयोजित प्रवासी प्रकोष्ठ की कार्यशाला का प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन किया।

सुरक्षा के साथ-साथ व्यापार चाहता है। प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता सुरक्षित नहीं है तो वह प्रवासियों की क्या करेगी। उन्होंने कहा की आगामी चुनाव में प्रवासी से जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। समापन सत्र में संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवासी समाज देश की बहुत बड़ी ताकत है। भारत विश्व गुरु की ओर अग्रेषित है। हमें विश्व विजेता नहीं अपितु विश्व गुरु बनना है। इस सत्र में प्रवासी प्रकोष्ठ के

- चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, पुणे, उड़ीसा सहित देशभर के प्रवासियों ने खुले मंच में की चर्चा

कार्यकारिणी सदस्य डॉ दिलीप अरोड़ा ने जी-20 की स्लाइड पर प्रकाश डाला।

चेन्नई, उड़ीसा, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, तेलंगाना, हैदराबाद, दिल्ली, पंजाब सहित देश के कोने कोने से प्रवासियों ने भाग लिया। करीब 100 से ज्यादा प्रतिनिधिमंडल ने भी अपने अपने क्षेत्र से जुड़े विषयों के बारे में चर्चा की।

कार्यशाला के तीसरे सत्र में आयोजित की गई सामूहिक परिचर्चा में प्रवासियों का उत्साह बढ़ता दिखा। प्रवासियों ने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए मंच पर आसीन अतिथियों से अपने अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी दी। इस परिचर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का मार्गदर्शन मिला।

## परिवर्तन लाने में समाज की भूमिका बड़ी : निम्बाराम

**जयपुर**। परिवर्तन सत्ता के बल पर नहीं आता बल्कि समाज के भीतर जन्म लेता है। अच्छी पहल कर सकारात्मकता बढ़ाते हैं तो समाज के बल पर परिवर्तन लाया जा सकता है। समाज में जीवन मूल्य, नैतिक मूल्य व सदाचार को लेकर चलने की क्षमता है। इसलिए समाज की भूमिका बड़ी है। हम सभी हिन्दू समाज के घटक हैं। कोई हिन्दू पतित नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने ये विचार व्यक्त किए।

## नवमतदाता के बीच जाकर युवा विरोधी नीतियों पर चर्चा करना : डॉ. पूनियां

**जयपुर**।भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के नव मतदाता अभियान को लेकर कार्यशाला में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, प्रदेश मंत्री मधु कुमावत एवं नव मतदाता अभियान प्रभारी हिमांशु शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के संयोजक और सह संयोजकों ने भाग

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकहित की योजनाएँ में सर्वाधिक योजनाएं युवाओं के लिए हैं : विजया राहटकर

लिया। कार्यशाला में डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि 2023 में कॉंग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नव मतदाताओं की अहम भूमिका है। कार्ययोजना से कार्य करने पर ही नव मतदाता प्रभावी रूप से भाजपा से जुड़ेंगे। उनके बीच जाकर कॉंग्रेस की युवा विरोधी नीतियों की चर्चा करना नव मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने में सहायक होगी। विजया राहटकर ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश को बनाता है, सपनों को पूरा करने की ताकत युवाओं में होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितनी भी योजनाओं का लाए, उनमें सर्वाधिक योजनाएं युवाओं के लिए है, योजनाओं को युवाओं तक पहुंचा कर अपने से जोड़ना है। देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए युवाओं का जागृत होना बहुत जरूरी है। नव मतदाताओं में बहुत जोश होता है। उनके जोश को सही दिशा दिखाने का काम भाजपा कर रही हैं।अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं, खेल के मैदान, कोचिंग, लाइब्रेरी आदि में जाकर नव मतदाताओं को जोड़ना है।

चन्द्रशेखर ने कहा कि किसी भी अभियान को पूरा करने के लिए एक अच्छी टीम की आवश्यकता होती है।

## दो जिलों में 5 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में रविवार को 5 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इस बीच 16 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 68 रह गए हैं। वहीं पिछले चौबीस घंटों में इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में रविवार को जयपुर में 3 और उदयपुर में 2 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में शनिवार को 7 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज दुर्गापुरा, कानोता और शास्त्री नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 5901 सैंपल की जांच की गई।

राज्य में रविवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 16 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 68 रह गए हैं। इनमें से 62 मरीज जयपुर में है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## "कौन देश को वासी" उपन्यास में मनुष्यता बचाये रखने का सन्देश है : सूर्यबाला

**जयपुर**, (का.सं.)। स्पंदन महिला साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्थान जयपुर और राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूर्य बाला के बहुचर्चित उपन्यास 'कौन देश को वासी, वेणु की डायरी' पर संगोष्ठी का आयोजन अकादमी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का आग़ाज़ शिवानी जयपुर की मधुर सरस्वती वंदना से हुआ। स्पंदन अध्यक्ष नीलिमा टिक्कू ने बताया कि सूर्यबाला पर साहित्य समर्था पत्रिका विशेषांक प्रकाशित किया जा चुका है। वे कहानी.उपन्यास और व्यंग्य की कई किताबें लिख चुकी हैं। उनके इस उपन्यास को 2020 पृथ्वीनाथ भान सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। विदेश में पढाई और नौकरी करते हुए युवाओं और उनके अभिभावकों की मन:स्थितियों को लेकर मानवीय संवेदनाओं के इर्द गिर्द बहुत ख़ूबसूरती से बुना गया यह उपन्यास दो संस्कृतियों के सकारात्मक-नकारात्मक पहलुओं को दर्शाता विशाल कैनवास पर लिखा गया सशक्त उपन्यास है।

कार्यक्रम के आरम्भ में राजस्थान हिन्दी अकादमी के निदेशक बजरंग लाल सैनी ने सबका स्वागत करते हुए राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी के साहित्य के प्रति किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि




स्पंदन महिला साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्थान जयपुर और राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूर्य बाला के बहुचर्चित उपन्यास 'कौन देश को वासी, वेणु की डायरी' पर संगोष्ठी का आयोजन अकादमी परिसर में किया गया।

फ़ारूक़ आफ़रीदी ने उपन्यास को एक मील का पत्थर बताया जिसमें प्रवासी भारतीयों और अभिभावकों का विस्तार से वर्णन है। अंतिम सत्य मनुष्यता बनी रहे यही कामना है। प्रो.प्रबोध गोविल ने कहा ये उपन्यास अल्टिमेट है। डॉ. सुषमा सिंघवी ने उपन्यास में पराए देश के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नन्द भारद्वाज ने उपन्यास की नीर क्षीर सम़ीक्षा की।

सूर्यबाला ने कहा कि प्रवासी भारतीय होना भारतीय समाज की महत्वकांक्षा भी है, सपना भी है। क्या है मनुष्य की प्रगति और सभ्यताओं के चरम विकास की नियति-लालसाओं के चक्रवात में फँसे जब हम अपनी धरती छोड़ते हैं तो कब तक और कितनी छूट पाती है वह हमसे-अपने देश में रहते हुए हम क्यों नहीं करते उसे महिमा मंडित? कहाँ किस बिंदु पर मिलती है सुख सुविधाओं, सच और झूठ, सफलता और असफलता की विभाजक रेखाएँ और कहाँ पहुँच कर सब कुछ पाने के बाद भी जीवन छूँछा होने लगता है। कहां पूरी होती है जीवन की असली तलाश उत्तर आधुनिकता ने समाज को-विवाह संस्था-सम्बंधों का सन्नाटा मचा हुआ है। रिश्ते-मानवीय सम्बंध से परे हम कौन सा जीवन जी रहे हैं। दर्द का हद से गुज़र जाना ही उपन्यास लिखने का कारण बना इसी पर यह उपन्यास केन्द्रित है।


**खोरा मीणा गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**

क्रमांक: SP-01 सार्वजनिक नोटिस दि. 07/01/23

खोरा मीणा गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की प्रबन्धकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के चुनाव हेतु प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 07/01/23 को कर दिया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम समिति के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी सदस्य को प्रस्तावित मतदाता सूची पर कोई आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति मय ठोस सबूत के समिति कार्यालय में दिनांक 13/01/23 को दोपहर 01:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। **निर्वाचन अधिकारी, खोरा मीणा गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**

**खोया पाया**

रजनी कालरा पत्नी श्री योगेन्द्र कालरा प्लाट नं. 83/24, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के मूल कागजात खो गये, मिलने पर सूचित करें- 8963008018

**नाम परिवर्तन**

मैं ललिता देवी धर्मपत्नी अशोक कुमार उम्र 46 वर्ष जाति हरिजन निवासी-हरिजन बस्ती सीताबाड़ी झोडवाडा जयपुर यह मेरा वास्तविक नाम है। भविष्य में मुझे ललिता देवी के नाम से जाना जावे मेरे पुत्र नाथूलाल के स्कूल रिकॉर्ड में माता का नाम किरण के स्थान पर ललिता देवी अंकित किया जाए।

Azadi Ka Amrit Mahotsav | पावरग्रिड POWERGRID | G20 भारत 2023 INDIA

**सूचना**

1. सीईआरसी (व्यापार का संचालन) विनियम, 1999 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2014 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2019 के विनियम-86 के तहत (i) टैरिफ ब्लॉक 2014-19 के लिए पारेषण प्रभार के ट्रूइंग अप और (ii) "चरण-I- एकीकृत रीयल टाइम गतिशील स्थिति मापन परियोजना के तहत दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र की संपत्ति के लिए टैरिफ ब्लॉक 2019-24 के लिए पारेषण प्रभार के निर्धारण का अनुमोदन"।
2. उपरोक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (क) केपीटीसीएल (ख) एपीट्रांस्को (ग) केएसईबी (घ) टीएनईबी (ङ) गोवा बिजली विभाग (च) पुदुचेरी बिजली विभाग (छ) एपीईडीसीएल (ज) टीएसएसपीडीसीएल (झ) एपीएसपीडीसीएल (ञ) टीएसएनपीडीसीएल (ट) बीईएससीओएम (ठ) जीईएससीओएम (ड) एचईएससीओएम (ढ) एमईएससीओएम (ण) चामुंडेश्वरी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड (त) ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ तेलंगाना लिमिटेड (थ) टीएएनजीईडीसीओ (द) टीएनटीसी (ध) डब्ल्यूकेटीएल (न) एपीएसपीसीपीएल और: (1) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (2) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (3) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (4) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि. (5) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (6) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (7) जम्मू कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (8) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (9) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (10) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (11) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (12) चंडीगढ़ प्रशासन (13) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (14) उत्तर मध्य रेलवे (15) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद
3. टैरिफ विवरण: क) 2014-19 ब्लॉक: रु. लाख में

| याचिका संख्या | संपत्ति | | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| याचिका 1 | संपत्ति 1 | एएफसी का अनुमोदन | 196.96 |
| | | ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | 188.16 |
| | संपत्ति 2 | एएफसी का अनुमोदन | 392.65 |
| | | ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | 389.40 |

ख) 2019-24 ब्लॉक: रु. लाख में

| याचिका संख्या | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| संपत्ति 1 | 200.95 | 230.08 | 664.17 | 280.57 | 171.76 |
| संपत्ति 2 | 620.94 | 676.76 | 848.05 | 1070.23 | 882.34 |

4. टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है
5. आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हो, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, तीसरी और चौथी मंजिल, चंद्रलोक बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली-110 001 (या आयोग के कार्यालय के अन्य पते पर) के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक के कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित दायर की जानी चाहिए।

स्थान: गुड़गांव | हस्ता/-
दिनांक: 03.01.2023 | मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
कार्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, (हरियाणा) फोन: 0124-2571700-719
पंजी. कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016. फोन: 011-26560112, 26560121
www.powergrid.in, CIN: L40101DL1989GOI038121
महारत्न पीएसयू
PG/CC/Notice-43/Advt-70/2022-23

# बहरोड जिला अस्पताल गोलीकांड के आरोपियों को छुड़ाने थाने पहुंचे सांसद बालकनाथ

## बहरोड में डीवाईएसपी तथा थाने के डीओ को बर्खास्त कराने की मांग को लेकर समर्थकों के साथ धरने पर बैठे सांसद बालक नाथ

**बहरोड़/भिवाड़ी,** (निसं)। बहरोड़ पुलिस द्वारा 4 लोगों को जिला अस्पताल बहरोड़ में हुई गोलीकांड की घटना की जांच के मामले में पकड़ने पर बहरोड़ थाने के सामने उनको छुड़ाने के लिए अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने सैकड़ों लोगों के साथ सीधे थाने में घुसकर डीवाईएसपी आनंद राव तथा थाने के डीओ भीम सिंह को बर्खास्त कराने के लिए उप अधीक्षक कार्यालय पर धरने पर बैठने के चलते भिवाड़ी एसपी ने देर शाम पहुंचकर मामला शांत कराया।

गौरतलब है कि 5 जनवरी को विक्रम उर्फ लादेन गैंगस्टर पर गैंगस्टरों द्वारा किये गये गोलीकांड जांच करने के दौरान बहरोड़ पुलिस द्वारा एडवोकेट राजाराम, हितेंद्र, निशांत तथा नूतन सैनी को पूछताछ के लिए पकड़ने पर अलवर सांसद बालक नाथ योगी के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी छोटे नेताओं से लेकर कद्दावर नेता नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारी आनंद राव तथा डीओ भीम सिंह को बर्खास्त करने को लेकर धरने पर बैठने से जिला पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बहरोड़ पहुंचकर अलवर सांसद बालक नाथ के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों से घटनाक्रम की जानकारी लेकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

जिसके अंत में पुलिस अधीक्षक ने धरने पर बैठे लोगों के बीच जाकर संपूर्ण मामले की उचित जांच कर 5 दिन में पकड़े गए चार लोगों के मामले में उचित कार्यवाही करते हुए न्याय करने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र के कुछ लोगों ने जब दोनों को ही तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कराने का प्रयास किया तो जैसे तैसे एसपी ने 5 दिन का समय लेते हुए मामले की जांच कर उक्त मामले में कानूनी प्रक्रिया से जांच की जाएगी जिसके बाद ही कोई निर्णय पर पहुंचा जा सकता है।



बहरोड़ पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ सांसद बालकनाथ योगी।

- **भिवाड़ी एस पी ने बहरोड़ पहुंचकर मामला शांत कराया**

इस दौरान अलवर सांसद बालक नाथ योगी के नेतृत्व में अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, बहरोड़ प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव, विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र यादव, भाजपा अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव, पूर्व प्रधान रोहताश यादव, भाजपा के देवेंद्र यादव, डॉक्टर नीलम यादव, आर एस एस एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश यादव तथा पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा तंत्र के लोगों सहित बड़ी तादाद में अलग-अलग समूह के समर्थक उपस्थित रहे।

# घने कोहरे ने तीन लोगों की जान ली

## नहर में कार के गिरने से हुई मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। क्षेत्र में घने कोहरे ने तीन लोगों की जान ले ली। विजिबिलटी कम होने के कारण कार गंगनहर में गिर गई। इसमें फंसे दो दोस्तों की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

एक्सीडेंट गंगानगर के साधुवाली में देर रात करीब 11 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार हादसे में साधुवाली के रहने वाले दो किसान व एक पंजाब के किसान की मौत हो गई। मृतक रवींद्र (30 ) पुत्र सुभाष पंजाब के गांव गुमजाल का रहने वाला है। अजमेर सिंह (45) पुत्र सुरजीत सिंह और संजय (36 ) पुत्र पूर्ण सिंह साधुवाली के ही रहने वाले हैं।

दरअसल, तीनों किसान अपने एक परिचित के खेत पर गए थे। वहां से लौटते समय ये लोग खेत से नहर की पुलिया पर चढ़े ही थे। इस दौरान कार की स्पीड बढ़ाने से हादसा हो गया। कार के नहर में गिरते ही दरवाजा खुल गया, लेकिन केवल संजय ही कार से बाहर निकल पाया। अजमेर सिंह और रवींद्र सिंह कार में फंसे रह गए। संजय ने कार से निकलकर किनारे की तरफ जाकर मोबाइल की रोशनी की। इसी दौरान करीब से निकल रहे एक कार ड्राइवर ने संजय को बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

- **गाड़ी के अंदर फंसे दो दोस्तों की नहर में डूबने से हुई मौत एक ने अस्पताल में दम तोड़ा**
- **मोबाइल टॉर्च जलाकर मदद मांगता रहा घायल**

रात होने के कारण बाकी दोनों शवों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। रविवार सुबह नहर में फिर सर्च किया गया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर अजमेर सिंह और रवींद्र के शव मिले। घटना की जानकारी मिलने पर सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। वहीं, मृतकों के परिवार को जब इसकी जानकारी दी गई तो वहां कोहराम मच गया। तीनों के शव श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाए गए हैं।

# गौवंश से भरे वाहन सहित एक को पकड़ा, दो फरार

**खैरथल,** (निसं)। समीपवर्ती ततारपुर थाना पुलिस ने कत्लखाने को एक कैंट्रा वाहन में क्रुरता पूर्वक भरे गौवंश के सहीत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि उसके दो साथी कोहरे का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहे।

थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर रविवार की भोर में करीब 4 बजे एक कैंट्रा वाहन का पीछा करते हुए काशिया की ढाणी के समीप घेर कर तलाशी ली तो उसमें क्रूरता पूर्वक ढंग से 14 गौवंश भरे हुए थे जिनमें 5 मर चुके थे जबकि शेष 9 गौवंश को मुक्त कराया गया।

पुलिस ने मौके पर अल्ली उर्फ अली मोहम्मद पुत्र खानु जाति तेली मुस्लिम निवासी राणीया मोहल्ला,बीमा थाना फिरोजपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कैंट्रा वाहन, रस्सी के 14 टुकड़े बरामद किए गए।

उन्होंने बताया कि उसके दो साथी सन्नी भड़भूजा निवासी घाटमीका थाना पहाड़ी भरतपुर और खालिद पुत्र अब्दुल करीम निवासी मिर्जापुर थाना किशनगढ़बास कोहरे और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहे,जिनकी तलाश की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में गौ तस्कर।

पुलिस की स्पेशल टीम में थानाधिकारी शेर सिंह के साथ शिव दयाल, दीपांशु,बिंटू कुमार व अनिल शर्मा शामिल रहे।

# एमडीएस की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के छात्रों की शनिवार देर रात मोटरसाईकल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें एम.एस.सी.रसायन शास्त्र की छात्रा आस्था गौतम की मौके पर ही मौत हो गई वही दो छात्र घायल हो गये है। मृतक छात्रा जयपुर के मानसरोवर निवासी 23 साल की आस्था गौतम है। वहीं घायलों में उदयपुर वाटिका झुंझुनूं निवासी अंकित जांगिड़ और चौमू निवासी सर्वेश स्वामी है। घायल छात्रों के सर में टांके आए हैं और पैर फेक्चर भी हैं। तीनों महर्षि दयानन्द सरस्वती विवि में केमेस्ट्री पीजी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र है। वे अजमेर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे।



मृतका आस्था गौतम

- **शोक सभा एवं शैक्षणिक अवकाश आज, दो छात्र घायल**

मृतका छात्रा और दोनों छात्र विश्विद्यालय के पास स्थित कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। रात करीब साढे 11 बजे किसी रेस्टोरेंट पर खाना खा कर आ रहे थे। अशोक उद्यान के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। हादसे में आस्था की मौके पर ही मौत हो गई। सर्वेश व अंकित घायल हो गए। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची। शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। दोनों घायल छात्रों का जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन पर कुलपति के आदेश अनुसार शोक सभा बृहस्पति भवन के सामने सोमवार दोपहर एक बजे होगी। शैक्षणिक कार्यों का अवकाश रहेगा तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाएं यथावत रहेंगी।

## चूरू में पारा -0.5 डिग्री दर्ज

**चूरू,** (कासं)। रविवार को चूरू में पारा माइनस में रहा। ऐसे में यहां सर्दी और बढ़ गई। हालांकि यहां अधिकतम तापमान में भारी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को चूरू में न्यूनतम तापमान माइनस 0.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज यहां अधिकतम तापमान में 4.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। दो दिन में कुल मिलाकर यहां अधिकतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। जबकि न्यूनतम तापमान में आज 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

# फर्जी पट्टे जारी करने वाले काछोला सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही ठंडे बस्ते में

**मांडलगढ,** (निसं)। मांडलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत काछोला में सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी ने सरकारी बेशकीमती भूमि में 50 से अधिक पट्टे नियम विरुद्ध जारी किए । जिससे पंचायत को करोडों के राजस्व की चपत लगी । इस मामले में विभागीय जांच में सरपंच ओर बीडीओ को दोषी मान भीलवाडा ज़िला परिषद सीईओ ने दो माह पूर्व दोनों आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सम्भागीय आयुक्त को पत्र प्रेषित किया लेकिन अब कार्रवाही को ठंडे बस्ते में डाल सरपंच ओर बीडिओ को बचाया जा रहा हैं।

मांडलगढ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि काछोला सरपंच प्रहलाद नट ओर बीडीओ गोरधन पूरी ने पंचायत की व्यवसायिक और आबादी भूमि में अतिक्रमियों को 200 रुपए में नियम विरुद्ध करीब 57 पट्टे जारी किए हैं और सरपंच ने दबंगई जता वर्तमान बीडीओ नरेंद्र मिश्रा के साथ मारपीट करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। प्रशासनिक जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी राज्य की कांग्रेस सरकार के नेता अफसर दोषी सरपंच ओर तत्कालीन बीडीओ को बचाने में लगे हैं।



आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सरपंच संघ ने बीडीओ को ज्ञापन दिया।

- **विभागीय जांच में सरपंच ओर बीडीओ के खिलाफ सीईओ ने सम्भागीय आयुक्त को पत्र लिखा**

विधायक ने बताया कि सरपंच द्वारा जारी किए गए 16 पट्टों की जाँच रिपोर्ट पंचायतराज विभाग जयपुर को पत्र क्रमांक 952,9 सितम्बर 2022 को ओर जिला परिषद भीलवाड़ा मुख्य कार्य कारी अधिकारी ने पत्र क्रमांक 1608-10, 4 नवम्बर 2022 को सम्भागीय आयुक्त अजमेर को प्रेषित कर दी गई थी। वहीं भीलवाडा कलेक्टर के यहां 16 पट्टों की निरस्त करने के लिए मांडलगढ़ पँचायत समिति विकास अधिकारी द्वारा निगरानी दायर करा रखी हैं।

विधायक ने कहा कि दोषी सरपंच प्रहलाद नट ओर बीडीओ गोरधन पूरी को तत्काल निलंबित कर पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया तो भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन किया जाएगा और विधानसभा में मामला उठाया जाएगा।

उधर काछोला में पंचायत बचाओ संघर्ष समिति द्वारा सरपंच प्रहलाद नट के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और एक सप्ताह से धरना जारी है। संघर्ष समिति ने बताया कि सरपंच की गिरफ्तारी और बर्खास्त नहीं होने पर सोमवार से बाजार बंद करा कर चक्काजाम किया जाएगा। सरपंच प्रहलाद नट द्वारा बीडीओ नरेंद्र मिश्रा के साथ मारपीट के मामले में ग्राम विकास अधिकारी संघ द्वारा मांडलगढ पंचायत समिति में सरपंच की गिरफ्तारी होने तक धरना जारी रखने का निर्णय किया है । काछोला सरपंच का कहना है कि ग्रामीणों को पट्टे नियमानुसार दिए है और मुझ पर लगाए जा रहे अन्य आरोप निराधार हैं ।

# एयर कमोडोर जेपीएस बैंस रोहट जम्बूरी में पहुंचे

## सभी संभागियों को वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया

**जोधपुर,** (कासं)। वायु सेना स्टेशन जोधपुर के एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर कमोडोर जेपीएस बैंस ने रविवार को पाली जिले के रोहट में चल रही 18वीं राष्ट्रीय स्कउट गाड जम्बूरी में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस जम्बूरी में भारत के साथ-साथ अन्य देशों के लगभग 37000 स्काउट भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एयर कमोडोर जेपीएस बैंस को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की। अपने उद्बोधन में एयर कमोडोर जेपीएस बैंस ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन निश्चित रूप से भारत स्काउट और गाइड के देशभक्ति, ईमानदारी और सर्वोपरि मानवीय मूल्यों के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने प्रतिभागियों को भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वाणिज्यिक सहायक-द्वितीय की काउंसलिंग 10 जनवरी से

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम के पंचशील स्थित मुख्यालय में नव चयनित वाणिज्यिक सहायकों- द्वितीय के पदस्थापन के लिए काउंसलिंग 10 जनवरी से आयोजित की जाएगी। यह काउन्सलिंग 10, 11, 17 व 18 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इस दौरान टीएसपी क्षेत्र के लिए 132 अभ्यर्थियों तथा नॉन टीएसपी क्षेत्रों के 182 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जाएगी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सचिव प्रशासन एनएल राठी ने बताया कि हाल ही में अजमेर डिस्कॉम के लिए चयनित 314 वाणिज्यिक सहायक-द्वितीय की काउंसलिंग 10,11,17 व 18 जनवरी को पंचशील स्थित अजमेर डिस्कॉम के मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन 10, 11 व 17 जनवरी को 90 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जाएगी तथा अंतिम दिन 18 जनवरी को 44 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जाएगी । उन्होंने बताया कि निगम की काउंसलिंग पॉलिसी के तहत दिव्यांग, विधवा, तलाकशुदा महिला, निगम कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला अभ्यर्थियों को पदस्थापन में प्राथमिकता दी जाएगी। सचिव प्रशासन राठी ने बताया कि काउन्सलिंग प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित की जाएगी। प्रतिदिन सुबह 10 से 1:30 तथा दोपहर 2 से 5:30 के मध्य काउन्सलिंग का आयोजन होगा। प्रत्येक पारी में 45 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जाएगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी रिपोर्टिंग के लिए आधा घंटे पहले पहुंचे तथा अपने आवश्यक दस्तावेज ( जैसे-आधार कार्ड, कलर फोटोग्राफ, प्रवेश पत्र की प्रति तथा अन्य दस्तावेज जो निगम की वेबसाइट में दर्शाए गए है) साथ मे लाना सुनिश्चित करे।

- **314 पदों के लिए होनी है काउन्सलिंग, इसमें 132 टीएसपी क्षेत्रों के**

अजमेर विद्युत वितरण निगम के जॉइंट डायरेक्टर आर.के.अरोड़ा ने बताया कि किसी अभ्यर्थी के काउंसलिंग दिवस पर देरी से आने की अवस्था में तत्समय उपलब्ध शेष रही रिक्तियों में से ही चयन की अनुमति दी जाएगी। जिन चयनित अभ्यर्थियों ने पदस्थापन हेतु आवेदन नहीं दिया है या आयोजित काउन्सलिंग में हिस्सा नहीं लिया है तो उन्हें काउन्सलिंग प्रक्रिया पश्चात् उपलब्ध शेष रहे पदों पर पदस्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि काउन्सलिंग के लिए सभी अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से तथा उनके रजिस्टर्ड नम्बर पर कॉल कर उन्हें सूचित कर दिया गया है। इसके अलावा कोई भी अभ्यर्थी निगम की वेबसाइट से भी काउन्सलिंग संबंधित सभी जानकारी हासिल कर सकता है।

## जोधपुर रेलवे स्टेशन बनेगा विश्वस्तरीय

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे प्रशासन द्वारा जोधपुर स्टेशन का विश्वस्तरीय विकास किया जायेगा। इसके लिए 474 करोड़ रू. का कार्य अवार्ड किया गया है एवं कार्य प्रगति पर है। 36 महीनों में स्टेशन पुनर्विकास का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक विजय शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में जोधपुर स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य बेंगलुरु की कंस्ट्रक्शन कंपनी को जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा प्रतिनिधि नियुक्त कर स्टेशन विकास के लिए संसाधन जुटाने के प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं।

वर्तमान जोधपुर स्टेशन पर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्य स्टेशन भवन में मल्टी लेवल कार पार्किंग, आगमन, प्रस्थान के लिए अलग-अलग गेट, सुरक्षा जांच क्षेत्र, 72 मीटर चौड़ाई का कॉन्कोर्स एरिया सहित 32 नई लिफ्ट एवं 16 नये एस्केलेटर लगाकर मौजूदा संख्या को बढ़ाया जाएगा। स्टेशन पर मौजूद दोनों फुटओवर ब्रिज को स्काई वॉक से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन पर अनारक्षित प्रतीक्षालय, एक्जिक्यूटिव प्रतीक्षालय, खुदरा स्टालें, शौचालय, शिशु आहार कक्ष के साथ ही समस्त प्रकार की आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्टेशन के पुनर्विकास में सूर्यनगरी की समृद्ध विरासत का ध्यान रखा जाएगा।

# आप बैंक से ऋण लें, आपके गारंटर स्वयं मोदी हैं: निर्मला सीतारमण

## कोटा में बना कीर्तिमान, 33834 लाभार्थियों को दिया 1580 करोड़ का ऋण

**कोटा,** (निसं)। कोटा के नाम रविवार को एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ। यहां दशहरा मैदान में आयोजित विशाल ऋण वितरण मेले में 33834 लाभार्थियों को 1579.56 करोड़ का ऋण जारी किया गया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लाभार्थियों को ऋण राशि के चैक वितरित किए।

एक ही आयोजन में लाभार्थियों की संख्या और जारी की गई ऋण राशि की दृष्टि से यह देश का अब तक सबसे बड़ा और सफल ऋण वितरण मेला रहा। लाभार्थियों में सड़क पर सब्जी, फल, फूल, चाय-नाश्ता तथा अन्य फुटकर सामग्री बेचने वाले स्ट्रीट वेंडर्स से लेकर लघु उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, पशुपालक, किसान, युवा आदि शामिल हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के नवनिर्माण में हर व्यक्ति का योगदान हो।

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ी पहल है। इसके बेहद सफल और उत्साहजनक परिणाम जल्द सामने आएंगे। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोटा की धरती से देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स, युवाओं, किसान, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों महिलाओं का आदि का आव्हान किया कि अपनी आर्थिक समृद्धि के लिए वे बैंक से ऋण लें। आपको वहां सोना, जमीन या अन्य किसी चीज की गारंटी देने की जरूरत नहीं हैं, आपके गारंटर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वे दशहरा मैदान में आयोजित विशाल ऋण वितरण मेले को संबोधित कर रही थी।

निर्मला सीमारमण ने कहा कि देश के बैंक अब आम आदमी और गरीब के साथ हैं। यही कारण है कि कोटा में हम एक ही दिन में 1580 करोड़ के ऋण जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के पीछे स्पीकर ओम बिरला की बड़ी प्रेरणा रही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महिलाओं का आव्हान किया कि वे आगे आएं और कृषि उपज समूह तैयार करें। इस उपज को उत्पन्न करने, उसके प्रसंस्करण और उसके भंडारण की व्यवस्था के लिए उन्हें बहुत कम दर पर लोन मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि लोक सभा अध्यक्ष के पास सदन के काम का बहुत भार होता है पर वे कोटा को कभी नहीं भूलते।




ऋण वितरण मेले में लाभार्थियों को चैक सौंपती वित्त मंत्री सीतारमण व लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला।

- **कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ी पहलः ओम बिरला**

स्पीकर बिरला ने कहा कि मेरा सपना है कि कोटा में पशुपालकों को ऋण के माध्यम से इतना सक्षम बनाए कि कोटा की धरती नई श्वेत क्रांति का केंद्र बने। यहां घर में पशुपालन हो और सामूहिक प्रयासों से हम यहां कोटा में अमूल से बड़ा ब्रांड खड़ा करें। बिरला ने कहा कि इतनी सर्दी में भी उन्होंने कोटा आकर स्ट्रीट वेंडर्स, पशुपालकों, महिलाओं के लिए अपना कमिटमेंट प्रदर्शित किया है।

## संक्षिप्त

### कैदी के बिस्तर पर फोन मिला

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की सेन्ट्रल जेल में बंद एक बंदी के बिस्तरों में मोबाइल मिला है। इस घटना के संबंध में अशोक कुमार प्रहरी केंद्रीय कारागृह, जयपुर ने लालकोठी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जांच-अधिकारी एएसआई कैलाश ने बताया धोखाधड़ी के मामले में झोटवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपित राजवीर सेन्ट्रल जेल में बंद है। इसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। घटनाक्रम के मुताबिक 5 जनवरी को जेल में औचक निरिक्षण के दौरान बंदी राजवीर के बिस्तरों में नोकिया का की-पैड मोबाइल मय सिम बरामद हुआ है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बदमाशों ने छीना युवक का मोबाइल

**जयपुर** (कासं)। लालकोठी इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया राजनगर, मुहाना निवासी गौरव धाकड 7 जनवरी की दोपहर अजमेरी गेट किसी काम से आया था। यहां स्लिप लाइन में बाइक सवार पीछे से आकर झपट्टा मार मोबाइल छीन ले गए और जाते समय धक्का मार गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### खुली जेल से हत्या का आरोपी फरार

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना स्थित खुली जेल से हत्या का आरोपी फरार हो गया। थानाधिकारी सतीश चंद ने बताया बड़ी उदई, गंगापुर निवासी आशीष पराशर हत्या के मामले में इलाके स्थित डॉ. सम्पूर्णानन्द खुला शिविर, सांगानेर में सजा काट रहा था। घटनाक्रम के मुताबिक 6 जनवरी की शाम बंदी आशीष अचानक शिविर से फरार हो गया। पुलिस शिविर इंचार्ज श्रीराम चरण मीणा की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर बंदी की तलाश में जुटी है।

### मारपीट करने वाले दो आरोपी पकड़े

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने घर में घुस कर युवक से मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया गिरफ्तार आरोपित सौरभ कुमार बैरवा उर्फ़ मनोज (22) और मामून उर्फ़ साहिल उर्फ़ कर्नल (27) गंगापुर सिटी हाल नंदपुरी कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ 2 जनवरी को गाली गलौच से हुई कहासुनी के बाद घर में घुस कर संदीप कुमार नेहरा से मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ इलाके में एक व्यक्ति से लाखों रूपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया आनंदम सोसायटी, हाथोज निवासी अवधेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दी है। आरोप है 6 जनवरी को जालसाज ने बैंककर्मी बनकर कॉल किया और झांसे में लेकर खाता संबंधी जानकारी ले ली। इसके बाद बैंक खाते से 476363 रूपए पार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**जयपुर** (कासं)। विश्वकर्मा इलाके में एक युवक के साथ नौकरी के नाम पर ठगी हो गई। जांच-अधिकारी हैडकांस्टेबल प्रेम कुमार ने बताया श्रीजी कॉलोनी निवासी भूपेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दी है। आरोप है दोस्त अजय मीणा के साथ विनोद मीणा रहता है, जिसने रेल्वे में नौकरी लगवाने के नाम पर दिसंबर माह में 3 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### जब्त ई-रिक्शा चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर** (कासं)। माणक चौक इलाके में चोर पुलिस द्वारा जब्तशुदा ई-रिक्शा चुरा ले गए। पुलिस ने बताया 6 जनवरी को जोरावर गेट पर एक्सीडेंट में ई-रिक्शा चालक घायल हो गया था। एक्सीडेंट नॉर्थ पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज ई-रिक्शा जब्त कर थाने में जगह के अभाव के कारण दुकान संख्या-66 के सामने खड़ा कर दिया था। इस दौरान रात में चोर ई-रिक्शा चुरा ले गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# विद्याधर नगर में स्मैक तस्करी करने वाली मां-बेटी गिरफ्तार

## पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही सरगना हरिओम फरार हुआ

**जयपुर** (कासं)। डीएसटी और विधाधर नगर थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी में लिप्त मां-बेटी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई की भनक लगने पर सरगना बेटा फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मौके से 13.50 ग्राम स्मैक सहित बिक्री राशि 10 लाख 6 हजार 520 रूपए जब्त किए हैं। आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया मुखबिर की सूचना पर सुन्दर नगर स्थित मकान संख्या-50 में दबिश दी गई, जहां तलाशी में 13.50 ग्राम स्मैक मिली। वहीं बिक्री राशि 10 लाख 6 हजार 520 रूपए जब्त की गई है। इस पर तस्करी में लिप्त कंचन देवी (59) और इसकी बेटी रीना मीणा (35) को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई की भनक लगने पर सरगना कंचन का पति हरिओम मीणा फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। इस गिरोह का सरगना हरिओम मीणा है, जो जयपुर के बाहर तस्करों से संपर्क में है। वह खुद ही स्मैक का पूरा



डीएसटी और विधाधर नगर थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी में लिप्त मां-बेटी कंचन मीणा व रीना को गिरफ्तार किया।

कारोबार देखता है। घर पर मां बेटी बेचने का काम करती है। पुलिस हरिओम मीणा की सरगर्मी से तलाश में जुटी है, जबकि आरोपित महिलाओं से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

विद्याधर नगर नगर थाना सीआई वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि जांच पड़ताल के दौरान सामने आया है। कंचन अपने पति हरिओम मीणा के जरिए मादक पदार्थ अपने घर से ही सप्लाई करती है। हरिओम लंबे समय से मादक पदार्थ बेचने का काम करता है। हरिओम कोलकाता से यह मादक पदार्थ स्मैक लेकर आता है। जयपुर में पुड़िया बनाकर उसे बेचता था। पुलिस कार्रवाई की जानकारी मिलने से आरोपी अभी तक घर नहीं लौटा हैं। विधाधर नगर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर

■ पुलिस ने आरोपियों के घर से 13.50 ग्राम स्मैक और 10 लाख रुपये बरामद किए

रीना मीणा और कंचन मीणा को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के मकान में सर्च के दौरान 9 मोबाइल फोन मिले हैं। आरोपियों ने बताया कि जिन के पास पैसा नहीं होता था वे लोग मोबाइल को गिरवी रख कर स्मैक लेकर जाते थे। कुछ लोग पैसा देकर मोबाइल ले जाते थे। लेकिन कई लोग ऐसे भी थे जो पैसों की व्यवस्था नहीं कर मोबाइल फोन नहीं छुडवा पाते थे। क्यों की यह मोबाइल फोन गिरवी रखे हुए थे इस लिए इन्हे पैक कर के रखा हुआ था। जब भी स्मैक खरीदने वाले के पास पैसों की इंतजाम हो जाता वह मोबाइल लेने आ जाता था। हैरानी की बात यह है कि ये 9 मोबाइल फोन सभी स्टूडेंट के हैं। पुलिस मोबाइल फोन को चालू कर के उन के असली मालिकों तक पहुंचेगी।

### दंत चिकित्सकों को राजकीय सेवाओं में नियुक्ति की मांग

**जयपुर,** (कासं)। राजस्थान राज्य दन्त परिषद जयपुर की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला 'सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय' के सभागार में हुई। जहां 700 दन्त चिकित्सकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा कुलपति डॉ. सुधारी भंडारी ने किया।

चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा डॉ. विकास जैफ, अध्यक्ष द्वारा किया गया। डॉ. विकास जैफ अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में यह बताया कि राजस्थान राज्य दंत परिषद में 8 जनवरी तक कुल 9349 पंजीकृत दंत चिकित्सक है। डॉ. विकास जैफ, अध्यक्ष ने कार्यक्रम के दौरान यह बताया कि 1.28 लाख की जनसंख्या पर केवल एक दंत चिकित्सक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति दस हजार की जनसंख्या पर एक दंत चिकित्सक होना चाहिए। अत: राजस्थान राज्य में दंत चिकित्सकों की राजकीय सेवाओं में नियुक्ति की जावे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में यह आश्वासन दिलाया कि आगामी बजट में दंत चिकित्सकों की समस्याओं एवं मांगों का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डेन्टल की ओ.पी.डी. को भी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत दन्त चिकित्सकों के लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जायेगा। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में दंत चिकित्सा की सुविधाओं में विस्तार करने को कहा।

## दो दर्जन बदमाशों ने किया जमीन पर कब्जे का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके के बाहुबली नगर में रविवार दोपहर 12 बजे बदमाशों ने दो राउंड फायर कर कॉलोनी में हड़कंप मचा दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले लोगों ने देखा कि चार गाड़ी में 2 दर्जन से अधिक बदमाश हथियारों के साथ मौके पर मौजूद थे। इस गैंग ने कॉलोनी निवासी शंकर शर्मा को पहले धमकाया, फिर उसे डराने के लिए हवाई फायर किया गया। एकाएक हुई इस घटना से कॉलोनीवासियों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर मुहाना थाना की पीसीआर मौके पर पहुंची तब तक बदमाश अपनी गाड़ियां लेकर मौके से फरार हो चुके थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी तीन गाड़ियों में भरकर आए थे, जिनके पास बैसबॉल, लोहे के सरिए और रॉड थी। यह बदमाश कॉलोनी के रहने वाले शंकर शर्मा की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से आए थे। बदमाशों ने पहले कॉलोनी में दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायर किए और उसके बाद शंकर शर्मा को धमकाया। लेकिन कॉलोनी के लोगों की

■ फायरिंग की सूचना पर मुहाना पुलिस मौके पर पहुंची तो भाग छूटे आरोपी

एकजुटता को देखते हुए यह बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि कुछ लोगों ने बदमाशों का पीछा भी करना चाहा, लेकिन यह बदमाश हाथों में लोहे की रॉड लहराते हुए मौके से भाग छूटे।

उधर मुहाना पुलिस ने बताया कि फायरिंग और जमीन पर कब्जे को लेकर सूचना मिली थी। जिसके बाद पीसीआर को मौके पर भेजा गया, लेकिन मौके पर किसी भी प्रकार की फायरिंग की कोई जानकारी नहीं मिली है। ना ही किसी प्रकार का कारतूस। पुलिस ने स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर जांच करना शुरू कर दिया है। वहीं पीड़ित शंकर शर्मा की ओर से एक परिवाद भी पुलिस ने ले लिया है जिस पर जांच की जा रही है। शंकर शर्मा का कहना है कि उसकी जमीन पर कोर्ट स्टे होने के बावजूद भी कुछ लोग कब्जा करने की नीयत से बार-बार उसे धमकाते है।

# जयपुर डॉग शो में उमड़ी भीड़

## स्ट्रे डॉग्स के लिए जयपुर ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**जयपुर,** (का.सं.)। पिंकसिटी ने स्ट्रे डॉग्स के लिए दुनिया का सबसे बड़ा केक बना कर नजीर पेश की। आवारा डॉग्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए बोन की शेप में 160 किलो का केक बनाया गया। दिन में केसीआई चैंपियनशिप के बाद डॉग शो में फैशन का जलवा देखने को मिला। मॉडल्स ने स्टेज पर डॉग्स के साथ कैट वॉक की।

सीईओ एंड एडिटर इन चीफ भारत 24 व फर्स्ट इंडिया और फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी जगदीश चंद्र ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे से शुरू हुए डॉग शो में केसीआई चैंपियनशिप हुई, जिसे जापान के टोमोनोरी आइजावा और फिलीपींस के साइमन सिम ने जज किया। यह पहला मौका था जब राजस्थान में किसी डॉग शो में इंटरनेशनल जज शामिल हुए। शो में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, गुजरात सहित कई राज्यों से आए डॉग्स ने भाग लिया। कॉम्पिटिशन में जजों ने डॉग के चलने, जंप, हाइट और स्ट्रक्चर को देखते हुए मार्क्स दिए। शो में साइब्ररियन हस्की, अमेरिकन अकीता, फ्रेंच बुलडॉग, शित्जू, टॉय पॉम जैसे कई अनोखी ब्रीड्स शामिल हुईं। कैनल क्लब



जयपुर में रविवार को डॉग शो-2023 में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, गुजरात सहित कई राज्यों के डॉग्स ने भाग लिया।

ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर के सेक्रेटरी वीरेन शर्मा ने बताया कि इस दौरान राजस्थान पुलिस के डॉग स्क्वायड का शो हुआ। शो में राजस्थान पुलिस के डॉग ने हैरतंगेज करतब दिखाए। वहीं बच्चों ने डॉग क्रुएलिटी पर ड्राइंग बनाई। विनर को पपी गिफ्ट किया गया। डॉग्स के लिए दुनिया का सबसे डॉग केक बनाने वाले ओवन बेकरी के मयंक गोपालिया ने बताया कि 8 घंटे में तैयार किया गया 160 किलो के केक को स्ट्रे डॉग्स में ही बांटा जाएगा। इसके जरिए हम लोगों को जागरूक करना चाहते हैं कि स्ट्रे डॉग्स भी वैसे ही प्यार के हकदार हैं जैसा प्यार ब्रीड डॉग्स को मिलता है।

## बिट्स-पिलानी व बिट्सओएम के बीच पोलो मैच ड्रा हुआ




**जयपुर,** (का.सं.)। बिट्सियंस के लिए रविवार सुबह स्पेशल रही। बिरला इंटरनेशनल और बिटसा जयपुर चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बिट्स-पिलानी एलुमनी ग्लोबल मीट 2023 (बीजीएम) के 5वें संस्करण के अंतर्गत रविवार एक प्रदर्शन सिग्नेचर पोलो मैच खेला गया। बीजीएम के चेयरमैन कैलाश गुप्ता और सीईओ, आलोक जैन ने बताया कि बिट्स-पिलानी और बिट्सओएम के बीच हुआ मैच ड्रा रहा। मैदान में उतरी दोनों ही टीम में जबरदस्त कांटे का मुकाबला देखने को मिला। राजस्थान पोलो ग्राउंड पर आयोजित इस मैच में बिट्सओएम की ओर से विशाल सिंह ने सबसे ज़्यादा 3 गोल और आर्यमन सिंह दहिया ने 1 गोल किया। बिट्स-पिलानी की ओर से विक्रमदिया सिंह बरकाना ने 2 गोल तथा लोकेन्द्र सिंह धिरावत और प्रताप कानोता 1-1 गोल ने किये।

### डॉ. आशा लता इंफाल में नेशनल कॉफ्रेंस में भाग लेंगी



**जयपुर** । राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में कार्यरत डॉ. आशा लता फरवरी में इंफाल में फिजिकल एंड रिहैबिलिटेशन विभाग की सीएमई नेशनल कॉंफ्रेंस में भाग लेंगी। उनका इस कॉंफ्रेंस में पेपर प्रेजेंटशन के लिए चयन हुआ है। डॉ. आशा लता कॉंफ्रेंस में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज को रिप्रेजेंट करेंगी। वह इसमें राजस्थान से पेपर प्रेजेंट करने वाली अकेली डॉक्टर हैं। डॉक्टर आशा लता इससे पूर्व दिल्ली एम्स, नागपुर और जयपुर में भी अवार्ड जीत चुकी है। उन्होंने हाल ही में मिसेज इंडिया और मोस्ट कॉन्फिडेंट मॉडल ऑफ मिसेज यूनिवर्स का खिताब भी जीता है। वह एक कुशल डांसर और लेखक हैं और अपनी नेतृत्व क्षमता के लिए डॉक्टर वर्ग में काफी लोकप्रिय हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में जीपीएस से पकड़े गए शातिर चोर



सांगानेर इलाके से 6 जनवरी को चोरी हुए ट्रैक्टर को ढूंढकर पुलिस ने आरोपी चोर राजमल बैरवा और मुनीराज मीणा को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर इलाके से 6 जनवरी को चोरी हुए ट्रैक्टर को ढूंढकर पुलिस ने आरोपी चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ट्रैक्टर तक आसानी से पहुंच गई, क्योंकि उसमें जीपीएस लगा था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि हैड कांस्टेबल सुरजमल, कांस्टेबल केदारमल और मुकेश की टीम ने यह कार्रवाई की है। गत 7 जनवरी को परिवादी दौसा निवासी रोशन लाल सैनी ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पास ट्रेक्टर ट्राली है, जो कि नगर निगम ग्रेटर में कचरा उठान के काम पर लगी है। सांगानेर इलाके में कचरा उठाने का काम ट्रैक्टर ट्रॉली से किया जाता है। गत 6 जनवरी को शाम को ड्राइवर राजू ने बंबाला कचरा डिपो पर हर दिन की तरह ट्रेक्टर ट्रॉली खड़ा किया, अगले दिन देखा तो ट्रेक्टर गायब था। जिसके बाद पुलिस ने वाहन चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस को जीपीएस से लोकेशन मिल रही थी कि टोंक रोड से ट्रैक्टर गुजर रहा है, जहां से ट्रैक्टर की लोकेशन मिल रही थी। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पदमपुरा में महात्मा गांधी कॉलेज के पास दो युवक ट्रैक्टर बेचने की फिराक में है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने मौके से आरोपी राजमल बैरवा और मुनीराज मीणा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सवाई माधोपुर के रहने वाले है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह ट्रैक्टर को सवाई माधोपुर ले जाकर बजरी के काम में लेना चाहते थे।

## फ्लैगशिप इवेंट 'पिलानी शार्क' में एक मिलियन डॉलर की ऑन स्पॉट फंडिंग

**जयपुर,** (का.सं.)। बिरला इंटरनेशनल और बिटसा जयपुर चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बिट्स-पिलानी एलुमनी ग्लोबल मीट 2023 (बीजीएम) के 5वें संस्करण का समापन रविवार को जयपुर पोलो ग्राउंड में हुआ। बीजीएम 2023 के चेयरमैन कैलाश गुप्ता ने बताया कि मीट के तीसरे दिन बिट्सियंस डेलीगेट्स गुलाबी सुबह का आनंद लेते हुए राजस्थान पोलो क्लब में जमा हुए जहां उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए अपने जमाने के हिंदी फिल्मों के तराने गुनगुनाए।

समापन अवसर पर बीजीएम की ऑर्गनाइजिंग कमिटी और कई सम्मानित बिट्सियंस सहित यूथ बिठोड को विभिन्न कैटेगरी के तहत सम्मानित किया गया। जिसमे वीसी सौविक भट्टाचार्य ने बिटसा बोर्ड के सभी सदस्यों और बीजीएम टीम के सदस्यों का

■ बी.जी.एम.- 2023 में 99 वर्षीय प्रोफेसर वशवानर का अभिनंदन

अभिनंदन और धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विभिन्न कैटेगरी मे डिस्टिंगविश अचीवर अवार्ड, डिस्टिंगविश स्पेशल अवार्ड और थर्टी अंडर थर्टी अवार्ड दिये गये। आर एन त्रिपाठी का अभिनंदन किया गया। बिट्सियंस के लिए एक भावुक कर देने वाला और गरिमापूर्ण लम्हा भी आया जब सम्मानित अतिथि के रूप में 99 वर्षीय प्रोफेसर वशवानर का अभिनंदन किया गया। सभी बिट्सियंस अपने गुरु को रूबरू पाकर भावुक हुए और उनकी चरण वंदना की। सीईओ, बिट्सा इंटरनेशनल प्रमीला ने बिट्सा के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

## मेडिकल स्टोर में चोरी

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके स्थित एक मेडिकल स्टोर में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया गायत्री नगर, सांगानेर निवासी नरेंद्र तिवाड़ी का महावीर नगर में मेडिकल स्टोर संचालित है। घटनाक्रम के मुताबिक 1 जनवरी की रात चोर दुकान का शटर ऊंचा कर गल्ले में रखी 49320 रूपए की नकदी चुरा ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## सार-समाचार

### स्वीडन में हुआ शुभम् मिश्र का सम्मान



**जयपुर,** (का.सं.)। स्वीडन गवर्नमेंट ने हाल ही में स्वीडन फिल्म अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन किया जिसमें वर्ष 2022 की विश्व की चुनिंदा श्रेष्ठ फ़िल्मों को सम्मानित किया है । इन फ़िल्मों में भारतीय मूल के शुभम् मानव मिश्र की फिल्म "ए डे माई फेवरेट पैलेस" भी शामिल है। शुभम् भारतीय फ़िल्म जगत से एकमात्र भारतीय हैं जिन्हें स्वीडन गवर्न्मेंट द्वारा उनके अद्भुत कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वीडन द्वारा शुभम् को फिल्ममेकर लॉरियट से सम्मानित किया गया है । पूर्व में शुभम् की फ़िल्मों को अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में कई देशों में सम्मानित किया जा चुका है । शुभम् बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं । इस के अतिरिक्त गत वर्षों में शुभम् को विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र (यूएन), भारत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नैशनल फ़िल्म डिवेलप्मेंट कॉर्पोरेशन, लकजम्बर्ग कला एवं सांस्कृतिक मंत्रालय तथा रालसा द्वारा अद्भुत कार्य तथा अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है । शुभम् ने गवर्न्मेंट फ़िल्म एंड टेलिविज़न इंस्टिट्यूट से फ़िल्म निर्माण की तकनीकी शिक्षा प्राप्त की है ।

### 'जीवन का लक्ष्य स्वयं निर्धारित करें'



**सांगानेर,** (कासं)। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 84 लाख भवों में भटकने के बाद हमें जो जीवन मिला है उसका शुभोपयोग करना ही हमारा कल्याण का मार्ग है क्योंकि मनुष्य पर्याय में ही हमारा कल्याण संभव है, अन्य पर्याय में नही। इसलिये अन्य पर्यायों के जीवों की भांति केवल खाना और विचरना ही अपने जीवन का लक्ष्य मत बनाओं और अपने जीवन में हमें बडा होकर क्या बनना है इसका निर्धारण भी स्वयं को ही करना है किसी और को इसका अधिकार मत देना। अधिकार दो, तो सिर्फ सही मार्गदर्शक देव शास्त्र गुरू को ही देना जो हमारे शुभ चिंतक है। युवा पीढी को सचेत करते हुये आचार्यश्री ने कहा कि बुरे व्यसनों के वश में होकर आज की युवा पीढी बेहोश हो रही है। हम संसार में बेहोश होने के लिये थोडे ही आयें है, हम तो होश में आने के लिये आये है। जितना जल्दी हो होश में आ जाओ और अपने जीवन को सार्थक बना लो। आचार्यश्री से प्रभावित हो, नन्ही सी बालिका तमन्ना जैन बांसवाडा ने धर्मसभा में आजीवन जंकफूड का त्याग कर अपनी उत्तम भावना व्यक्त की। आज इसी बाल कलाकार की सोशल मूवी "कांकोली के राम" का प्रीमियम शो का प्रसारण जयपुर के कई सिनेमा घर में होगा। इससे पूर्व संगीतमती माताजीने गुरूमहिमा का गुणगान करते हुये कहा कि पुष्पों की पहचान उनकी खुशबू से की जाती है वेसे ही मनुष्यों की पहचान उनके गुणों से बनती है, अत: हमें गुणवान बनने का साधन साधना होगा।

### पेयजल समस्या का निस्तारण हुआ



**जयपुर** । निवारू रोड स्थित श्रीरामपुरी कॉलोनी में जल्द स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी के समक्ष कॉलोनी के लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की। इस दौरान उन्होंने शीघ्र बोरवेल की स्वीकृति दी। विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा की मौजूदगी में रविवार से कार्य शुरू हुआ, कॉलोनीवासियों के चेहरे खिल उठे। इससे गर्मियों में पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। अन्य समस्याओं के निस्तारण की भी मंजू शर्मा से मांग की।

### छात्र को मोटरचलित व्हील चेयर भेंट

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर एल्युमिनी एसोसिएशन ने रविवार को कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ गंगवार को मोटर चलित व्हील चेयर उपलब्ध करवाई। छात्र सौरभ गंगवार को मास्क्यूलर डिस्ट्रोफी की बीमारी है। एसोसिएशन अध्यक्ष देवराज सोलंकी ने बताया कि प्रो. राकेश जैन, डीन एल्यूमिनी अफेयर्स, डॉ. नंद कुमार, एसोसिएट डीन एल्यूमिनी अफेयर्स, राकेश कुमार, महासचिव, एसोसिएशन सहित अन्य पदाधिकारी और छात्र मौजूद रहे। सोलंकी ने बताया कि वर्तमान एग्जीक्यूटिव कमेटी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 अब तक सात छात्रों को 2.35 लाख रुपए की स्कॉलरशिप दी है। वहीं हैदराबाद चैप्टर द्वारा 28 से 29 जनवरी को ग्लोबल एल्यूमिनी मीट भी होगी।

### गर्लफ्रेंड के चक्कर में पत्नी को पीटा

**जयपुर** (कासं)। गर्लफ्रेंड के चक्कर में युवक ने अपनी पत्नी से मारपीट कर दी। पति को ढूंढते हुए पत्नी उसकी गर्लफ्रेंड के घर जा पहुंची थी। गर्लफ्रेंड के साथ पति को देखकर टोका। अवैध संबंधों में बाधा बनकर पहुंची पत्नी को देखकर पति ने गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। मुरलीपुरा थाने में पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी 29 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह पति और बच्चों के साथ यहां रहती है। पति के मुरलीपुरा में रहने वाली दूसरी महिला से अवैध संबंध है। दूसरी महिला से अफेयर के चलते आरोपी पति उसको और बच्चों की पिटाई करता रहता है। आरोप है कि शुक्रवार दिन से ही पति घर से गायब था। वह पति को ढूंढते हुए उनकी गर्लफ्रेंड के घर जा पहुंची। गर्लफ्रेंड के घर पहुंचने पर दोनों कमरे में बिस्तर पर लेटे मिले। दूसरी महिला से अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। गुस्से में पति ने गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर डंडे और वायपर से जमकर मारपीट की। पिटाई से चोटिल पीड़ित पत्नी ने थाने पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इन्हीं हरकतों के चलते मुरलीपुरा पुलिस पहले भी आरोपी पति को शांतिभंग में अरेस्ट कर चुकी है।

### युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**जयपुर** (कासं)। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत जयपुर महानगर की ओर से राज्य स्तरीय पहला वैवाहिक परिचय सम्मेलन प्रताप नगर स्थित स्वामी लीलाशाह भवन में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि सिंधी समाज के संस्कार एवं निष्ठा सर्वोपरि रही है। ग्रेटर नगर निगम उपमहापौर पुनीत कर्णावत, पूर्व विधायक कैलाश वर्मा मौजूद रहे। सम्मेलन में देश विदेश सहित संपूर्ण राजस्थान से विवाह योग्य युवक-युवतियां शामिल हुए। अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खेतानी ने बताया कि भारतीय सिन्धु सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा लधाराम नागवानी (मुम्बई) ने एक परिणय परिचय स्मारिका परिचय दर्पण का विमोचन किया। युवक एवं युवतियों के साथ दिव्यांग, साधन विहीन बंधुओं, विधुर, विधवा एवं द्वितीय विवाह के लिए समाज के लोगों के वैवाहिक विवरण दिए। अमरापुर स्थान के संत मोनूराम ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 230 युवकों एवम 95 युवतियों अपना परिचय दिया। मुख्य संयोजक अर्जुनदास मेहरचन्दानी, महासचिव विनय वसंदानी एवम जयकिशन सोनी, ज्ञानदेव आहूजा, मोहन नानकानी, विद्या मोटवानी, मीना मूलचंदानी, उषा वाधवा, सुनीता विशनानी मौजूद रही।



## International Choreographers Day

People have probably been moving to rhythms as long as there has been music. The earliest evidence that archaeologists have found for dancing dates back to at least 7000 BC and it's likely that dancing goes even further back than that! In most cultures, human beings have shown an innate desire to move their bodies in unique ways that have developed over time.Now, International Choreographers Day offers a chance for everyone to give credit and attention to these folks who have been creating dances, techniques and moves for many years.

#J'ADORE

# Gorgeous Lipstick Shades

Be the talk of the town with these glamorous shades that will instantly glam up your winter.



Winter is all about looking rosy fresh, and we all know the perfect shade of lipstick can turn around your entire look and just brighten up your day! Rich scarlets, deep reds, maroons and creamy hot chocolate shades are the way to go this winter. We're going to help you choose the right shades of lipsticks for you to flaunt this season! Read on!

### Bobbi Brown Raisin

Who said subtlety doesn't go a long way? This gorgeous lipstick with red tinge will make you the talk of the town because that's how pretty it looks. Bobbi Brown is known for her semi-matte formulae that gives a beautiful sheen and not just a simple matte look. The creamy formula doesn't dry your lips and is a great choice for a longer wear!



### Tone It Down

This exceptionally gorgeous lip colour is a matte finish liquid lipstick and is the hottest colour this season - the perfect warm brown shade that'll suit every skin tone. This will bring some much-needed colour and has superb staying power. It doesn't even smudge after heavy and oily meals, so yay, there's no need for touch-ups!

### Go Bold

Soft Matte Lip Cream in the shade Budapest is a red-brown shade that goes on smoothly. The formula is extremely light and smells like cupcakes. Lovely ladies, try out this gorgeous shade this winter that'll glam you up instantly, and we highly recommend this shade for those misty, winter parties!





### Pop It Up

One shade that has managed to transition from summer to winter is orange-red! You know – that bright colour that just pops out! While this colour was traditionally restricted to summer months, this winter is all about breaking the rules and orange shades have been accepted into winter makeup kits. When you swipe this one on, just make sure your makeup is minimal and neutral!

### Go Brick Red

This bold and vibrant tint is for today's independent and self-assured woman and is a colour with just a hint of brown and no shimmer at all! This bright shade is a cult favourite and perfect for the dull winter months. It gives a pure matte finish along with good coverage – just a swipe is enough to brighten up your face!





Colonel Chewang Rinchen.

The 1971 War got him his second Maha Vir Chakra. Many years later, General Arun Vaidya also a recipient of two Mahavir Chakra's set aside the rule book by promoting Major Rinchen to a Lieutenant Colonel when he was the Chief. His promotion had been held up as he had lost seniority for failing to pass the mandatory Promotion exam in time.

# Lion of Ladakh





Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

#BOOKWORM

Written jointly by Dr Phungsog Agmo and Colonel Ajay K Raina; 'The Lion of Ladakh' is the extraordinary life story of Colonel Chewang Rinchen who has been awarded with the Mahavir Chakra twice for his heroic feats in the 1948 and 1971 Wars with Pakistan, the Sena Medal in 1965 Conflict with Pakistan and was Mentioned in Despatches during the 1962 Sino-India War. Starting as a young soldier at the age of 17, he excelled as a soldier and leader of men operating in the harshest terrain and weather conditions in the world and he has inspired his following generations with his valour, commitment, patriotism, moral and physical courage. He rightfully stands tall among the most highly decorated soldiers of the country and remains highly revered in Ladakh.

What makes all his achievements very special is his humble background without any higher education and minimal military training. A teenage soldier, a militia commander, a guerrilla, a son of the soil soldier, an innovator, a man of principles and a leader of men can all be used to describe his persona.

Born on 11 November 1931 in Sumur village in Nubra Valley, next to the confluence of the Shyok and Nubra rivers North of the Khardung La Pass, the region remained isolated in the winter months. He was named Chhewang Rinchen which translates into 'Hero' by the Holy Lama Padma. A devout Buddhist he believed in the unadulterated submission to the Gods without fuss, though he never studied any religious scriptures. Being brought up in a rugged terrain, demanded an equally rugged life style.

### Courage and Determination

Following operation 'Datta Khel' which saw the revolt by Major Brown in Gigit, Pakistan under Major Aslam Khan (carrying the pseudo name Colonel Pasha) organised three forces Ibex, Tiger and Eskimo to head for Skardu and Leh; Gurez and Bandipora; and Kargil and Zoji La. As there was only 6 J&K Infantry of the State Forces deployed between Leh and Bhunji of which 50% were Muslim soldiers who joined Pakistan, Major Sher Jung Thapa moved the balance troops to Skardu while a column of 2 DOGRA under Major Prithi Chand walked to Leh from Srinagar on 16 February 1948 through heavy snow and blizzards, with undaunted courage and determination. Arriving at Leh on 08 March 1948, they soon lowered the Union Jack and raised the Indian flag at Karzo Palace on 13 March with the chanting of hymns by lamas and asked for local volunteers to join them, at 17 years Chhewang Rinchen was the first volunteer.




Soon Chhewang Rinchen moved to Nubra where he managed to gather twenty eight of his friends and relatives as volunteers and after undergoing thirteen days of training NUBRA GUARDS were born. After the fall of Kargil, Leh came under threat and the enemy soon reached Khalste; 'and Leh could have been taken without much friction'; the book covers the heroic landing by Air Commodore Meher Singh at Leh on 24 May 1948 and the subsequent induction of 2/8 GORKHA RIFLES under Lieutenant Colonel HS Parab, and therafter 2/4 GORKHA RIFLES.

On 01 June 1948, Chhewang and his column set out on a nine day march over treacherous terrain crossing the Karakorams; with pieces of cloth tied to their feet as their shoes had given way and attacked an enemy position at Chumik La on 10 June, killing twenty enemy soldiers, keeping up the pressure they soon captured Dzongpolas. By 12 July once the invaders had reached Nimu, literally at Leh's doorstep and it was decided to pull back the troops from Nubra Valley, Chhewang, realising that this area would fall, organised the defence of Nubra Valley with local volunteers and soon marched to Skuru. On 25 August 1948, he was formally recruited into 7 J&K Militia as a Jamadar, since he was a non-metric could not be made an officer.



> Starting as a young soldier at the age of 17, he excelled as a soldier and leader of men operating in the harshest terrain and weather conditions in the world and he has inspired his following generations with his valour, commitment and physical courage. He rightfully stands tall among the most highly decorated soldiers of the country.

### Valuable Appreciation

One of his major successes in September 1948, was the capture of Lama House, located at 4500 meters where taking advantage of bad weather and in an approach march lasting many days devoid of any path or track attacked the post through heavy snow captured the objective after killing ten enemy soldiers. In December 1948, he was instrumental in clearing 'Black Rock 'with his 'Nonnos'. Surprisingly, when the first list of gallantry awards was announced his name was not in it but Colonel PN Kaul, the CO of the battalion ensured he was given his due and the MVC was pinned on him by Sheikh Abdullah the Prime Minister of J&K State in September 1952.

An equally valuable appreciation came in from the enemy, in 'Baltistan Par Ek Nazar' Mohd Yusuf Ahidi wrote; "But for Commander Rinchen foiling our attacks we would have been masters of Ladakh".

Of the 1962 Conflict. The authors state that; " there could be no better illustration of the kind of confusion that had set in than the fact that while vouching for ever lasting peace and friendship with China, the government had been busy shaping and adopting policies that would make armed conflict with China simply inevitable. "It was naive to imagine that Beijing would allow India to decide upon the international borders single - handedly.

> The 1971 War got him his second Maha Vir Chakra. Many years later, General Arun Vaidya, also a recipient of two Mahavir Chakra's set aside the rule book by promoting Major Rinchen to a Lieutenant Colonel when he was the Chief.

### Probing and Patrolling

Chhewang had been promoted to a Subedar in 7 J&K Militia when he was 25 years and in 1959 was deployed North of Batalik when a CRPF patrol was ambushed in Hot Springs. He then force marched all the way to Leh in just four days. Tasked to set up posts over a vast and difficult terrain along the Southern bank of Pangong Tso and carry out probing and patrolling, he saluted and said "Julley". Covering over 400 kms and crossing passes such as Chang La in peak winters in almost uncharted territory the 'Nonnos' successfully carried out their mission and in June 1960 Chhewang Rizen was commissioned as a Second Lieutenant and posted to 14 J&K Militia, he would be the first officer from the region.

One of his first tasks was to assist in construction of the airstrip at Thoise, which was completed in September 1960.He then carried out long range patrols under Major Sardul Singh Randhawa including crossing the Saser La to Daulat Beg Oldi (DBO) at heights over 6000 meters. In 1962 he was part of a patrol to Sumdo where they established a post at 4998 meters and reconnoitred a direct route between Sumdo and Daulat Beg Oldi. On one occasion they walked non-stop for eighteen hours through an unknown snow covered stretch as a result of which they were disoriented and all they had to eat was sattu and the water had to be extracted from ice, unknown to them they spent the night next to a Chinese Post!

Such missions aimed to check the Chinese intrusions and then establish small posts opposite them though these had negligible defence potential. There is no doubt that the 'Nonnos 'could outrun and outclimb any Chinese conscript. He was awarded a Sena medal for his brave actions during the war.

During the 1965 War with Pakistan he was deployed in DBO as a Captain from where he marched to Partapur covering a distance which normally takes ten days in half the time taking no halts. He was therefore called 'the Lion of Nubra'. He conducted long range patrols into Baltistan and though they planned to capture Turtuk and Chulunkha the plans were not executed due to the China factor. He then raised additional Nubra Guards and crossing Saser Brangsa La at an unbelievable pace on 25 September 1965 they arrived at the Tri Junction mainly due to his indefatigable spirit and unflagging stamina.



### Tough Terrain

The Chinese soon realised the difference between the Indian Army of 1962 and 1965. Colonel Kapur summed it up in his congratulatory message; "I am proud of you and your brave 'Nonnos". The frontiers of our country are safe in your brave hands'. His contributions were duly recognised but because of lack of actual combat he was only Mentioned - in - Despatches.

In the Indo- Pak War of 1971 Major Rinchen was with NUBRA GUARDS part of 3 Infantry Division commanded by Major General (later Lieutenant General) SP Malhotra. They were tasked to capture Chalukna complex which entailed capturing Point 18402. In an extremely cold night he along with Major Thapa and Major Ahluwalia's troops stormed this formidable feature killing five Pakistani soldiers and capturing one by first light on 08 December 1971. At Chalukana when pinned down by accurate and intense fire from MMG's when two brave 'Nonnos' crawled forward and silenced the enemy bunkers by lobbing grenades. Ultimately, they captured forty four Prisoners of War and then went on to seize Turtok on 13 and Thang by 16 December 1971.

> Colonel Chhewang Rinchen will remain an inspiration for generations and what stood out is not only his physical courage and endurance but also the principles he lived by. The authors who include his daughter need to be complimented for bringing out the biography of a man who remains a defining figure.

Ladakh is a tough terrain to operate in where soldiers battle not only the enemy but also the elements. After the ceasefire the Corps Commander Lieutenant General Sartaj Singh flew in to convey his congratulations to the troops.

The 1971 War got him his second Maha Vir Chakra. Many years later, General Arun Vaidya, also a recipient of two Mahavir Chakra's set aside the rule book by promoting Major Rinchen to a Lieutenant Colonel when he was the Chief. His promotion had been held up as he had lost seniority for failing to pass the mandatory Promotion exam in time.

### Befitting Tribute

Extraordinary feats by an ordinary person motivated by his love for his country and his uniform. The youngest ever recipient of the Mahavir Chakra for his role in the 1948 conflict with Pakistan, he remains one of only six service personnel to have been awarded the Mahavir Chakra twice for displaying inspiring leadership, indomitable courage, initiative and exceptional devotion to duty. He retired as a Colonel in 1984 and was appointed Honorary Colonel of the Ladakh Scouts. He breathed his last in 1997 at the age of 66 yrs.

Incidentally, on 21 October 2019 the Defence Minister Shri Rajnath Singh inaugurated the Colonel Chewang Rinchen Setu, India's highest altitude all-weather permanent bridge, in Eastern Ladakh. The 1400-ft long bridge on Shyok River at 14,650 ft is strategically located on the Darbuk- Shyok- DBO Road. It is indeed a befitting tribute to a soldier who had crisscrossed this area under challenging conditions.

Colonel Chhewang Rinchen will remain an inspiration for generations and what stood out is not only his physical courage and endurance but also the principles he lived by. The authors who include his daughter need to be complimented for bringing out the biography of a man who remains a defining figure in the annals of our military history.

writetoarbit@rashtradoot.com



#COVID-19

# Durability of Antibody Response

Antibody levels naturally decline over time after an infection or after vaccination, but higher levels are thought to be more protective.



New research from the University Of Virginia School Of Medicine speaks to the benefits of a COVID-19 booster.

The new findings shed light on how mRNA boosters – both Pfizer and Moderna - affect the durability of our antibodies to COVID-19. A booster, the researchers report.

"These results fit with other recent reports and indicate that booster shots enhance the durability of vaccine-elicited antibodies," said senior researcher Jeffrey Wilson, MD, PhD, of UVA Health's Division of Asthma, Allergy and Immunology.

### Tracking COVID-19 Antibodies

Wilson and his collaborators looked at antibody levels following a booster in 117 UVA employee volunteers and compared those results with the levels seen in 228 volunteers after their primary vaccination series. Antibody levels one week to 31 days after the primary series and booster were similar, but the boosted antibodies stuck around longer regardless of whether the person had had COVID-19.

"Our initial thought was that that boosters would lead to higher antibody levels than the primary vaccine series, but that was not what we found," said researcher Samuel Ailsworth, the first author of a new scientific paper outlining the findings. "Instead, we found that the booster led to longer lasting antibodies."

Antibody levels naturally decline over time after an infection or after vaccination, but higher levels are thought to be more protective. Thus, longer-lasting antibodies would be expected to provide more sustained immunity against severe COVID-19.

The researchers found that the antibodies generated by the Moderna booster proved longer lasting than those generated by the Pfizer booster. Moderna's antibody levels exceeded Pfizer's out to five months, the end of the study period. Although the findings were statistically significant, Wilson notes that both mRNA vaccine boosters provide enhanced and fairly similar levels of protection against COVID-19 in recently published large epidemiologic studies.

Because the frequency of COVID-19 infections in the community was relatively high when the boosters were being given, the authors also studied the effect of COVID-19 infection on antibody levels. The findings suggest that the "enhanced antibody durability observed after booster vaccination was not explained by hybrid immunity," the researchers report in their paper.

The new results are the latest from Wilson's team tracking the antibody response to the COVID-19 vaccines over time. The researchers previously found that after the primary vaccination series the antibodies generated by Pfizer's COVID-19 vaccine rose more slowly and declined more quickly than those generated by the Moderna vaccine. That study also found that older recipients of the Pfizer vaccine generated fewer antibodies than did younger recipients - but this wasn't the case for Moderna, where age did not appear to be a factor.

In the latest results, younger booster recipients initially generated more antibodies than did older recipients, but this difference disappeared with time.

Wilson notes that this study adds to the accumulating evidence that boosters are an important of protecting the community from COVID-19. "Although only about half of the U.S. population that is eligible for a booster has received one, it is increasingly clear that boosters enhance the protection that is conferred by the primary series mRNA vaccines alone," he said.

### Findings Published

The researchers have published their latest findings in the scientific journal Annals of Allergy, Asthma & Immunology. The team consisted of Samuel M. Ailsworth, Behnam Keshavarz, Nathan E. Richards, Lisa J. Workman, Deborah D. Murphy, Michael R. Nelson, Thomas A.E. Platts-Mills and Wilson. The researchers reported no financial interests in the work.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# केवल विकास को छोड़कर राजस्थान सरकार अन्य सभी मामलों में नंबर वन: अरूण सिंह

## जनता चुन-चुन कर अत्याचारों का कांग्रेस से बदला लेगी : अरूण सिंह

**सपोटरा / करौली, (नि.स.)।** करौली जिले की सपोटरा विधानसभा क्षेत्र की जन आक्रोश महासभा रविवार को सपोटरा कस्बे के निजी मैरिज गार्डन में आयोजित हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राजस्थान प्रदेश के प्रभारी अरुण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ बलात्कार राजस्थान के शासन में चरम पर है। जनता चुन चुन कर कांग्रेस के शासन में किए गए दुराचार, भ्रष्टाचार, अत्याचारों का बदला लेगी।

महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि इस शासन काल में राजस्थान की हालत बहुत ज्यादा खराब है। साधुओं, संतों की हत्याएं, संत विजय दास को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राजस्थान में कांग्रेस का घड़ा भर चुका है। 16 बार पेपर लीक हुआ कांग्रेस की सरकार में। राजसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा पेपर लीक मामले में सजग रहते हैं। जनता के लिए संघर्ष करते हैं।

उन्होंने कहा की आज राजस्थान में युवाओं के मन में आक्रोश,गुस्सा है। इस बार कांग्रेस का राजस्थान से सूपड़ा साफ करना है। यहां के मंत्री दोषियों को बचाते हैं। आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी,सलाखों के पीछे भेजेगी। भाजपा की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है । गरीब, किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। केवल विकास को छोड़कर राजस्थान कांग्रेस की सरकार अन्य सभी मामलों में नंबर वन पर है। प्रशासन भी पूरी तरह कांग्रेस के मंत्रियों के इशारे पर काम कर रहा है।

हमारी सरकार के आने पर इन सबको सलाखों के पीछे भेजने का काम करेंगे। सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, जिला संगठन प्रभारी भानु प्रताप सिंह,भरतपुर संभाग के प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।मंच की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के द्वारा कि गई। हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेताओ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया सभा के दौरान पूर्व विधायक टोडाभीम रमेश मीणा, सुखलाल मीणा,पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, महेंद्र मीना, जिला उपाध्यक्ष ललित शर्मा राजेंद्र सिंह यादव जिला महामंत्री हरि सिंह बैरवा, धीरेंद्र सिंह बैंसला, गजेंद्र सिंह जादौन, सपोटरा की पूर्व प्रधान कमली देवी, राजेंद्र शेखपुरा,प्रत्याशी रामराज मीणा, प्रहलाद मीणा, नेहरू सिंह गुर्जर, गायत्री कोली, सीताराम शर्मा शहर अध्यक्ष, राजेश पाल कैलादेवी, रूपसिंह मीणा कड़गांव, हंसराज बालोती,कमल मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, गजेंद्र सिंह रतियापुरा, विमलेश मीणा,गिरजा मीणा, पुष्पा मीणा,पुष्पा बगीदा,चंद्रकला मीणा, हरकेश मीणा, रूप सिंह मीणा,गोविंद शर्मा,व्रजेश गुरु सहित भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।



**सपोटरा में भाजपा की जनाक्रोश महासभा के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ( दाये से प्रथम ) का फूलो का हार पहनाकर स्वागत करते पार्टी के नेता।**

# तीस साल बाद पिता की हत्या का बदला लिया आरोपी सूर्य प्रताप ने

## सूर्य प्रताप के भाई सहित दो फरार

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर के रिसोर्ट में गोली मारने से पूर्व पार्षद सवाई सिंह की मौत और एक अन्य के घायल होने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । सूर्य प्रताप को कोर्ट में पेश किया गया जहां अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट ने 1 दिन के रिमांड पर दिया है। सोमवार को फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा। दरसल यह पूरा मामला अजमेर में हुए ब्लैकमेल कांड से जुड़ा है जो की तीस साल पूर्व हुआ था। उस दौरान ब्लैकमेल कांड की खबरे देने वाले पत्रकार मदन सिंह की अस्पताल में हत्या कर दी गयी थी । जिसमे मृतक सवाई सिंह आरोपी था लेकिन वह कोर्ट से बरी हो गया जिसके बाद से ही पत्रकार की हत्या करने वाले सभी आरोपी धीरे-धीरे बरी हो गए।

उस समय सूर्य प्रताप जो कि पुष्कर के रिसोर्ट में सवाई सिंह की हत्या का आरोपी है दस साल का था। सूर्य प्रताप ने तीस साल बाद अपने पिता की हत्या का बदला पुष्कर में लिया और इसका एक विडियो भी वायरल हो गया। सूर्य प्रताप को भीड़ ने पकड़ लिया था उस दौरान उसने ये कहा कि मैने मेरे पिता की मौत का बदला ले लिया है। ग्रामीण पुलिस उप अधीक्षक इस्लाम खान ने बताया की जांच में पाया है कि मृतक सवाई सिंह आरोपी सूर्य प्रताप पिता मदन सिंह की हत्या में आरोपी था लेकिन छूट गया जिसके बाद से ही दोनों परिवारों में आपसी रंजिश चल रही थी। इस गोली कांड में सूर्य प्रताप की गिरफ्तारी के बाद दो अन्य आरोपी जिसमे एक सूर्य प्रताप का ही भाई व एक अन्य है फरार है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

पुष्कर के समीपस्थ गांव बासेली में स्थित युवराज रिसोर्ट में अजमेर के पूर्व पार्षद सवाई सिंह को गोली मारी गई। साथ ही उनके साथ दिनेश तिवारी नाम के व्यक्ति के भी पेट में गोली लगी है जिसका उपचार अजमेर चल रहा है। मामले में आरोपितों ने सबसे पहले युवराज रिसोर्ट की रेकी की उसके बाद एक साथ तीनों युवराज रिसोर्ट में प्रवेश करके स्विमिंग पूल पर चाय पी रहे सवाई सिंह व दिनेश तिवारी के गोली मार दी। सवाई सिंह के साथ और भी व्यक्ति थे लेकिन वह अपना बचाव करने में कामयाब रहे।



**पूर्व पार्षद की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।**

# सुजानगढ़ में भाजपा के खिलाफ कर्नल सोनाराम का छलका दर्द

**सुजानगढ़, (निसं)।** तीन बार सांसद और एक बार विधायक रहे कर्नल सोनाराम चौधरी रविवार को सुजानगढ में अपनी पार्टी से खफा नजर आये। प्रगति नगर में स्थित कीलका हाउस में आयोजित सामाजिक चिंतन सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि उन्होनें कोनसा पार्टी का नुकसान किया जिस वजह से भाजपा ने उनकी लोकसभा चुनावों में टिकट काट ली।

**■ जाट समाज की राजनैतिक ताकत बढाने के लिए जयपुर में करेंगे बडी रैली : कर्नल सोनाराम**

चौधरी ने कहा कि संतोष अहलावत, सीआर चौधरी व मेरे जैसे मजबूत नेताओं को पार्टी शायद आगे नही बढाना चाहती है। जाट समाज को एक जाजम पर लाने के लिए सुजानगढ दौरे पर आये कर्नल सोनाराम ने यह बात कही।चौधरी ने कहा कि जाट आरक्षण के लिए कई किसान नेताओं ने लम्बी लडाई लडी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही समाज की एक बडी रैली होगी।

चौधरी ने साफगोई के साथ कहा कि दूसरे समाज सामाजिक एकत्ता दिखा सकते है तो जाट समाज एक जाजम पर क्यों नही आ सकता। चौधरी ने इस मौके पर जाट मुख्यमंत्री बनाये जाने की भी मांग उठाई। कार्यक्रम को हुक्माराम चौधरी, सीताराम चौधरी, धर्मेंद्र कीलका, रामेश्वरी देवी, भंवरलाल सामोता, पार्षद विजय बटेसर, सुमित्रा राव, हितेष जाखड, सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर दुसाद, सरपंच प्रतिनिधि रूपाराम कस्वां, रघुवीर ढाका ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान वीरेंद्र बेनीवाल, रतनलाल चौधरी, रामनारायण सारण, महावीर राव, रूपाराम गुलेरिया, हनुमान चंदेलिया, अशोक कीलका, लक्ष्मण खिलेरी, बलराम खिलेरी, लादूराम झुरिया, भागीरथ पचार, चैनरूप चौधरी, बलबीर बिजारणिया, सरपंच विकास सारण रामनिवास बुगालिया, नवीन डूडी सहित बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# अमित शाह के आने की सूचना मात्र अफवाह

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के झुंझुनूं आगमन की सूचना पूर्णतया अफवाह है।

जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा ने बताया कि अनेक प्रकार से सोशल मीडिया, पंपलेट व बैनरों के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह सहित अनेक नेताओं के आगामी 14 व 15 जनवरी को उदयपुरवाटी विधानसभा के वाडियानाला ठााम में आने की सूचनाएं प्रसारित हो रही है। जो कि पूर्णतया गलत है। शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की कोई भी सूचना पार्टी द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला प्रशासन को नहीं दी गई है। भारतीय जनता पार्टी झुंझुनू इस सूचना का पूर्णत: खंडन करती है।

# शहीद गुमानसिंह के परिवार को एक करोड़ की सहायता दे गहलोत सरकार: कैलाश चौधरी

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने रविवार को जैसलमेर प्रवास के दौरान जोगा गांव पहुंचकर सिक्किम में कत्तर्व्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए नायब सूबेदार गुमानसिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी । उन्होंने शहीद सैनिक गुमानसिंह के बड़े भाई अमरसिंह व पुत्र प्रहलादसिंह से मिलकर संवेदना व्यक्त करी।

चौधरी ने सांसद कोटे से 10 लाख रुपए सहायता की घोषणा करने के साथ ही केंद्र सरकार से शीघ्र मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर चौधरी ने बताया कि यू पी सरकार ने सिक्किम में शहीद हुए जवानों के परिवार को 50 लाख की सहायता प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य की गहलोत सरकार को बिना देरी किए शहीद गुमानसिंह के परिवार जनों को एक करोड़ की सहायता राशि प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारदा , पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**मंत्री कैलाश चौधरी ने शहीद गुमानसिंह के परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता दी।**

# 68 कार्टन देशी शराब के साथ जीप को जब्त किया

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब पकड़ी है। पुलिस ने देशी शराब के 68 कार्टन बरामद कर परिवहन में प्रयुक्त जीप को भी जब्त किया है।

**■ पुलिस ने हस्तेडा बस स्टैंड के पास कराई थी नाकाबंदी**

पुलिस ने इस मामले में 2 जनों को गिरफ्तार किया है। गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी धर्म सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक जीप में शराब भरकर ले जाई जा रही है। इस पर पुलिस ने हस्तेडा बस स्टैंड के पास नाकाबन्दी शुरू की। इस दौरान संदेह के आधार पर जीप को रुकवाने का प्रयास किया लेकिन जीप चालक ने जीप नहीं रोकी तथा जीप को भगा ले गया। इस पर पुलिस ने पीछा कर रींगस रोड़ पर उसे रोक लिया तथा जीप को चेक किया तो उसमें देशी शराब के कार्टन भरे मिले।

पुलिस ने जीप चालक से पूछताछ की तो उनके पास शराब के परिवहन से संबंधित कोई भी अनुज्ञापत्र नहीं मिला। इस पर पुलिस ने देशी शराब के 68 कार्टन जब्त कर राजपाल व कानाराम को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तरप्रदेश के बदमाशों ने योगी के डर से राजस्थान में शरण ली: राजेश चौधरी

**नदबई, (निस)।** कस्बे के डहरा रोड स्थित निजी मैरिज होम में भाजपा की ओर से जनआक्रोश रैली का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के मांठ विधायक राजेश चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। रैली दौरान मांठ विधायक ने प्रदेश सरकार की जमकर आलोचना करते हुए प्रदेश में लगातार महिलाओं का शोषण व अपराध बढ ने का आरोप लगाया।

साथ ही कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रति वफादार रहने का संकल्प दिलाया। मांठ विधायक ने यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के भय से अपराधियों को भागकर राजस्थान में अपराध करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस सरकार को कमजोर सरकार बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में संगठित होकर प्रदेश कांग्रेस सरकर को उखाड़ने का संकल्प दिलाया। पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने विधायकों को भ्रष्टाचार की खुली छूट मिलने से प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ ावा मिलने व कार्यकर्ताओं को पार्टी नीतियों की पालना करने का आह्वान किया। पूर्व पर्यटन राज्यमंत्री कृष्णेन्द्र कौर दीपा ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने को कहा।

**■ डहरा रोड पर हुई भाजपा की जन आक्रोश रैली**

साथ ही प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को जागरुक करने व कार्यकर्ताओं को संगठित रहने का संकल्प दिलाया। जनआक्रोश रैली की अध्यक्षता प्रधान मुन्नी देवी ने की। जबकि, पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह, उपप्रधान भूपेन्द्र फौजदार, दीपराज सिंह,जनआक्रोश यात्रा संयोजक गोबिन्द चौधरी, सह-संयोजक विजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी राजवीर राजावत, डॉ अशोक सिंह, शक्ति सिंह, जिला संयोजक अभयवीर सोलंकी, सह-संयोजक उदयसिंह, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विक्रम फौजदार, जिला मीडिया प्रभारी रोहित उपाध्याय, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, डहरा मंडल अध्यक्ष अनिल डहरा, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन जनआक्रोश यात्रा संयोजक गोविंद चौधरी ने किया।

# धर्मकांटे में मिली युवक की लाश, दोस्त पर शक

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में स्थित अजमेर रोड पर एक बन्द पडे धर्म कांटे में यूपी के एक मजदूर ने अपने ही साथी मजदूर की सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद मृतक की बाइक, मोबाइल व जेब से नगदी लेकर आरोपी फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

मांडल थाना प्रभारी ने धर्म कांटे से लाश बरामद की। जिसे कपडों से ढका हुआ था पास ही शराब की बोतल एवं खून से सना एक बडा पत्थर भी मिला। इस सम्बन्ध में पूछताछ करने पर पता चला की धर्म कांटा और पास ही पत्थर फैक्ट्री के मालिक देवेन्द्र के पास मृतक और उसका एक साथी कल काम के लिये आये थे। मृतक की पहचान अजमेर जिले के ब्यावार थाना अन्तर्गत राज्यावास (सुरजपुरा) निवासी मूल सिंह पिता हजारी सिंह रावत के रूप में हुई है उसके साथ शिवम चौहान भी था।

दोनों ने रात यहीं रूकने की बात कहीं थी जब सब चले गये तो दोनों ने वहां खाना खाया व शराब भी पी। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जब मूल सिंह सो गया तो शिवम ने एक बडा पत्थर उसके सिर पर दे मारा जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद शिवम जो यू पी मेनपुरिया का बताया गया है।

# ‘नीमकाथाना जिला बनाओ यात्रा’ के जयपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत



**नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी का रामपुरा डाबरी में स्वागत किया गया।**

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिला बनाओ यात्रा का आज जयपुर आगमन पर रामपुरा डाबरी में मेघवंश जागृति संस्थान एवं मानव जन जागृति संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। जिसमें नीमकाथाना विधायक एवं राजस्थान व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश मोदी का माला, साफा व सॉल से सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया, साथ ही यात्रा में पैदल चल रहे सभी सदस्यो पर ड्रोन से पुष्पवर्षा कर जयपुर जिले के रामपुरा डाबड़ी की धरा पर शानदार अभिनन्दन किया गया।

पदयात्रा में शामिल लोगो के लिए केले व चाय नास्ते के साथ साथ जलपान की व्यवस्था भी संस्थान द्वारा की गई। डॉ रणजीत मेहरानिया ने आज पदयात्रा में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचने के लिए अपील भी की। इस दौरान मेघवंश संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया व मानव जन जागृति संस्थान के अध्यक्ष सौदागर कांदेला के नेतृत्व में हंसराज किलानिया, सुभाष चंद सिंघल, श्रीराम कुरबड़ा, प्रहलाद खर्रा, गोपाल कांदेला, बाबूलाल कांदेला, रघुनाथ पाटोदिया, मुकेश जिंदल, गजानन्द परिहार,सूरज मल कांदेला, मोहन खोवाल, प्रहलाद मेहरानिया, सरजीत किलानिया, राज कुमार सिंघल, बाबूलाल पालीवाल, नन्दलाल व रघुवीर सिंह सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

# ‘ई.आर.सी.पी. तेरह जिलों की लाइफ लाईन’

**हिण्डौन सिटी, (निस)।** गांव मोरड़ा के पटेलों की रविवार को एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस दौरान कहा गया कि ईआरसीपी 13 जिलों की लाइफ लाईन है। इसे केन्द्र सरकार को गंभीरता से लेकर राष्ट्रीय परियोजना घोषित करना चाहिए। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पटेलों की बैठक में बताया गया कि लगातार भू-जल स्तर नीचे जाने से पेयजल और सिंचाई का संकट गहराता जा रहा है।

आमजन को महंगे दामों में पानी खरीदना पड़ रहा है। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मीना ने कहा कि चम्बल का पानी नहरों के माध्यम से आएगा तो पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को टोडाभीम के भोपुर गांव में विशाल किसान महासभा आयोजित होगी, जिसमें ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की केन्द्र सरकार से पुरजोर ढंग से मांग की जाएगी। इस पर बैठक में मौजूद सभी पटेलों ने कहा कि 14 जनवरी को होने वाली किसान महासभा में मोरड़ा गांव से भी हजारों की संख्या में ठाामीण शामिल होंगे।

# विधायक शोभारानी कुशवाहा ने किया 2023 के चुनाव का आगाज

## धौलपुर विधानसभा की बूथ कमेटियों के साथ किया नववर्ष मिलन समारोह

**धौलपुर, (निसं.)।** धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा द्वारा आज रविवार को धौलपुर विधानसभा की सभी पंचायतों के प्रत्येक बूथ से बूथ कमेटियों को बुलाकर अपने निवास पर नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

विधायक शोभारानी ने समारोह में पधारे समाजसेवी और समर्थकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा की इतनी सर्दी में यहां आकर पर जो मेरा मान सम्मान बढ़ ाया उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करती हूं और बताया की आपके चाहतें बी एल कुशवाह की अनुपस्थिति में उनके विश्वसनीय लोगों के साथ मिलकर आपके सहयोग से राजनीति के साथ-सथ उनके व्यापार और घर परिवार को संभाला है विधानसभा के कार्य के लिए मुझे बाहर भी समय देना पड़ता है लेकिन फिर भी धौलपुर विधानसभा में जो मेरे कार्यकाल में कार्य हुए हैं उतने पिछले 70 साल में भी नहीं गए होंगे समारोह में क्षेत्र से आए उनके समर्थकों ने विधायक के द्वारा किए गए कार्यों एवं मिलनसार स्वभाव की सराहना की और 2023 में विधायक शोभारानी का सपोर्ट करने के लिए दोनों हाथ उठाकर समर्थन दिया।



**धौलपुर विधायक के नववर्ष मिलन समारोह में भारी भीड़ उमड़ी।**

## संक्षिप्त

### भाजपा की जन आक्रोश महासभा आज

**कोटपूतली,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटपूतली विधानसभा की जन आक्रोश महासभा सोमवार दोपहर 12 बजे कृष्णा टाकीज के सामने आयोजित होगी। इस जन आक्रोश महासभा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जन आक्रोश महासभा विधानसभा संयोजक सुभाष चन्द शर्मा दवाईवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा में सघन जन सम्पर्क कर जन आक्रोश सभा को सफल बनाने में जुटे हुए है। भाजपा की इस महासभा में राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीना, अलवर सांसद महंत बालक नाथ तथा जयपुर ग्रेटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर सभा को सम्बोधित करेगें। इससे पूर्व रविवार को जन आक्रोश महासभा को लेकर हुई बैठक में तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया।

### आचार्य वर्धमान सागर का मंगल प्रवेश

**मालपुरा,** (निसं)। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ ने रविवार को लावा से विहार किया। आचार्य के साथ बडी संख्या मे जैन धर्मावलम्बी भी रवाना हुए। शाम तकरीबन 4 बजे आचार्य श्री का डिग्गी मे मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज बंधुओ ने श्रीफल भेंट कर आचार्य की अगवानी की। अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी मे धर्मसभा का आयोजन हुआ। समाज के मिडिया प्रभारी आशीष जैन बघेरा ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज का किशनगढ मे पंचकल्याण महोत्सव होगा। डिग्गी से आचार्य श्री किशनगढ के लिए विहार करेगें।

### रास्ते में कीचड़ होने से लोग परेशान

**निवाई,** (निसं)। गांव सिरस से पीपल्या जाने वाले रास्ते में कीचड फैला होने से ग्रामीणों को आवागम में परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पीपल्या जाने वाले रास्ते पर कीचडयुक्त पानी भरा हुआ है। कीचडयुक्त रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालक चौटिल हो रहे है। खेतों पर जाने वाले रास्ते से गुजरने वाले किसानों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने उक्त रास्ते को ठीक करने के लिए पंचायत प्रशासन मांग की है।

# किसानों का कर्जा तो माफ नहीं हुआ परंतु किसानों की जमीनें जरूर कुर्क हुईं हैं : सतीश पूनिया



भाजपा चौमूं द्वारा गोविन्दगढ़ में आयोजित जन आक्रोश रैली को डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित किया।

■ गोविन्दगढ़ में आयोजित जन आक्रोश सभा में सांसद सुमेधानंद सरस्वती, मकराना विधायक रुपाराम मुरवतिया, विधायक रामलाल शर्मा, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव सहित जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी चौमूं द्वारा रविवार को पुराना बस स्टैंड गोविन्दगढ़ में जन आक्रोश सभा का आयोजन रखा गया। सभा के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में चारों ओर अराजकता, कुशासन, जंगलराज व भ्रष्टाचार का बोलबाला हो रहा है।

उन्होंने 2018 चुनाव में राहुल गांधी द्वारा 10 दिन में किसानों का कर्जा माफ करने की घोषणा को लेकर कहा कि पिछले 4 सालों में किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ और 18 हजार किसानों की जमीन कुर्क हो गई और 200 सौ से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के शासन के दौरान महिलाएं सुरक्षित नहीं है वहीं औसतन प्रतिदिन 7 लोगों की हत्या हो रही हैं। प्रदेश में किसान, महिला, नौजवान यहां तक कि साधु संत भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने विधायक रामलाल शर्मा का धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा के विधायकों में कोई सरपंच की तरह काम करता है, तो वो रामलाल है। 20 वर्षों से जिस तरीके से रामलाल ने जनता की सेवा की है, वो अन्य विधायकों के लिए अनुकरणीय है, इसलिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं।

सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार ने जल जीवन के लिए राज्य सरकार को पैसे दिए, उन पैसों को राजस्थान के अधिकारियों ने खुर्दबुर्द करने का काम किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है और उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मकराना विधायक रूपाराम मुरवतिया ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार ने पेपर लीक मामलों में युवाओं के साथ धोखा किया है। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की सभा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम की वजह से सफल हो पाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने वीर हनुमान जी के रोप-वे को बंद करने का काम किया और साथ ही उन्होंने उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड को सरकार के कमजोर शासन का परिणाम बताया।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे से सवाई स्तर को गुंजायमान कर दिया। जन आक्रोश सभा में जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, विधानसभा प्रभारी मंजू देवी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान कमला देवी जयप्रकाश चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, गोविंदगढ़ अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, बांसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, पूर्व प्रधान महेश मीणा, पूर्व चेयरमैन आशीष दुसाद, उपाध्यक्ष कालूराम जाट, सरपंच रमेश शर्मा, त्रिलोक लोछिब, बाबूलाल गुर्जर, गौरी शंकर नेतड, सूरेश गुलिया, शंकरलाल, सुरेश सैनी, बंशीधर शेरावत, मोहन बराला, मांगीलाल शर्मा, बद्री प्रसाद यादव, पवन चोपड़ा, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, दिनेश चतुर्वेदी, जितेन्द्र सिंह, रामगोपाल मीणा, ओम प्रकाश दुसाद, विष्णु नागर, प्रमोद शर्मा बन्ना लाल जाटावाली, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, महेश यादव, अर्जुन यादव, प्रकाश हाटवाल, भाजयुमो अध्यक्ष योगेश यादव, अशोक सैनी, नानूराम पिपलोदा, एनआर गोरा, मोहन कुमावत, रामेश्वर चोपड़ा, बंसी मंडल, रामगोपाल बाबूजी, मालीराम शर्मा, महावीर सिंह, छोगाराम यादव, राजेंद्र गुलिया, धर्मेंद्र बंजार, गुलाब लांबा, हनुमान खोज, शंकर लाल, सहित हजारो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं और आमजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 380 यूनिट रक्त संग्रह



**खैरथल,** (निसं)। स्वामी ध्यानगिरी महाराज के मेले से पूर्व लगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शिविर में स्वस्थ पाए गए 380 लोगों ने रक्तदान किया जबकि बहुत से लोग वंचित रह गए। स्थानीय मंगलगिरी सन्यास आश्रम के प्रभारी संत स्वामी गोविन्दगीरी महाराज के सानिध्य में स्वामी ध्यानगिरी महाराज कि पुण्यतिथि पर 12 से 14 जनवरी तक लगने वाले मेले से पूर्व आयोजित रक्तदान शिविर में सामान्य अस्पताल अलवर, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक जयपुर, सेठ मक्खन लाल महावर ब्लड बैंक अलवर, अलवर ब्लड बैंक की मैडिकल टीमों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्तदान करवाया गया। प्रारंभ में भगवान झूलेलाल, दत्तात्रेय, स्वामी मंगलगिरी, स्वामी ध्यानगिरी, स्वामी सहजगिरी, स्वामी गोपालगिरी, स्वामी लीलाशाह कीइ प्रतिमाओं के समक्ष स्वामी गोविन्दगीरी के साथ अतिथियों व सेवादारों द्वारा पूजा अर्चना कर शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसमें पूज्य सिन्धी पंचायत मुखी मनोहरलाल रोघा, समाजसेवी लालचंद रोघा, पूज्य सिन्धी पंचायत अलवर के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, चेलाराम केवलानी, घनश्याम भारती, भासिस के प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, पार्षद जाजन मुलानी, पेसुमल आरलानी, आसुमल केवलानी, दयामल केवलानी, बाबू कोठारी, गिरधारीलाल, किशनचंद, राजकुमार दादवानी, जे.बी.मंघाराम, जेठानंद लखानी, सेवक लालवानी, गोपाल पेशवानी, अशोक महलवानी, धर्मदास गनवानी दीपचंद लोढ़ा मौजूद रहे।

### तंबाकू मुक्त अभियान के तहत कार्रवाई

**राजगढ़,** (निसं)। तंबाकू मुक्त अलवर अभियान के चलते राजगढ़ कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में उपखंड प्रशासन एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार को कार्रवाई की गई। बीसीएमओ डॉ आर एस मीणा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत कर्मचारियों ने केंद्रों पर तंबाकू मुक्त कार्यालय के बोर्ड लगाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्य में उनकी ओर से लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों को लेकर जागरुक भी किया गया। तंबाकू उत्पादों के स्थानों पर प्रयोग एवं प्रदर्शनी पर रोक को लेकर चलाए गए साझा अभियान से तंबाकू खाने वालों की मुसीबत बन गई है।

## नवनिर्मित न्यायालय भवन का हुआ ई-लोकार्पण

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के निकट सीडब्ल्यूसी गोदाम के पास नवनिर्मित न्यायालय भवन का शनिवार को मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के मुख्य न्यायाधिपति पंकज मित्थल ने वर्चुवली उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजन को सुलभ, सस्ता न्याय मिले यह न्यायपालिका का उद्देश्य है। इसके लिए न्यायिक अधिकारी ,अधिवक्ता ,कर्मचारी गण अपना अथक प्रयास करेंगे । राजस्थान में सब डिवीजन में जिस तरह से न्यायालय बन रहे हैं जो हर घर न्याय पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे । समारोह की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधिपति चंद्र प्रकाश सोनगरा ने कहा कि न्यायिक प्रणाली को कुशल व आधुनिक बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि नवनिर्मित भवन इस उद्देश्य को पूरा करेगा। न्यायालय भवन लोकार्पण समारोह के संरक्षक जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र सिंह चौधरी ने नवनिर्मित न्यायालय भवन की रूपरेखा बारे में बताया । इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, जिला पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ,राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर के बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र शांडिल्य ,बार काउंसिल इंडिया के पूर्व चेयरमैन वीरी सिंह सिनसिनवार, श्रीमाधोपुर के बार एसोसिएशन अध्यक्ष बनवारी लाल कुडी मंचस्थ थे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुडी ने मंच के माध्यम से जिला कलेक्टर को कहा कि नवनिर्मित कोर्ट से थोडी दूर स्थित दान में दी हुई 3 बीघा जमीन है ,एसडीम कोर्ट, एसीएम कोर्ट व तहसील तीनों का निर्माण यहां होने से आसानी रहेगी । इससे पहले हाई कोर्ट के जज सोनगरा को कोर्ट के नए कैंपस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर मंथन किया



मंडावरी कस्बे के श्री परशुराम सेवा सदन में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में विप्रजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

**मंडावरी लालसोट,** (निसं)। ब्राह्मण समाज मंडावरी द्वारा रविवार को श्रीपरशुराम सेवा सदन में आयोजित किए गए स्नेह मिलन समारोह के दौरान सार्वजनिक रूप से बैठक कर सामाजिक बुराइयों को दूर करने सहित व्याप्त कुरीतियों को दूर करने को लेकर सामूहिक मंथन किया गया।

इस बैठक के दौरान ब्राह्मण समाज के विप्र जनों द्वारा समाज के बालक बालिकाओं को तकनीकी शिक्षा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त सोच को लेकर आगे बढ़ने पर बल दिया गया। ब्राह्मण समाज की बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा लुप्त हो रही सनातन संस्कृति को बचाने एवं उनसे जुड़े धार्मिक महत्व को बरकरार रखने की तरफ भी समानांतर कार्य करते रहेंगे के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के दौरान वैदिक संस्कृति को लुप्त होने से बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले प्रयासों पर भी चर्चा की गई। इसके पश्चात ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज मंडल के अध्यक्ष सीताराम ढन्ढ उपाध्यक्ष हुकम कुमार हिंडोनिया कोषाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल भारद्वाज रामअवतार शर्मा, खेमराज जोशी बिरजू पान वाले पप्पू बंधु छगनलाल शर्मा केदार शर्मा गिरिराज शर्मा कजोड़ शर्मा जीतू एंबुलेंस गणेश मिश्र आदि कई विप्र बंधु मौजूद रहे।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती कमलेश देवी पत्नी श्री नानकराम सैनी, निवासी-68, सूर्य नगर, तारों की कूंट, टोंक रोड, जयपुर की रहने वाली हैं। मेरी अभिभाष्या के पुत्र जितेन्द्र सैनी पुत्र श्री नानकराम सैनी, पुत्रवधु हेमलता सैनी, पौत्र वक्षण सैनी मेरी अभिभाष्या के कहे में नहीं है इसलिये मेरी अभिभाष्या अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है अगर कोई भी व्यक्ति, संस्था, सर्वेन्ट, ऐजेन्ट, किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार मेरी अभिभाष्या के पुत्र, पुत्रवधु, पौत्र से करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी अतः सूचित रहें।
जयपुर (सुनील शर्मा) एडवोकेट
दिनाक-07.01.2023 मो.-9351159767

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या:-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 3683 दिनांक 22.11.2019 जारी कर आवास संख्या- 7/MA/72 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 72.000 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री रामदयाल शर्मा के पक्ष में किया गया था। श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा की मृत्यु दिनांक 08.04.2022 को हो जाने के पश्चात् उनके पुत्र श्री भारत शर्मा पुत्र स्व. श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री भारत शर्मा पुत्र स्व. श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर।


## 'विदेशी विश्वविद्यालयों की अनुमति से भेदभाव बढ़ेगा'

**जयपुर,** (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने प्रेस नोट जारी कर आक्रोश जताया है कि भारत में विदेशी विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थाओं को परिसर खोलने की अनुमति देने से शिक्षा के क्षेत्र में विषमता और भेदभाव तेज होगा।

क्योंकि विदेशी शिक्षण संस्थाओं को मनचाही फीस तय करने की पूर्ण आजादी होगी एवं इन पर आरक्षण नीति लागू नहीं होगी। इससे शिक्षा का निजीकरण एवं व्यापारीकरण तेज होगा। विदेशी शिक्षण संस्थानों को अनुमति देने से सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण, संविधान सम्मत समावेशी, सार्वजनिक शिक्षा का लक्ष्य कमजोर होगा। जरूरत तो असल में शिक्षा के निजीकरण को रोकने एवं शिक्षा पर सरकारी बजट बढ़ाने और सरकारी शिक्षा के प्रसार की है।

स्वदेशी की ज्यादा ही वकालत करने वाले अब शिक्षा में भी विदेशी पूंजी को अनुमति दे रहे हैं। रुक्टा डेमोक्रेटिक विदेशी संस्थानों को शिक्षा के क्षेत्र में परिसर खोलकर मुनाफा कमाने की अनुमति का पुरजोर विरोध करता है। जन हितैषी शिक्षा के समर्थक सभी शिक्षक,विद्यार्थी एवं नागरिक जन से इसका विरोध करने का आव्हान करता है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में 4 छात्रों का चयन

**सांभरझील,** (निसं)। अन्त विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में स्थानीय राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 4 छात्राओं का चयन हुआ है। खिलाडियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित कर रहे शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विगत 3 से 7 जनवरी को एलएनआईपीई विश्वविद्यालय, ग्वालियर मध्यप्रदेश में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता छात्र गायत्री चौधरी, मोनिका वर्मा, खुशी अटोलिया व शालु चौधरी ने राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को खेल में एक और उपलब्धि हासिल करवा कर क्षेत्र का राम रोशन किया है।

# श्री बालाजी गौशाला का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

■ जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा समेत अन्य ने की शिरकत

**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम नांगडीवास स्थित कसाणा की ढाणी, देव महाराज की बणि में श्री रतनदास महाराज के सानिध्य में श्री बालाजी गौशाला का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर भगवान श्री देवनारायण का विशाल मेला भी भरा।

वहीं गौशाला परिसर में नंदी महाराज की मूर्ति की स्थापना भी की गई। इस मौके पर आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाने साधे। राठौड ने कहा कि राजस्थान में फायरिंग, लूट, हत्या व दलित उत्पीडन जैसी घटनायें आम हो चुकी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि आये दिन होने वाली पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य को चौपट कर दिया है। आज प्रदेश का बेरोजगार दर-दर की ठोकर खाने पर मजबूर है। गृह राज्यमंत्री का क्षेत्र होने के बावजुद भी चोरी, फायरिंग जैसी घटनाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। ऐसे लगता है जैसे सरकार के संरक्षण में ही अपराध फल फूल रहा है। उन्होंने विभिन्न जनसमस्यायें उठाते हुए भविष्य में उनके निराकरण का आश्वासन भी दिलाया। कार्यक्रम को बतौर विशिष्ठ अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश्व शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल व शंकर लाल कसाना, पूर्व जिला मंत्री यादराम जाँगल समेत अन्य ने भी सम्बोधित किया। बालाजी गौ सेवा समिति, नांगडीवास के अध्यक्ष बलराम दास समेत ग्रामीणों ने अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विभिन्न जन समस्यायें भी क्षेत्रीय सांसद के आगे रखी।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.)(जिला-टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2021-22/12613 दिनांक-5/1/2023
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्री राजेश अरोड़ा पुत्र एस.एम.अरोड़ा, कुनाल अरोड़ा पुत्र राजेश अरोड़ा निवासी डीबी 67 जय जवान कॉलोनी प्रथम टोंक रोड जयपुर, मालवीय नगर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक के औद्योगिक प्रयोजनार्थ भण्डारण (कृषि आधारित वेयर हाउस/गोदाम) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तह.निवाई जिला टोंक | निवाई | 3656, 3657 3658/2 | कुल रकबा 40089 वर्गमीटर में 10045.17 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक.... को जारी की जाती है।
(श्रीमती महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.)(जिला-टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2021-22/12618 दिनांक-5/1/2023
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्री राजेश अरोड़ा पुत्र एस.एम.अरोड़ा, कुनाल अरोड़ा पुत्र राजेश अरोड़ा निवासी डीबी 67 जय जवान कॉलोनी प्रथम टोंक रोड जयपुर, मालवीय नगर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक के औद्योगिक प्रयोजनार्थ भण्डारण (कृषि आधारित वेयर हाउस/गोदाम) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तह.निवाई जिला टोंक | निवाई | 3657, 3658/2 | कुल रकबा 09 बीघा 01 बिस्वा में से 10822.47 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक.... को जारी की जाती है।
(श्रीमती महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**
क्रमांक-न.पा.नि./कृ.भू./2022-23/12610 **लोक सूचना** दिनांक-5/1/2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई के मास्टर प्लान के 2031 अनुसार निम्नांकित आवासीय कॉलोनियों में आबादी/आवासीय कॉलोनियां, विकसित हो जाने के कारण जनहित की दृष्टि से निम्नानुसार मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना है।

| क्र. सं. | कॉलोनी का नाम | मास्टर प्लान 2031 में भू उपयोग | भू उपयोग किया जाना है |
|---|---|---|---|
| 1 | श्याम नगर खसरा नम्बर 3921, 3922, 3923 | खेल मैदान एवं क्षेत्रीय बाग | आवासीय |
| 2 | दादू विहार विस्तार खसरा नम्बर 1479/1, 1489/1, 1490/1 | सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालय हेतु | आवासीय |
| 3 | खसरा नम्बर 933, 934 व 936 | सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालय हेतु | आवासीय |
| 4 | गुरूकृपा कॉलोनी रेलवे स्टेशन रोड खसरा नम्बर 1533, 1534, 1535, 1544, 1545 व 1546 | अन्य सामुदायिक सुविधाएं व सामान्य चिकित्सालय से | आवासीय |
| 5 | आवासीय कॉलोनी खसरा नम्बर 1834 | श्मशान | आवासीय |
| 6 | खसरा नम्बर 2973,2974,2975 व 2976 | सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालय हेतु | आवासीय |

उपरोक्त प्रकरणों में भू-उपयोग परिवर्तन में कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई


# राजस्थान की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल: केन्द्रीय मंत्री शेखावत



केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का राजपूत समाज के लोगों ने तलवार भेंटकर स्वागत किया।

■ टोंक जिले की जनाक्रोश सभा का निवाई में हुआ समापन

**निवाई,** (निसं)। भाजपा की जन आक्रोश सभा खण्डेलवाल धर्मशाला में आयोजित हुई। जनाक्रोश सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। सरकार बनने से पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार बनने के बाद दस दिन में किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ करने का वादा किया। चार साल बीत गए एक भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ। कांग्रेस की सरकार ने युवाओं के साथ भी धोखा किया। अब तक 18 परीक्षाओं के पर्चे लीक हो चुके हैं जिससे युवाओं को भविष्य अंधकार में चला गया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार ने स्कूलें खोल दी लेकिन संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए। कॉलेज खोल दिए लेकिन उनमें प्रोफेसर व प्रिंसिपल नहीं लगाए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करना तो दूर की बात उन्हें विफल करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री बने रहने व बनने की लडाई के कारण 4 वर्षो से चल रही है जिससे मंत्रिमंडल व ब्यूरोक्रेसी दो भागों में बंटी हुई है।

भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कुर्सी की लडाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि जब शासन का ध्यान कुर्सी की तरफ रहता है तो प्रशासन बेलगाम हो जाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोडने के बजाए राजस्थान में कांग्रेस जोडने का कार्य करें तो बेहत्तर हो। सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया ने कहा कि प्रदेश में जनता की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। कांग्रेस सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बहुत अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों में अलवर अपराधों का हब बन गया है। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने जिले में बीसलपुर पानी की सप्लाई को बढाने की मांग की। सभा के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का राजपूत समाज ने तलवार भेंटकर स्वागत किया। सभा को जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, जिला प्रमुख सरोज बंसल,प्रभारी अशोक सैनी, मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, प्रधान रामावतार लांगडी, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,विधानसभा जन आक्रोश यात्रा प्रभारी राजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी,नरेश बंसल, यात्रा सह संयोजक रमाकांत शर्मा,रतनदीप गुर्जर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा,बबलू सैनी, नरेंद्र शर्मा,जितेंद्र कुमार जैन,मनोज पाटनी,संत कुमार जैन,मंडल अध्यक्ष दयाराम जाट, देवराज गुर्जर,मदन लाल सैनी, शिवदयाल गुर्जर, सवाईभोज गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत को भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाई तथा 51 मीटर का साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 21.08.2021 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. श्री ध्रुव शर्मा, 2. श्रीमती स्वाती जैमन को जारी किया गया था, जिसमें 21.08.2021 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशि रूपये 58,43,814.23/- (रूपये अठावन लाख तियालीस हजार आठ सौ चौदह और पैसे तेईस मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जनवरी 2023 के 5वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 58,43,814.23/- (रूपये अठावन लाख तियालीस हजार आठ सौ चौदह और पैसे तेईस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**
प्लाट नं. 45, क्षेत्रफल 200 वर्गगज, स्कीम नं. 15, देवधरा कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर राजस्थान-302039 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें निम्न है : पूर्व : प्लाट नं. 6, पश्चिम : रोड 30 फिट चौडी, उत्तर : प्लाट नं. 44, दक्षिण : प्लाट नं. 46

दिनांक 05.01.2023
स्थान - जयपुर
ऋण खाता संख्या - 23878567
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

## संक्षिप्त

### महेश शर्मा जिला समन्वयक बने

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने भारत जोडो यात्रा का विस्तार करते हुए आगामी 26 जनवरी 2023 से हाथ से हाथ जोडो अभियान को लेकर जिला स्तर पर प्रदेश में समन्वयकों की नियुक्ति की है। जिसके तहत टोंक जिला समन्वयक विप्र कल्याण बोर्ड (राज्य मंत्री) अध्यक्ष महेश शर्मा को बनाया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि हाथ से हाथ जोडों अभियान के अन्तर्गत वार्ड, गांव, ब्लॉक, जिला प्रदेश स्तर पर लगभग 2 महीने तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। जिसमें कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के अध्यक्ष के अलावा समस्त जिला पदाधिकारी एवं कांग्रेस जन आवश्यक रूप से भाग लेंगे।

### 2 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**चाकसू, (निसं)।** रविवार को सांगानेर में उर्दू प्रतियोगिता (मुकाबले) का आयोजन किया गया। जिसमें कुरान पाक की तिलावत, नाते पाक, बयान सहित कई प्रोग्राम हुए जिसमे चाकसू मस्जिद लोहारन के छात्र मुहम्मद फैज़ान पुत्र मुहम्मद शाहीद व अलीशा पुत्री मुहम्मद सईद ने नात गोई मे हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों के प्रथम स्थान प्राप्त करने छात्रों के उस्ताद मुहम्मद सुफियान, मदसरे अध्यक्ष हाजी हनीफ ने बच्चो को मुबारक बाद दी।

### बजरी सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रोली को जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि रविवार की अलसवेरे दौराने गश्त के पारली गांव के पास अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर चालक सुभान पुत्र सकुर निवासी पारली को गिरफतार कर एमएमआरडी एक्ट मे मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कुमावत विकास समिति की हुई बैठक

**मालपुरा, (निसं)।** कुमावत समाज विकास समिति की आवश्यक बैठक रविवार को डिग्गी मे आयोजित की गई। एडवोकेट नितिल कुमावत ने बताया कि समाज की मासिक बैठक मे धर्मशाला पुर्ननिर्माण करवाये जाने एवं समिति के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया।

# समाज के प्रोत्साहन से प्रतिभाएं निखरती हैं : राम रिछपालदास

**पावटा, (निसं)।** प्रतिभाएं हर घर में होती है यदि समाज इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें तो वे और अधिक मुखरित हो कर अपने अपने लक्ष्य तक पहुंच कर अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित कर सकती है।

ये उद्गार श्रीत्रिवेणी धाम महाराज राम रिछपालदास महाराज ने आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा आयोजित विप्र शंखनाद व प्रतिभा समान समारोह को संबोधित करते हुए कहे। पीठाधीश्वर सोमेंद्र

- **तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा विप्र शंखनाद व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**



**श्रीत्रिवेणी धाम के राम रिछपालदास महाराज ने पावटा में आयोजित विप्र शंखनाद व प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित किया।**

महाराज विराटनगर ने कहा कि प्रतिभाओं को हर जगह सम्मान मिलता है किंतु समाज के मंच पर सम्मान मिलना सबसे बड़े गर्व की बात होती है। समारोह के मुख्य अतिथि एसडी शर्मा सभापति देवस्थान विभाग ने कहा कि व्यक्ति के जीवन का आधार शिक्षा और संस्कार है, बिना शिक्षा के व्यक्ति आगे बढ़ नहीं सकता और बिना संस्कार के शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। इसीलिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना अति आवश्यक है। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा को इस रचनात्मक आयोजन के लिये साधुवाद दिया। कोटपुतली ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने कहा कि समाज का संगठन यदि रचनात्मक सोच के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे तो समाज को एक आदर्श स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। इस दौरान डॉ. रजनीश शर्मा शाहपुरा, प्रवीण व्यास ने भी संबोधित किया।

आगंतुक अतिथियों एसडी शर्मा सभापति देवस्थान विभाग, सुभाष शर्मा पूर्व विधायक, महेंद्र शर्मा पूर्व ओएसडी मुयमंत्री, पुष्पेंद्र भारद्वाज प्रभारी सांगानेर, प्रवीण व्यास, पवन शर्मा, रजनीश शर्मा, शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा प्रवेंद्र शर्मा विराट नगर, वैभव शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, भास्कर शर्मा, पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौड ने भगवान श्री गणेश व परशुराम के चित्रों पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर शंखनाद कर समारोह का शुभारभ किया गया। समारोह में कोटपुतली, शाहपुरा, विराट नगर, पावटा तहसील के विद्यार्थियों व विभिन्न उपलब्धि प्राप्त युवाओं को भगवान श्री परशुराम की तस्वीर व दुपट्टा पहना कर समानित किया गया। वही पूज्य संत त्रिवेणी धाम महाराज राम रिछपाल दास महाराज, पीठाधीश्वर सोमेंद्र महाराज विराटनगर, झीडा का बालाजी मंदिर सांवरमल महाराज व आगंतुक अतिथियों का स्वागत समाज के वरिष्ठ जनों ने किया।

इस दौरान तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने आगंतुक अतिथियों व विप्र जनों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पावटा ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौड, दीपक शर्मा, तहसील महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, गजानंद टीलावत, सुरेश शर्मा बजरंगपुरा, एडवोकेट विष्णु पटेल, दीपक पटेल, योगेश शर्मा, विमल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, धीरज वशिष्ठ, विकास शर्मा सहित तहसील ब्राह्मण महासभा पदाधिकारी वह कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत इकाई अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेलर से करीब 300 लीटर डीजल निकाला

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती बावडी हाईवे पर शनिवार रात को अज्ञात चोरों ने एक ट्रेलर को निशाना बनाते हुए ट्रेलर से करीब 300 लीटर डीजल चुरा ले गए।

वही उपस्थित लोगों में जाग होने के बाद मौके से कार सवार अज्ञात चोर फरार हो गए। आए दिन हाईवे पर एक के बाद एक डीजल चोरी की घटना सामने आना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल निशान खडा कर रहा है।जानकारी के अनुसार पावटा कस्बे के निकटवर्ती बावडी में सर्विस रोड पर कारखाने में खडी एक ट्रेलर को चोरों ने निशाना बनाते हुए ट्रेलर से करीब 300 लीटर डीजल चुरा लिया। चालक मनीष योगी बागावास अहिरान निवासी ने बताया कि वह सिकंदराबाद से ट्रेलर में माल भरकर बूंदी की ओर जा रहा था तभी रात्रि विश्राम के लिए बावडी कस्बे के पास एक कारखाने पर गाडी को खडा कर दिया। जिस पर चोरों ने करीब 3ः00 बजे ट्रेलर से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। इस दौरान प्रागपुरा थाना हेड कांस्टेबल सुरेंद्र मय जाब्ते मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। वहीं उपस्थित लोगों ने रात्रि को गश्त बढाने की मांग की है और जल्द से जल्द आरोपियों को पकडने की भी मांग की गई है। इस दौरान पुलिस स्टाफ से रितेश कुमार, अनूप सिंह व ग्रामीणों में सतार खान, हनुमान योगी, योगेश योगी, मनीष जांगिड, लालाराम गुर्जर, महिपाल यादव, कमरूद्दीन, तेजपाल यादव, पप्पू यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मिर्जा इरशाद बैग का स्वागत



**टोंक, (निसं)।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजीज कुरैशी के कार्यालय बावडी रोड पर शहर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद मिर्जा इरशाद बैग को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व संगठन महामंत्री एहसान बाबा ने बताया कि रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर अब्दुल अजीज कुरैशी के नेतृत्व में शहर ब्लॉक कांग्रेस के नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद मिर्जा इरशाद बैग का स्वागत किया गया तथा सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह आशा जाहिर की है कि नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर एहसान बाबा, पार्षद अत्ताउल्ला खांन, इंटक रशीद, जर्रार खान आदि कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किये तथा नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष तथा टोंक विधायक सचिन पायलट प्रदेश आलाकमान का आभार व्यक्त किया। नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा इरशाद बैग ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरैशी के द्वारा किये गये संगठन के हित के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुराद गांधी को खादी लघु उद्योग में राज्य स्तरीय सदस्य बनाने, अजीज कुरैशी व एहसान बाबा को माला व साफा पहनाकर बधाई दी है।

### भावना का इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयन

**चाकसू, (निसं)।** देश में बाल वैज्ञानिकों के चयन के लिए संचालित



इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में कस्बे की माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की एक छात्रा का चयन हुआ है। छात्रा का प्रोजेक्ट ऑटो स्ट्रीट लाइट था। छात्रा पढ़ने में होशियार है बालिका के पिता मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा भावना बंसीवाल पुत्री कालूराम का इंस्पायर अवार्ड 2023 हेतु चयन हुआ है प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा दस-दस हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जाएग जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर प्रदर्शनी द्वारा तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने का एक और मौका मिलेगा।

### शेरा की ढाणी ने फाइनल जीता



**जयपुर, (निसं)।** चतुर्थ वीर विराट क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में फाइनल मैच सेवड़ा की ढाणी क्रिकेट क्लब व पंचायत समिति क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। पंचायत समिति क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 86 रन बनाए, शेरा की ढाणी क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट से अपनी जीत दर्ज की मैन ऑफ दा मैच बालासाहय गुर्जर रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रत्नाकुमारी, अंकित चेची आरके ग्रुप जन सेवा के अध्यक्ष रोहतास जी भडाणा विनोद जी चेची सुमित दोराटा, अनिल जी फौजी पूरण जी गुर्जर मुकेश मीणा फॉरेस्टर भाई सत्यनारायण हौंडा केयर सत्यनारायण सैनी रहे। मैन ऑफ द सीरीज राहुल मीणा सताना रहे। प्रतियोगिता का तृतीय पुरस्कार वीर विराट क्रिकेट क्लब ने प्राप्त किया। आयोजक अनिल जी गुरु जी ने बताया टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया टूर्नामेंट छोटा था लेकिन बहुत ही आकर्षक शानदार टूर्नामेंट रहा। साथ ही गुरु जी ने विराटनगर नगर पालिका में खेल स्टेडियम की मांग रखी। समापन समारोह में राहुल गुर्जर सुभाष गुर्जर विक्रम गुर्जर राजेश सैनी हरदयाल गुर्जर राघव शर्मा प्रकाश सैनी योगेश गुर्जर ओम प्रकाश जी गुरु जी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ट्रॉफी भाई सत्यनारायण सैनी द्वारा दिए गए।

### ई-मित्र के ताले तोड़े

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षेत्र के तिलांजू गांव में शनिवार की रात को चोरों ने ई-मित्र सेन्टर के ताले तोड नगदी व लैपटॉप चोरी की वारदात को दिया अंजाम। थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि ई-मित्र संचालक पिन्टू बैरवा द्वारा दी रिपोर्ट मे अवगत करवाया गया कि रविवार की सवेरे जब वो दुकान पर पहुंचा तो ताले टूटे मिले व सामान बिखरा हुआ था। देखने पर सामने आया कि एक लैपटॉप व काउंटर मे रखे 7 हजार रूपये नगदी सहित सामान चुरा ले गये। मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

## पुलिस जवान का स्वागत

**टोंक, (निसं)।** थाना पुरानी टोंक के आसूचना अधिकारी राजेश की कडी मेहनत एक व्यक्ति के बैग से गुम हुए 42 हजार 500 रुपए नगद व चेक सहित जरुरी दस्तावेज के मिलने पर वापस परिवादी ने आसूचना प्रभारी स्वागत कर पुरानी टोंक थाना अधिकारी टीम का आभार व्यक्त किया। थाना पुरानी टोंक के आसूचना अधिकारी राजेश की कडी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा का सराहनीय परिणाम देखने को मिला, तीन दिन पहले एक बैग की गुमशुदगी दर्ज हुई, जिसमें 42 हजार 500 रुपए नगद व चेक बुक और कहीं सारे जरूरी कागजात शामिल थे। सीनियर अधिकारियों के मार्गदर्शन व खुद के विवेक से शहर के कहीं सारे कैमरे खंगाले गए और कहीं लोगों की पूछताछ के आधार पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। रविवार को बस स्टैंड चौकी टोंक पर परिवादी को बैग सुपुर्द करने पर उसके चेहरे की चमक देखने लायक थी, परिवादी ने थाना प्रभारी व आसूचना अधिकारी को साफा वह माला पहनाकर स्वागत कर मुंह मीठा करवाया।

# नई शिक्षा नीति से 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है : गजेन्द्र सिंह

- **केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने विद्या भारती एवं पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन एवं लक्ष्य स्मृति महोत्सव को संबोधित किया**

**दौसा, (निसं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद यह भारत की केवल तीसरी शिक्षा नीति है। शिक्षा के लिए पहली नीति 1968 में प्रख्यापित की गई थी और दूसरी 1986 में लागू की गई थी। नई शिक्षा नीति लागू करने के पीछे केन्द्र सरकार का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है।

जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत रविवार को उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में विद्या भारती एवं पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय पूर्व छात्र सम्मेलन एवं लक्ष्य स्मृति महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में विद्या भारती ने संस्कारों का बीजारोपण किया है, जिसके कारण संस्कारों के साथ-साथ शिक्षा में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने 30 वर्ष बाद 2020 में नई शिक्षा नीति लागू की है, देश की आवश्यकता के अनुसार की नई शिक्षा नीति का गठन किया गया है, शिक्षा नीति में कौशल विकास पर विशेष बल दिया गया है। पूर्व में 1968 और 1986 में नई शिक्षा पद्धति का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पूर्व की शिक्षा नीतियों में खासा बदलाव कर युवाओं को गुलामी की मानसिकता से बाहर किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास से जो छेडछाड की गई है, उसमें व्यापक स्तर पर सुधार किया जा रहा है। तत्कालीन शिक्षा पद्धति में देश के आक्रांताओं को महान बताया गया है, लेकिन देश की आजादी में बलिदान देने वाले लाखों लोगों का इतना उल्लेख नहीं मिलता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुये राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि मैकाले की शिक्षा ने देश को बर्बाद कर दिया। देश की सभ्यता एवं संस्कृति को बचाने के लिए विद्या भारती ने श्रेष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में संस्कारों के साथ साथ राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव हो इसकी प्रेरणा दी जाती है। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है व्यक्ति गौण है।

समारोह में पूर्व छात्र परिषद के प्रांत संयोजक मनोज राघव ने प्रस्तावना रखी। वहीं समारोह को प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र, विद्या भारती के संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डा सोहन लाल विभाग संघचालक, गोविंद क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती, प्रेम सिंह क्षेत्रीय सह मंत्री, मुकेश विभाग प्रचारक शरद क्षेत्रीय संयोजक पूर्व छात्र परिषद, रमेश शर्मा सह प्रांत कार्यवाह, रामवतार शास्त्री सह विभाग कार्यवाह, भगवान सहाय जिला संघचालक, महावीर क्षेत्रीय घुमंतू प्रमुख, बाबू लाल शर्मा क्षेत्रीय संस्कार केंद्र प्रमुख, विजय गोयल प्रांतीय अध्यक्ष, शैलेन्द्र शर्मा प्रांत मंत्री, केशर सिंह नरूका प्रांतीय सह मंत्री, डा शंकर लाल शर्मा अध्यक्ष आदर्श शिक्षा परिषद दौसा, राम मनोहर प्रांत निरीक्षक, राजेंद्र कुमार सोनी जिला व्यवस्थापक, बाबू लाल शर्मा पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, राजबहादुर सह व्यवस्थापक, बलवीर सिंह सह व्यवस्थापक, गोपाल शर्मा उपाध्यक्ष, मोहन लाल बंसल उपाध्यक्ष, चौथमल मीणा सदस्य, श्रीमती कमला शर्मा उपाध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'कला कॉलेज प्राचार्य के खिलाफ परिवाद दर्ज'

**अलवर, (निसं)।** कला कॉलेज के राजनीति विज्ञान के निलंबित एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.रमेश बैरवा की शिकायत पर शिवाजी पार्क थाने में प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास के खिलाफ परिवाद दर्ज हुआ है। शिकायत में आरोप लगाया है कि प्राचार्य ने आयुक्त कॉलेज शिक्षा को मिथ्या सूचना और साक्ष्य देकर डॉ.रमेश बैरवा को प्रताड़ित करवाने की शिकायत की थी।

शिकायत में लिखा है कि बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास एवं अन्य के खिलाफ 18.08.2022 को थाना शिवाजी पार्क अलवर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2015 के तहत संख्या 0249/2022 का मुकदमा दर्ज हुआ था,इससे डॉ. लवलीना व्यास बौखलाई हुई है। विधि की खुली अनदेखी कर,पद का दुरुपयोग कर इन्हें लगातार परेशान और प्रताड़ित कर रही है। डॉ.लवलीना व्यास ने अन्य लोगों के साथ षड्यंत्र कर इनकी संस्थागत हत्या के हालात बनाए हुए हैं। उच्च अधिकारियों को झूठी शिकायतें भेजकर इन्हें हानि पहुंचा रही है। आयुक्त कॉलेज शिक्षा, जयपुर को प्राचार्य ने 20.08.2022 को डॉ.रमेश बैरवा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करवाने के लिए मिथ्या और मनगढ़ंत सूचनाओं पर आधारित शिकायत भेजी थी। इस मिथ्या शिकायत के कारण डॉ.रमेश बैरवा का सेवा से निलंबन और भारी क्षित हुई है। उच्च न्यायालय से निलंबन पर इन्हें स्थगन नहीं मिला। इन्हें और इनके परिवार को भारी आर्थिक व मानसिक हानि,ख्याति को नुकसान पहुंचा है।

## पुष्पा मेघवाल का स्वागत किया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे के स्वास्तिक पैराडाइज मैरिज गार्डन में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा एक स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान फुलेरा विधानसभा कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षा पुष्पा मेघवाल को बधाई देते हुए माला, दुपट्टा, पुष्पगुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं साथ में राज्य स्तरीय समिति खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सदस्य अयूब खान का भी माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

# 20 छात्र-छात्राएं हवाई यात्रा करेंगे

**दौसा, (निसं)।** राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा द्वारा दौसा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के नवाचार के लिए चलाई जा रही हवाई यात्रा 20 जनवरी को उदयपुर के लिए रवाना होगी। जिसमें 20 छात्र-छात्राओं सहित उनके परिजन भी उदयपुर के लिए रवाना होंगे, जहां सभी टॉपर्स को 2 दिन का भ्रमण कराया जाएगा। इस पर राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने अपने पैतृक गांव अलियापाडा के 6 छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया है। राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व शिक्षा में नवाचार एवं बेहतर परीक्षा परिणाम एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर परिणाम के लिए प्रोत्साहित के लिए हवाई यात्रा शुरु की गई थी। जिसके परिणामस्वरुप दौसा विधानसभा क्षेत्र की सभी सरकारी विद्यालयों के बेहरत परिणाम आये है। अन्य वर्षो की तुलना में इस बार सभी विद्यालयों के परिणाम शत प्रतिशत रहे है। उन्होने बताया कि इस बार 13 छात्रा, 7 छात्रों के साथ 11 अभिभावक व 2 शिक्षक मिलाकर कुल 35 लोग 20 जनवरी को सुबह 8 बजे जयपुर से उदयपुर के लिए हवाई जहाज से उड़ान भरेंगे जो 2 दिन और एक रात उदयपुर में ही रहेंगे।

# मोदी सरकार के कार्यों से देश का बढ़ा मान-सम्मान : राज्यवर्धन राठौड़

**कोटपूतली, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रविवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद कोष से नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन किया।

इस मौके पर सांसद राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के हालात किसी से भी छुपे नहीं है। राजस्थान में भ्रष्टाचार की अति हो चुकी है, ऐसा भ्रष्टाचार आज तक देखने को नहीं मिला। प्रदेश में सरकार एवं शासन का राज नहीं है, यहां तो माफियाओं का राज है। गहलोत सरकार पिछले चार साल सिर्फ कुर्सी बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त रही, जिसका परिणाम जनता भुगत रही है। गहलोत सरकार ने राजस्थान को पांच साल पीछे धकेल दिया और अपराधों में टॉप पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने चुनावों के समय जनता को गुमराह किया है। बेरोजगारी भत्ता तो दूर की बात है अगर परीक्षा ही सही तरह से करवा देते तो हमारे नौजवान आगे बढ़ जाते। राजस्थान में 16 बार पेपर लीक हुए है।



**सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ग्राम पंचायत बसई में सांसद कोष से नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन किया।**

- **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसई में पुस्तकालय कमरे का किया उद्घाटन**
- **इन्टरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए सांसद कोष से 7 लाख रूपये देने की घोषणा**

राजस्थान की भ्रष्ट सरकार ने युवाओं के सुनहरे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। किसानों का लोन माफ करना तो दूर की बात है अगर किसानों का बाजरा एमएसपी पर खरीद लेते तो बहुत बड़ी बात होती।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा प्रदेश में विकास कार्य ठप पडे हुए है। चहेते ठेकेदारों को टेंडर देने के लालच में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार से 27 हजार करोड़ रूपये मिलने के बाद भी राज्य सरकार सिर्फ साढ़े चार हजार करोड़ रूपये ही खर्च कर पाई। केन्द्र सरकार से गांव के विकास के लिए मिलने वाले पैसे को राज्य सरकार दो साल से रोक कर बैठी हुई है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा केन्द्र की मोदी सरकार देश व जनता के विकास तथा मान सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है। केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। गांवों के विकास के लिए मोदी सरकार ने जो योजनाएं चलाई है, उससे बहुत बड़ा बदलाव आया है। उज्जवला योजना और शौचालय निर्माण से महिलाओं को सम्मान मिला है। बैंक खाते खुलवाने से बिचौलिए समाप्त हुए अब किसान सम्मान निधि सीधे खातों में पहुंच रही है। साथ ही गांवों के विकास के लिए मिलने वाला पैसा भी सीधे सरपंच के खातों में पहुंच रहा है, जिससे गांवों के विकास को पंख लग गए है। इस मौके पर उन्होंने फिता काटकर पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन किया। साथ ही ग्राम पंचायत बसई में इंटरलॉकिंग सडक निर्माण के लिए सांसद कोष से 7 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। अध्यक्षता सरपंच कविता देवी ने की। सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर मीणा ने कर्नल राठौड़ का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा नेता मुकेश गोयल व शंकर लाल कसाना, पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, उपप्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, पंसस प्रतिनिधि वीरू कसाना, पंसस अशोक आर्य, पूर्व सरपंच जयराम गुर्जर, एड. मनोज चौधरी, एड. मुकेश चनेजा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप 12 से

**रामगढ पचवारा, (निसं)।** जिला स्तरीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप की 31वी दौसा जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 12 व 13 जनवरी 2023 को डीडवाना ग्राम पंचायत में होगा।दौसा जिला शूटिंग बॉल संघ के उपाध्यक्ष व आयोजन अध्यक्ष दीपक पटेल ने बताया की 31वी दौसा जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन स्व.उमेश चन्द शर्मा की स्मृति में आनन्द शूटिंग बॉल क्लब डीडवाना लालसोट के तत्वाधान में दिनांक 12-13 जनवरी को किया जायेगा.. चैंपियनशिप की तैयारीयो को लेकर रविवार को दौसा जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव सुनिल बैंसला व कोषाध्यक्ष गिर्राज प्रसाद बांसरोटा ने डीडवाना पहुंचकर आयोजन अध्यक्ष दीपक पटेल, सचिव प्रदीप कुमार शर्मा एवं ब्रजमोहन थानेदार डीडवाना सरपंच विनोद फुलवारिया दिलीप शर्मा अनिल चोपड़ा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर आयोजन की तैयारीयो को अंतिम रुप दिया गया। आयोजन अध्यक्ष दीपक पटेल ने बताया की इस चैंपियनशिप के खेल प्रदर्शन के आधार पर भीलवाड़ा में आयोजित होने वाली राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के लिए जिला शूटिंग बॉल संघ दौसा की टीम का चयन किया जायेगा।

# शिविर में 78 यूनिट रक्त संग्रहण किया



**प्रसून्न सेवा संस्थान एवं मां शाकम्भरी ग्रुप फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।**

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज की धर्मशाला भवन परिसर में रविवार को प्रातः 10:15 बजे से दोपहर 3:15 बजे तक प्रसून्न सेवा संस्थान एवं मां शाकम्भरी ग्रुप फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर महन्त सत्यनारायण सैनी महाराज, संत रामपाल महाराज, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी, पार्षद ताराचन्द सैनी, फुलेरा माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, रामजीलाल पापटवान, भंवर लाल राजौरा, डालचन्द सैनी (राजू काका) रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजकरण सैनी के द्वारा की गई, तथा कार्यक्रम संचालन योगेन्द्र गहलोत ने किया। गौरतलब है कि शिविर में 55 वर्षीय संत रामपाल महाराज ने भी रक्तदान कर एक मिशाल पेश की। शविर में जयपुर के संतोकबा दुर्लभजी ब्लड बैंक टीम ने डॉ. जी. एम. गुप्ता के नेतृत्व में कुल 78 यूनिट रक्त संग्रहित किया।



''एगर बायें हाथ का स्पिन गेंदबाज है और वह भारत जरूर जायेगा। हमने उसे ट्रायल के लिये टीम में नहीं रखा था। भारत की विकेट अलग है और वहां ऐसा गेंदबाज काफी उपयोगी साबित होता है।''

-पैट कमिंस

आस्ट्रेलियाई कप्तान-अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली श्रृंखला को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **दीपिका कुमारी**



मां बनने के बीस दिन बाद ही भारत की मशहूर तीरंदाज दीपिका कुमारी अपनी नवजात बेटी को सास ससुर के पास छोडकर 44 पाउंड का धनुष और तीर लेकर भारतीय खेल प्राधिकरण के अभ्यास केंद्र पर लौट आई है। दीपिका की नजरें यहां दस से 17 जनवरी तक होने वाले ओपन सीनियर राष्ट्रीय ट्रायल के जरिये भारतीय टीम में वापसी पर टिकी हैं। एक दशक से अधिक के कैरियर में दो बार दुनिया की नंबर एक तीरंदाज रह चुकी दीपिका ओलंपिक पदक को छोडकर सब कुछ जीत चुकी हैं। अगले साल पेरिस में ओलंपिक होने हैं और दीपिका को पता है कि यह उसके लिये आखिरी मौका है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## भारत दौरे से बाहर हुए मैट हेनरी

ऑकलैंड, 8 जनवरी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी पेट में खिंचाव के कारण भारत और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय शृंखलाओं से बाहर हो गये हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने शनिवार को ट्वीट करके बताया कि हेनरी को यह चोट पाकिस्तान के विरुद्ध खेले गये दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन लगी। बोर्ड ने फिलहाल हेनरी की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की घोषणा नहीं की है।

एनजेडसी ने ट्वीट किया, ''कराची में दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन पेट में खिंचाव के बाद मैट हेनरी टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों के साथ पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे और स्वदेश लौटेंगे। पाकिस्तान और भारत का सामना करने के लिये एकदिवसीय टीम में एक प्रतिस्थापन की जल्द ही पुष्टि की जाएगी।''

न्यूजीलैंड को पाकिस्तान की मेजबानी में नौ जनवरी से 13 जनवरी के बीच तीन एकदिवसीय मैच खेलने के बाद भारत रवाना होना है। ब्लैक कैप्स के भारत दौरे की शुरुआत 18 जनवरी को तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला से होगी। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी20 मैचों में भी आमने-सामने होंगी।

हेनरी के चोड़ग्रस्त होने से सीमित ओवर अभियानों में न्यूजीलैंड की समस्याएं बढ़ गयी हैं। हेनरी से पहले एडम मिल्ने भी चोट से पूरी तरह न उभर पाने के कारण भारत-पाकिस्तान दौरों से अपना नाम वापस ले चुके हैं जबकि काइल जेमिसन जून 2022 में इंग्लैंड दौरे पर लगी पीठ की चोट से अभी तक नहीं उभरे हैं।

## फॉलोआन के बावजूद द.अफ्रीका ने तीसरा टेस्ट ड्रॉ कराया

सिडनी, 8 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए रविवार को यहां अंतिम दिन 14 विकेट की दरकार थी लेकिन मेजबान टीम छह ही विकेट हासिल कर सकी जिससे तीसरा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहा।

मौसम से प्रभावित मैच के अंतिम दिन धूप खिली लेकिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 255 रन पर समेटकर फॉलोआन के लिए मजबूर करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ से संतोष करना पडा और टीम ने श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान डीन एल्गर (10) और हेनरिक क्लासेन (35) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 106 रन बनाए तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस समय सलामी बल्लेबाज सेरेल इर्वी 42 जबकि तेंबा बावुमा 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को समेटकर विरोधी टीम को फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (16 रन पर एक विकेट) ने एल्गर को पवेलियन भेजा। एल्गर ने मौजूदा श्रृंखला की छह पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए। उन्होंने 3, 2, 26, 0, 15 और 10 रन की पारियां खेली।

जोश हेलवुड (नौ रन पर एक विकेट) ने क्लासेन की पारी का अंत किया लेकिन इर्वी और बावुमा ने मैच ड्रॉ करा दिया। दक्षिण अफ्रीका का 47 मैच में यह पहला ड्रॉ है।

इससे पहले हेजलवुड ने 48 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंततः दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को समेटकर टीम को 255 रन पर आउट किया जो फॉलोआन बचाने के स्कोर से 20 रन कम थे। निचले क्रम में मार्को जेनसन ने 78 गेंद में 11 रन बनाए। केशव महाराज ने 81 गेंद में 53 रन की पारी खेली जबकि साइमन हार्मर ने 165 गेंद में करियर की सर्वश्रेष्ठ 47 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की फॉलोआन टालने की उम्मीद जगाई थी।

हार्मर और महाराज ने 27 ओवर में 85 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को एक और जीत से महरूम रखने में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों को हेजलवुड ने आउट किया।

नाथन लियोन (88 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कागिसो रबादा को अपनी ही गेंद पर लपककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका को समेटने के लिए 47 ओवर थे लेकिन मेजबान टीम को सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया ने क्लीनस्वीप और जून में इंग्लैंड के लाड्र्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह सुनिश्चित करने का मौका गंवा दिया।

ऑस्ट्रेलिया को फरवरी में भारत के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला के दौरान फाइनल में जगह बनाने का मौका फिर मिलेगा। इस मैच में बारिश और खराब मौसम का असर दिखा। पहले दो दिन सिडनी क्रिकेट ठााउंड पर मैदान गीला होने से मैच देर से शुरू हुआ जबकि तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। चौथे दिन भी लंच के बाद ही खेल हो पाया।

## राउंडग्लास पंजाब ने नेरोका को 3-1 से रौंदा

पंचकुला, 8 जनवरी। राउंडग्लास पंजाब एफसी (आरजी पीएफसी) ने रविवार को हीरो आई-लीग 2022-23 सीजन के दसवें चरण के मुकाबले में नेरोका एफसी को 3-1 से हराकर घर में अपनी अजेय लय बरकरार रखी।

ताऊ देवी लाल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में लुका माजेन (12वां मिनट), ब्रैंडन वनलालरेमडिका (15वां मिनट) और कृष्णानंद सिंह (77वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये गोल किये। युमनाम गोपी सिंह ने 44वें मिनट में नेरोका एफसी का एकमात्र गोल जमाया।

ब्रैंड वनलालरेमडिका को हीरो ऑफ द मैच चुना गया। आरजीपीएफसी के नौ मैचों में 17 अंक अर्जित करके आई-लीग तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है, जबकि नेरोका एफसी दस मैचों में सात अंक के साथ 12 टीमों की तालिका में 11वें स्थान पर है। आरजीपीएफसी अपने अगले मैच में 14 जनवरी को पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम पर मुंबई केंकरे एफसी से भिडेगी।

## पांड्या ने नेहरा को दिया कप्तानी में आये बदलाव का श्रेय

राजकोट, 8 जनवरी । भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने उनकी कप्तानी में ''बडा बदलाव'' लाने का श्रेय गुजरात टाइटन्स में उनके कोच आशीष नेहरा को दिया है। पांड्या ने यहां श्रीलंका के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद शनिवार को कहा, ''मैंने कभी जूनियर क्रिकेट में भी कप्तानी नहीं की थी। जब मैं अंडर-16 में था, मैंने बडौदा की कप्तानी की थी।

उसके बाद सबको लगा कि मुझे अपने क्रिकेट पर ध्यान देना चाहिये, और तब से मैं कभी कप्तान की भूमिका में नहीं आया।'' उन्होंने कहा, ''गुजरात के नजरिये से देखा जाये तो जो सबसे जरूरी चीज रही है, वह मेरे कोच थे जिनके साथ मैंने काम किया। आशीष नेहरा मेरे जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आये हैं। हम दो अलग-अलग लोग हो सकते हैं, लेकिन जब बात क्रिकेट की आती है तो हमारा नजरिया और सोच काफी मिलते-जुलते हैं।'' आईपीएल 2022 में पहली बार उतरी गुजरात टाइटन्स ने पांड्या-नेहरा की अगुवाई में खिताब अपने नाम किया था। उसके बाद से पांड्या आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की अगुवाई कर चुके हैं। इनमें से छह में उन्हें जीत मिली है, जबकि एक में हार और एक मुकाबला टाई रहा है। पांड्या ने कहा, ''उनके साथ रहने से मेरी कप्तानी में वजन आ गया। मैं हमेशा से खेल को समझ सकता था लेकिन मुझे भरोसे की जरूरत थी। उन्होंने उन चीजों पर विश्वास जताया जो मैं पहले से जानता था, जिससे मुझे मदद मिली।'' भारत ने श्रीलंका को टी20 सीरीज के निर्णायक मैच में शनिवार को 91 रन से रौंद दिया। उपकप्तान सूर्यकुमार यादव ने जहां 51 गेंदों पर नाबाद 112 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं टीम में नये आये राहुल त्रिपाठी ने भी 16 गेंदों पर 35 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और शुभमन गिल को जहां शुरुआती ओवरों में संघर्ष करना पड़ा, वहीं अपना दूसरा मैच खेल रहे त्रिपाठी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के जडे। पांड्या ने त्रिपाठी की बल्लेबाजी के बारे में कहा, ''सब जानते हैं कि सूर्य ने क्या किया, लेकिन राहुल त्रिपाठी का भी उल्लेख जरूरी है। उन्होंने जो रवैया अपनाया, वह खेल को पलट सकता है। अगर आप शुरुआती दो ओवर देखते तो गेंद हरकत कर रही थी। बाहर बैठे लोगों को लगा कि विकेट में गेंदबाजों के लिये मदद है, लेकिन त्रिपाठी के बल्लेबाजी के तरीके की वजह से गेंदबाजों ने अपना टप्पा बदला और थोडी ही देर में गेंद ने हरकत करना बंद कर दी।

## कोको गॉफ ने एएसबी क्लासिक का खिताब जीता

ऑकलैंड, आठ जनवरी। शीर्ष वरीय अमेरिका की कोको गॉफ ने नए सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में स्पेन की क्वालीफायर विक्टोरिया मासारोवा को हराकर एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

गॉफ ने मासारोवा को सीधे सेट में 6-1, 6-1 से हराकर अपना तीसरा डब्यूटीए खिताब जीता जो हार्ड कोर्ट पर उनका पहला खिताब है। इस जीत से साल के पहले ठौंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले गॉफ का मनोबल बढ़ेगा।

फाइनल के दौरान भी बारिश के कारण लंबा ब्रेक देखने को मिला। ऑकलैंड में पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई मुकाबलों में बारिश के कारण लंबा ब्रेक देखने को मिला जबकि कई मुकाबलों को इंडोर कोर्ट पर कराने को बाध्य होना पडा।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ओर सातवीं वरीय डेंका कोवीनिक जैसी खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलने के बावजूद गॉफ ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान कोई सेट नहीं गंवाया। गॉफ ने कहा, ''बारिश के बावजूद यह हफ्ता मेरे लिए शानदार रहा। मैं अपने लिए सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी।'' उन्होंने कहा, ''यह 15 साल की उम्र से खेलते हुए हार्ड कोर्ट पर मेरा पहला खिताब है इसलिए अंततः उस सतह पर प्रभावी प्रदर्शन करके अच्छा लग रहा है जो मुझे पसंद है।''

## अमेरिका ने जीता पहला यूनाइटेड कप

सिडनी, 8 जनवरी । मैटियो बेरेटिनी पर टेलर फ्रिट्ज़ की जीत के साथ अमेरिका ने पहले यूनाइटेड कप के फाइनल में रविवार को इटली को 3-0 से हराकर यह खिताब जीत लिया।

फ्रिट्ज़ जब कोर्ट में उतरे तब अमेरिका 2-0 की बढ़त बना चुका था और उसे 1.5 करोड़ डॉलर का खिताब हासिल करने के लिये सिर्फ एक और जीत की जरूरत थी।

फ्रिट्ज़ ने मिश्रित टीम टूर्नामेंट के फाइनल में इटली के बेरेटिनी को 7-6(4) 7-6(6) से मात देकर अमेरिका के लिये खिताब सुनिश्चित किया।

इससे पहले, फ्रिट्ज़ की टीम की साथी जेसिका पेगुला ने इटली की मार्टिना ट्रेविसान को 6-4, 6-2 से मात दी, जबकि लोरेंज़ो मुसेटी ने चोट के कारण फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया।

मुसेटी को दाहिने कंधे की यह चोट मुकाबले के दूसरे सेट में लगी। इससे पूर्व टियाफो ने पहला सेट 6-2 से जीता था।

टियाफो ने मैच के बाद कहा, ''वह (लोरेंजो) काफी अच्छा खेल रहे थे। मुझे लगा कि मैं बेहतर स्तर पर खेला। मैं देख सकता था कि वह अपने कंधे को बहुत ज्यादा अंदर खींच रहे थे। मैं इस तरह से जीतना नहीं चाहता, खासकर अपनी टीम और खुद के लिए। मुझे उम्मीद है कि लोरेंजो जल्द ही ठीक होंगे।''

## डेविस ने गार्सिया को हराकर डब्ल्यूबीए लाइटवेट खिताब बरकरार रखा

वाशिंगटन, 8 जनवरी । जेर्वोंटा डेविस ने शनिवार को यहां आठ दौर के बाद तकनीकी नॉकआउट से हेक्टर लुईस गार्सिया को हराकर अपने डब्ल्यूबीए विश्व लाइटवेट चैम्पियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

डेविस ने 26वें नॉकआउट के साथ लगातार 28वीं जीत दर्ज की। उन्होंने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए गार्सिया को हराया जिनकी 17वें पेशेवर मुकाबले में यह पहली हार है।

गार्सिया ने डेविस को कडी टक्कर दी लेकिन वह नौवें दौर में धाराशायी हो गए। रात एक बजे के बाद शुरू हुए इस मुख्य मुकाबले को देखने के लिए 19,731 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा था।

## विश्व कप में उलटफेर करने आये हैं : वेल्स कप्तान शिपरले

भुवनेश्वर, 8 जनवरी । वेल्स के कप्तान रूपर्ट शिपरले ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के लिये ओडिशा आगमन पर कहा है कि वह यहां उलटफेर अंजाम देने आये हैं।

शिपरले ने शनिवार को बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन के बाद कहा, ''हम यहां जीतने आये हैं, सीधी बात है। हम यहां सिर्फ टीमों की संख्या बढ़ाने नहीं बल्कि उलटफेर अंजाम देने आये हैं।''

पहली बार पुरुष हॉकी विश्व कप में हिस्सा ले रही वेल्स ठ्रुप-डी में अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 13 जनवरी को करेगी, जबकि उनका दूसरा मुकाबला 15 जनवरी को स्पेन से होगा। यह दोनों मुकाबले राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। शिपरले की टीम ग्रुप-स्टेज का अपना आखिरी मैच मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमें इससे पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भी आमने-सामने आयी थीं, जहां भारत ने 4-1 से मुकाबला जीता था। शिपरले ने कहा कि उनकी टीम ने तब से अब तक अपने खेल पर काम किया है और वे 19 जनवरी को मेजबान टीम से भिड़ने के लिये तैयार हैं। शिपरले ने कहा, ''हम भारतीय प्रशंसकों के सामने उनकी टीम का सामना करने के लिये उत्सुक हैं। यह एक विशेष अवसर होने जा रहा है। हमने अपने पूली की सभी टीमों से पहले भी मुकाबला किया है और हम जानते हैं कि हमें उनसे क्या अपेक्षा करनी है। हम अब बस मैदान पर उतरने के लिये व्याकुल हैं।'' वेल्स के मुख्य कोच डैनी न्यूकॉम्ब ने भी पहली बार विश्व कप खेलने पर अपनी उत्सुकता जाहिर की। न्यूकॉम्ब ने कहा, ''हम यहां आकर भारत में अपना पहला विश्व कप खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यहां होना हमारे लिये सौभाग्य की बात है लेकिन हम आखिरकार यहां हॉकी खेलने आये हैं। भारतीय प्रशंसकों के सामने भारत के खिलाफ खेलना सोने पे सुहागा है।''

न्यूकॉम्ब ने पूल डी की अन्य टीमों को चेतावनी देते हुए कहा कि वेल्श टीम किसी भी तरह के दबाव में धराशाई नहीं होने वाली है। न्यूकॉम्ब ने कहा, ''खिलाड़ियों का यह समूह काफी अनुभवी है। हम में से अधिकांश लगभग छह साल से साथ हैं और हमने यहां रहने का अधिकार अर्जित किया है, हम यहां सिर्फ एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में भाग लेने नहीं आये हैं।''

## आप जितना अधिक दबाव डालेंगे उतना अधिक अच्छा खेल सकते हैं: सूर्यकुमार

राजकोट, 8 जनवरी। भारत के तेजतर्रार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैच की तैयारी के दौरान वह खुद को दबाव में रखना पसंद करते हैं।

इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 51 गेंदों में नाबाद 112 रन बनाकर भारत की 91 रन से जीत की नींव रखी जिससे मेजबान टीम ने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

सूर्यकुमार ने आक्रामक पारी खेलने के बाद कहा, ''जब आप मैच की तैयारी कर रहे होते हैं तो खुद पर दबाव बनाना बेहद महत्वपूर्ण होता है। आप जितना अधिक दबाव डालते हैं उतना ही बेहतर खेल सकते हैं। इसमें काफी कडी मेहनत होती है। कुछ स्तरीय अभ्यास सत्र भी शामिल होते हैं।''

सूर्यकुमार ने अपनी पारी में सात चौके और नौ छक्के लगाए जिससे भारत ने पांच विकेट पर 228 रन का बड़ा स्कोर खडा किया। इस स्टार बल्लेबाज ने मैदान में चारों तरफ शॉट खेले और उन्होंने अपना स्वाभाविक खेल खेलने का श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड को दिया।

उन्होंने कहा, ''पीछे की बाउंड्री 59-60 मीटर थी इसलिए मैंने वहां शॉट खेलने की कोशिश की। कुछ शॉट ऐसे होते हैं जो पहले से तय होते हैं लेकिन आपको अन्य शॉट के लिए भी तैयार रहना होता है।'' सूर्यकुमार ने कहा, ''ज्यादातर समय मैं गेंद को क्षेत्ररक्षकों के बीच से खेलने की कोशिश करता हूं और क्षेत्ररक्षकों के खडे होने की स्थिति का फायदा उठाता हूं। द्रविड़ ने मुझे लुत्फ उठाने की आजादी दी और मुझे खुद को जाहिर करने के लिए कहा।'' मध्य क्रम के इस बल्लेबाज का यह केवल सात महीने में अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में तीसरा शतक था जिससे वह खेल के इतिहास में पहले खिलाड़ा बन गए जिन्होंने बल्लेबाजी का आगाज नहीं करते हुए तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए। गेंदों का सामना करने के लिहाज से सूर्यकुमार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में सबसे तेजी से 1500 रन के आंकडे तक पहुंचने वाले बल्लेबाज भी बने। मुंबई में जन्में इस बल्लेबाज ने 45 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 46.41 के औसत और 180.34 के स्ट्राइक रेट से 1578 रन बनाए हैं। जिसमें तीन शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं। सूर्यकुमार ने अपनी पारी के संदर्भ में कहा, ''जिस तरह से पारी चली उससे मैं वास्तव में खुश हूं। मेरे कुछ शॉट पहले से तय थे लेकिन ये ऐसे शॉट हैं जो मैं पिछले एक साल से खेल रहा हूं और मैं कुछ अलग नहीं कर रहा हूं। तो कुछ भी नया नहीं है। यह 2023 में एक नई शुरुआत है और मुझे अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद है।''

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दुर्घटना के बाद रेसर के ई कुमार का निधन

चेन्नई, 8 जनवरी । चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूर मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में एमआरएफ इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप 2022 के दूसरे चरण के दौरान रविवार को एक कार दुर्घटना में सम्मानित रेसर के ई कुमार का निधन हो गया। उनकी उम्र 59 साल थी।

यह घटना तब हुई जब सैलून कारों की दौड़ के दौरान कुमार की कार एक प्रतियोगी की कार से टकरा गयी। इस टक्कर के बाद कार रोड से फिसल कर बाड से टकराई और छत पर जा गिरी। इस दुर्घटना के तुरंत बाद रेस को रोक दिया गया। कुछ ही मिनटों में कुमार को मलबे से निकाला गया। उन्हें ट्रैक के मेडिकल सेंटर में प्रारंभिक जांच के बाद एम्बुलेंस से पास के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद कुमार को नहीं बचाया जा सका। चैंपियनशिप के चेयरमैन विकी चंडोक ने इसे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार देते हुए कहा, कुमार एक अनुभवी रेसर थे। मैं उन्हें कई दशकों से एक दोस्त और प्रतिस्पर्धी के तौर पर जानता हूं। एमएमएससी और पूरी रेसिंग बिरादरी उनके निधन पर शोक व्यक्त करती है और उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।'' चंडोक ने कहा कि खेल के शासी निकाय भारतीय मोटर स्पोर्ट्स क्लब महासंघ (एफएमएससीआई) और आयोजक मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब (एमएमएससी) ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## मुझे खुद को किसी के सामने साबित करने की जरूरत नहीं है : कप्तानी पर उठते सवालों पर बोले बाबर

कराची, आठ जनवरी। घरेलू टेस्ट सत्र में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर उनकी कप्तानी को लेकर सवालों की बौछार की गई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले मीडिया से मुखातिब बाबर से एक पत्रकार ने पूछा कि क्या पिछले साल से घरेलू रिकॉर्ड खराब होने के कारण वह टेस्ट कप्तानी छोडने की सोच रहे हैं । इस पर बाबर ने कहा ,''मुझे लगता है कि टेस्ट मैच खत्म हो चुके हैं और अब हमें सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलनी है । उसके बारे में ही सवाल पूछें ।''

कप्तानी को लेकर फिर उठे सवाल पर उन्होंने कहा ,''मुझे खुद को किसी को साबित करने की जरूरत नहीं है । मुझे पता है कि मैं क्या कर रहा हूं। मेरा फोकस पाकिस्तान के लिये अच्छा खेलने पर है।''

उन्होंने कहा ,''सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी उस लय को कायम रखना चाहते हैं। न्यूजीलैंड बहुत अच्छी टीम है और दोनों टीमों के लिये यह कठिन श्रृंखला होगी।'' उन्होंने कहा कि खिलाडियों के चयन को लेकर अंतरिम मुख्य चयनकर्ता शाहिद अफरीदी से उनका कोई मसला नहीं है ।

उन्होंने कहा कि वह और मुख्य कोच अपनी राय देते हैं और बैठकों में अपनी रणनीति से भी चयनकर्ताओं को अवगत कराते हैं ।''

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि हालात देखकर ही वह इस श्रृंखला को लेकर टीम की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा ,''हमारे कुछ खिलाड़ी यहां पहली बार खेल रहे हैं जिनके लिये यह नया अनुभव होगा और उन्हें हालात के मुताबिक ढलना होगा।''

## चोट के बावजूद जोकोविच ने जीता एडीलेड इंटरनेशनल

एडीलेड, 8 जनवरी। चोट के बावजूद नोवाक जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के गैर वरीय सेबेस्टियन कोरडा को 6-7, 7-6, 6-4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल खिताब जीत लिया ।

जोकोविच को दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान चोट लगी थी । इसके बावजूद उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय चला मैराथन फाइनल खेला और कैरियर का 92वां एकल खिताब अपने नाम किया।

एडीलेड में यह उनका दूसरा खिताब है। इससे पहले 2007 में 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने खिताब जीता था। इससे पहले महिला वर्ग में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका ने क्वालीफायर लिंडा नोसकोवा को सीधे सेट में हराकर अपना 11वां डब्यूटीए टूर एकल और लगभग दो साल में पहला एकल खिताब जीता। सबालेंका ने डब्यूटीए स्तर पर पहली बार फाइनल में जगह बनाने के दौरान तीसरी वरीय दारिया कसात्किना और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को हराने वाली 18 साल की नोसकोवा को 6-2 7-6 से हराया। सबालेंका ने अपनी खिताबी जीत के दौरान पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया।

## भारत के विनोद कुमार और कीनिया की किमितवाई ने चेन्नई मैराथन खिताब जीते

चेन्नई, 8 जनवरी । भारत के विनोद कुमार श्रीनिवासन और कीनिया की ब्रिगिड जेरेंड किमितवाई ने रविवार को यहां 11वीं चेन्नई मैराथन 2023 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पूर्ण मैराथन खिताब जीते। श्रीनिवासन ने दो घंटे 37 मिनट और 28 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। ज्ञान बाबू दो घंटे 48 मिनट और 46 सेकेंड के साथ दूसरे जबकि जगदीशन मुनासामी दो घंटे 57 मिनट और 39 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में किमितवाई तीन घंटे 31 मिनट और 36 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहीं। भारत की संध्या शंकर (तीन घंटे 33 मिनट 57 सेकेंड) ने दूसरा जबकि ममता रावत (तीन घंटे 53 मिनट 41 सेकेंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मैराथन में विभिन्न वर्गों में 20 हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। इसमें पहली बार 30 दृष्टिबाधित धावकों ने भी पदार्पण किया जबकि 50 ब्लेड रनर और 50 व्हीलचेयर रनर ने भी हिस्सा लिया।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटीं नाओमी ओसाका

मेलबर्न, 8 जनवरी। दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका ने पुष्टि की है कि वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगी।

आयोजकों ने रविवार को ट्वीट करके पुष्टि की कि 2019 और 2021 की चैम्पियन जापान की ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी। आयोजकों ने ट्वीट किया, ''नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई हैं। हमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 में उनकी कमी खलेगी।''

पच्चीस साल की ओसाका विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर खिसक गई हैं और वह सितंबर में तोक्यो में दूसरे दौर में हटने के बाद से नहीं खेली हैं। ओसाका की जगह डेयाना यास्त्रेमस्का को मुख्य ड्रॉ में जगह दी गई है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 16 जनवरी से शुरू होगा और पहले ही कई अहम खिलाड़ा टूर्नामेंट से हट चुके हैं।

दुनिया के नंबर एक पुरुष खिलाड़ा कार्लोस अल्कारेज टखने की चोट के कारण शनिवार को टूर्नामेंट से हट गए।

पूर्व फाइनलिस्ट सिमोना हालेप भी इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगी जबकि वीनस विलियम्स ने भी ऑकलैंड में अभ्यास के दौरान चोटिल होने के बाद वाइल्ड कार्ड लौटा दिया है।

## विश्व कप में हिस्सा लेने भुवनेश्वर पहुंची कोरिया

भुवनेश्वर, 8 जनवरी। कोरियाई पुरुष हॉकी टीम एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में भाग लेने के लिये रविवार को यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।

हॉकी एशिया कप 2022 की चैंपियन कोरिया को विश्व कप के लिये पूल-बी में गत चैंपियन बेल्जियम, जापान और जर्मनी के साथ रखा गया है।

कोच शिन सियोक क्यो की टीम 14 जनवरी को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि उनका दूसरा मुकाबला 17 जनवरी को जापान के विरुद्ध होगा।

शुरुआती दो मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम पर खेलने के बाद कोरिया ग्रुपस्टेज का अपना आखिरी मैच राउरकेला में 20 जनवरी को जर्मनी के विरुद्ध खेलेगी।

कोरिया वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और 2014 विश्व कप में भी 10वें स्थान पर रही थी।

टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2002 और 2006 के विश्व कप में आया था जब उसने चौथा स्थान हासिल किया था।

कोच सियोक क्यो ने ओडिशा आगमन पर कहा, ''हमने भारत में बहुत मुकाबले खेले हैं और अब हम एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए लिये फिर से यहां आकर उत्साहित हैं।

हमें यहां आना और भारत में खेलना पसंद है क्योंकि इस तरह के दर्शकों के सामने खेलना बहुत अच्छा लग रहा है।'' टूर्नामेंट बडी टीमों से भरा हुआ है और हम उनका सामना करने और प्रशंसकों के सामने रोमांचक परिणाम देने के लिये तैयार हैं।'' सियोक क्यो ने ग्रुप मैचों के लिये उनकी तैयारियों पर कहा, ''हमारी टीम वास्तव में अच्छी है और खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारे ग्रुप में बेल्जियम और जर्मनी जैसी शीर्ष टीमें हैं और ग्रुप चरण में उनके खिलाफ मैच मुश्किल होंगे। हालांकि हम यह मुकाबले जीतने के लिये 100 प्रतिशत कोशिश करेंगे।''

कोरिया के कप्तान ली नामयोंग ने कहा, ''हमारे खिलाड़ी यहां आकर उत्साहित हैं और टूर्नामेंट में हमारी बडी महत्वाकांक्षाएं हैं। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और विश्वास है कि हम विश्व कप में बड़े मैच जीतने में सक्षम होंगे। हमारी टीम के पास काफी अनुभव है जो हमारे लिये महत्वपूर्ण साबित होगा।''

उन्होंने कहा, ''हम टूर्नामेंट में एक समय में एक मैच पर ध्यान देना चाहते हैं। हमारा पहला मुकाबला गत चैम्पियन बेल्जियम के खिलाफ है और यह वास्तव में कठिन होगा। हमें अपनी पूरी क्षमता से खेलना होगा और अगर हम मूल चीजों को सही रखते हैं तो नतीजा अपने पक्ष में कर सकते हैं।''

## ज़िदान ने अमेरिका के कोच बनने का प्रस्ताव ठुकराया

वाशिंगटन, 8 जनवरी। फ्रांस के प्रमुख फुटबॉल मैनेजर और पूर्व खिलाड़ा ज़िनेदिन ज़िदान ने अमेरिकी राष्ट्रीय पुरुष टीम का नया कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी।

ईएसपीएन ब्रॉडकास्टर ने बताया कि अमेरिकी सॉकर फेडरेशन ने ज़िदान से संपर्क किया है ताकि वर्तमान कोच ठोग बेरहल्टर का अनुबंध समाप्त होने के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम का प्रबंधन करने की पेशकश की जा सके। इससे पहले, मीडिया ने बताया था कि ज़िदान कतर में 2022 विश्व कप के बाद फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के नये कोच बन सकते हैं, हालांकि फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ ने वर्तमान कोच डिडिएर डेसचैम्प्स के अनुबंध का विस्तार 2026 विश्व कप तक करने का फैसला किया।



*टर्की के इत्र बनाने वालों का एक ग्रुप मैसोपोटामिया के एक प्राचीन इत्र का फॉर्मूला फिर से तैयार कर रहा है। मूलतः 3200 साल पहले बना यह इत्र जिस क्षेत्र का है उसे ''क्रेडल ऑफ सिविलाइज़ेशन'' कहा जाता है। इस इत्र में जिन पेड़ पौधों का इस्तेमाल किया गया है, वो मूलतः मैसोपोटामिया में ही मिलते हैं। वर्तमान में इसे दक्षिण पूर्व टर्की के दियारबाकिर शहर के चर्च ऑफ सेंट जॉर्ज में प्रदर्शित किया जा रहा है। यह दूसरी मैसोपोटैमियन फ्रेगरैंस एग्ज़ीबिशिन है, पहली एग्ज़ीबिशन इस वर्ष के आरंभ में हुई थी। प्राचीन काल में दियारबाकिर शहर उन गिने-चुने स्थानों में एक था, जहां इत्र संस्कृति फली-फूली। ऊपरी मैसोपोटैमियन क्षेत्र में मिलने वाले पौधों से बनाए गए इस परफ्यूम का नाम, अनाज व लेखन की देवी के नाम पर ''निसाबा'' रखा गया है। निसाबा सबसे प्राचीन सुमेरी देवियों में से एक हैं जिनका लिखित उल्लेख मिलता है। हालांकि बाद में उनकी जगह एक अन्य देवता ''नाबू'' को दे दी गई थी पर निसाबा का उल्लेख मैसोपोटामिया के लिखित रिकॉर्ड्स में जारी रहा। ऐरोमाथैरपिस्ट और खुशबू के विशेषज्ञ, बिहतर तुरकन एरगुल, जो इस प्रोजैक्ट में शामिल हैं, ने कहा, हमने इसे नया नाम दिया है, मैसोपोटैमियन निसाबा, जो अनाज, जमीन और ज्ञान की देवी है। हमने इसे यह नाम इसलिए दिया है क्योंकि अनाज भी मिट्टी से ही आता है। दियारबाकिर शहर मैसोपोटामिया के बेसिन में है। यह स्थान सुमेरियन, असीरियन बैबीलोनियन और हिटाइट जैसी कई प्राचीन सभ्यताओं का घर था। यह इत्र उत्पादन का केन्द्र था तथा इत्र के व्यापारिक मार्ग का प्रमुख पड़ाव था। ज्ञातव्य है कि यह व्यापारिक मार्ग भारत से अरब, अरब से मैसोपोटामिया, सीरिया, इज़राइल, मिस्र, यूनान व रोम को जोड़ता था। मैसोपोटामिया के प्राचीन परफ्यूम कांच से बनी विशेष बोतलों में या चीनी मिट्टी के बर्तनों में रखे जाते थे। विभिन्न उत्खन्नन अभियानों में ऐसी बोतलें मिली हैं। एग्ज़ीबिशन में जिन बोतलों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित हैं, वे 3000 साल पुराने ज़ैरज़ैवान किले की खुदाई में मिली थीं। इस प्रोजैक्ट के लिए बहुत रिसर्च की गई है और उसके बाद इत्र निर्माण प्रक्रिया को लैबोरेटरी टैक्नीक में बदला गया है। इत्र बनाने के लिए उन वृक्षों की पहचान की गई जिनसे प्राचीनकाल में परफ्यूम बना था। यह आसान काम नहीं था। एरगुल ने कहा कि, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इस खुशबू को प्रमोट किया जायेगा।*

# पूनिया ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने लाखों बेटियों के भविष्य को संवारने का काम किया : विजया राहटकर

## आमेर में भाजपा जन आक्रोश महासभा में डॉ. सतीश पूनिया, विजया राहटकर, राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, 2023 में राजस्थान में तीन चौथाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी

- **आमेर की धरती परिवर्तन की धरती है, यहां से धरती पुत्र स्व. भैरोंसिंह शेखावत विधायक बने, जिन्होंने मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश का विकास किया, उसी तरह धरती पुत्र सतीश पूनिया यहां के विधायक बनकर सेवा कर रहे हैं: राजेन्द्र राठौड़।**

जयपुर, 8 जनवरी (का.सं.)। कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे राजस्थान में चल रही भाजपा की जन आक्रोश महासभायें 156 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में हो चुकी हैं, आगामी दिनों में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में होंगी।

इसी क्रम में आमेर विधानसभा क्षेत्र के रामपुरा मंडल में भाजपा जन आक्रोश महासभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधित कर 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तीन चौथाई बहुमत की भाजपा सरकार बनाने का संकल्प और आव्हान किया, जहां मौजूद अपार जनसमूह ने हाथ उठाकर संकल्प का समर्थन किया।

सतीश पूनिया ने कहा कि, भाजपा की सरकार में 2013 से 2018 के बीच में आमेर में 1500 करोड़ के विकास कार्य करवाये, जिसमें केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार के जरिये खूब काम हुये। मेरे जैसे सामान्य किसान परिवार में जन्मे कार्यकर्ता को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा और भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने राजस्थान जैसे बड़े प्रदेश का मुख्य कार्यकर्ता बनाकर जो जिम्मेदारी दी है।

आमेर की जालसू पंचायत समिति क्षेत्र में संचालित मॉडल सीएचसी पूरे राजस्थान की सीएचसी के लिये बेहतरीन उदाहरण है सुविधाओं को लेकर, जिसमें वेंटिलेटर सहित तमाम चिकित्सा सुविधायें हैं, इस काम में चिकित्सा मंत्री रहते हुये मेरे बड़े भाई राजेन्द्र राठौड़ का बहुत बड़ा योगदान है, जिसके लिये उन्होंने करोड़ों रुपये की राशि आवंटित की थी। राजस्थान का कोई व्यक्ति नहीं भूल सकता कि करौली, भीलवाड़ा, जोधपुर, उदयपुर सहित तमाम जिलों में जो कांग्रेस शासन में दंगे हुये, उदयपुर का कन्हैयालाल साहू हत्याकांड कोई नहीं भूल सकता, जिनका दिनदहाड़े सिर कलम कर हत्या कर दी गई।

विजया राहटकर ने संबोधित करते हुये कहा कि, भाजपा जन आक्रोश यात्रा पूरे राजस्थान में इतिहास रचने जा रही है, जिसके माध्यम से राजस्थान की जनता भाजपा को आशीर्वाद देकर प्रचंड बहुमत की 2023 में मजबूत सरकार बनायेगी, जो सरकार राजस्थान के विकास, सुरक्षा, शांति और सम्मान के लिये काम करेगी। जन आक्रोश के माध्यम से पूरे राजस्थान में सवा लाख किलोमीटर यात्रा, 200 विधानसभाओं में गांव-गांव में जनता को स्पर्श करने का काम हम कर रहे हैं, 50 हजार से अधिकर चौपालें कर करोड़ों लोगों से संवाद एवं संपर्क कर चुके हैं। भाजपा राजस्थान के अध्यक्ष सतीश पूनिया ऐसे कर्मशील प्रदेश अध्यक्ष हैं, भाजपा के जिन्होंने नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजना सुकन्या समृद्धि योजना के जरिये राजस्थान की लाखों बेटियों के भविष्य को संवारने का काम किया है।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, पूरे राजस्थान में कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ चल रही भाजपा की जन आक्रोश सभाओं के शिल्पीकार बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, जो रॉकेट की तरह प्रवास करते हैं, हम सभी नेता इनके नेतृत्व में भाजपा के मिशन 2023 में जुटे हुये हैं, जिसे हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी जीत के साथ पूरा कर भाजपा की सरकार बनायेंगे। रीट की चीट सहित दर्जनों से अधिक पेपर लीक के मामले कांग्रेस शासन में हुये, जिनमें राजीव गांधी स्टडी सर्किल से जुड़े लोग शामिल पाये गये, इस स्टडी सर्किल के पैटर्न स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं। इससे भी आगे बढ़कर पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा के संरक्षण में कलाम इंस्टीट्यूट चल रहा है, जिसमें मोटी फीस लेकर गारंटी बैच चलाये जाते हैं, पेपर भी दिये जाते हैं, डोटासरा का पूरा कुनबा आरएएस बन गया, कहने का मतलब कांग्रेस शासन में पेपर लीक से लेकर हर विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसे भ्रष्टाचारी और जनविरोधी कांग्रेस सरकार को 2023 में उखाड़ फेंकेगे। आमेर की धरती परिवर्तन की धरती है, यहां से धरती पुत्र राजस्थान की राजनीति के अजातशत्रु स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने विधायक बनकर यहां की जनता का प्रतिनिधित्व विधानसभा में किया था, अब उसी तरह वैसे ही धरती पुत्र आपके विधायक सतीश पूनिया आमेर का प्रतिनिधित्व विधानसभा में कर आपकी सेवा कर रहे हैं। जन आक्रोश महासभा में प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सादिक खान, प्रधान हरदेव यादव, प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, इत्यादि उपस्थित रहे।

## 'ओल्ड पैंशन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार राज्य के स्तर पर बिजली की दरें तय नहीं करती हैं।''

अहलूवालिया के मुताबिक, ''अगर आप जलवायु परिवर्तन की समस्या को लेकर विचार करें जिसे हमने राष्ट्रीय स्तर पर 2070 तक नेट ज़ीरो का लक्ष्य हासिल करने का इरादा बनाया है, तो इसे हासिल करने के लिए आपको अक्षय ऊर्जा की ओर जाना होगा।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन राज्य के स्तर पर अगर आप रिन्यूएबल एनर्जी के लिए निवेश लाते हैं और इससे बिजली की क़ीमतें बढ़ती हैं तो क्या आप उपभोक्ताओं पर इसका भार डालेंगे या नहीं?''

अहलूवालिया ने आगे कहा, ''या आप तर्क देंगे कि किसानों इससे मुक्त रखना चाहिए या कुछ अन्य लोगों के लिए कम क़ीमत वसूलनी चाहिए... पेंशन स्कीम के मुकाबले ये समस्या बहुत जल्द उभर सकती है। ''

आहलुवालिया ने कहा, '' इसलिए राजनीतिक स्तर पर अख़बारों आदि में एक नैरेटिव बनाना होगा और जनता को भी सूचना देनी होगी तो लोगों को भी पता होगा कि क्या हो रहा है। अगर ये नहीं होता है तो मुझे नहीं लगता कि इसका कोई आसान हल निकलेगा।''

# 'सभी की परफॉर्मेंस देखेंगे, जिनकी परफॉर्मेंस नहीं है, उनको टिकट देकर करेंगे भी क्या?'

## राजस्थान कांग्रेस प्रभारी रंधावा बोले, जो लोग बैठकों में आए हैं, उनका स्वागत है और जो लोग बैठकों में नहीं आते हैं, ऐसे लोगों की हमें जरूरत भी नहीं है

- **गहलोत ने चेताया कि, प्रभारी और समन्वयक की मौजूदगी के बावजूद जो लोग बैठक में नहीं आते, उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है**
- **'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के लिए बुलाई गई बैठक में पी.सी.सी. अध्यक्ष डोटासरा अभियान से ज्यादा, सरकार की तारीफ का पुल बांधने में व्यस्त रहे।**

जयपुर, 8 जनवरी (का.प्र.)। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारियों के लिए रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने नेताओं को चेतावनी दी, आंखें दिखाईं, धमकाया, तो टिकट प्राप्त करने के तरीके भी बताए। लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सिर्फ सरकार की योजनाओं को लेकर खुद की पीठ थपथपाते दिखे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हमेशा की तरह हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पर चर्चा से ज्यादा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार की योजनाओं की तारीफ की।

बैठक के दौरान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और संगठन को ज्यादा तवज्जो देने की सिफारिश करते हुए कहा कि, यदि संगठन है तभी हम हैं, वरना संगठन के बिना हमारा कोई वजूद नहीं है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि, किसी एक आदमी के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी कमजोर नहीं होगी, क्योंकि संगठन है, तो हम हैं। इसी के साथ उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, सब मिल बैठकर खाएंगे तो अच्छा रहेगा, वरना एक ही व्यक्ति यदि ज्यादा खाएगा तो पेट खराब हो सकता है। इस बात के जरिए उन्होंने सरकार में बैठे हुए मंत्रियों को एक तरह से हिदायत दी, कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हुई तो स्थितियां खराब हो सकती हैं। इसी के साथ उन्होंने संगठन की बैठकों में नहीं आने वाले नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि, जो लोग इन बैठकों में आए हैं, उनका स्वागत है और जो लोग बैठकों में नहीं आते हैं, ऐसे लोगों की हमें जरूरत भी नहीं है। इसी के साथ उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से कहा कि, वे कुछ सख्त हो जाए, क्योंकि ज्यादा नरमी बरतने के कारण लोग लापरवाह हो जाते हैं। इसी के साथ प्रभारी रंधावा ने यह भी कहा कि सभी की परफॉर्मेंस देखेंगे, जिनकी परफॉर्मेंस नहीं है उनको टिकट देकर करेंगे भी क्या?

वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कितनी बड़ी बात है कि प्रभारी यहां मौजूद हैं, और हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के समन्वयक भी यहां मौजूद हैं। इसके बावजूद नेता यहां नहीं आए। उन्होंने कहा कि आगे प्रदेश कांग्रेस का विस्तार भी होना है। विधानसभा में टिकट का वितरण भी होना है। इस बात के जरिए उन्होंने एक तरह से नेताओं को चेतावनी दी कि जो लोग इस तरह की महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थित रहते हैं, उनको राजनीतिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि चार साल से इनको विधानसभा में देख रहे हैं। जब हम बजट पेश करते हैं तो ये विधानसभा से छिपकर भागते हैं। इनकी ऐसी पिटाई मैंने नहीं देखी। ये खड़े होकर मीडिया से बात नहीं कर पा रहे। कहते हैं पैसा कहां से आएगा। मैंने कहा कि कटारियाजी पैसा कहां से आएगा। इसकी चिंता मुझे करनी चाहिए, आप क्यों चिंता कर रहे हो?

इसी के साथ गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने जो बजट में घोषणा की थी, वो पूरी हो रही हैं। हर विधायक कह रहा है कि सिर्फ घोषणा नहीं हुई है। हमारी योजनाएं जिनका राहुल गांधी ने अलवर में जिक्र किया था। ऐसी 5 योजनाएं देशभर में कहीं नहीं हैं। ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हमने पीएम से आग्रह किया है। आप ओपीएस को लागू क्यों नहीं कर रहे हो, मगर भारत सरकार जवाब नहीं दे रही है। वो जिन्हें पेंशन मिल रही है। आज वो सवाल उठा रहे हैं। अगर ओपीएस के लागू रहते 60 साल तक देश ने विकास किया है। अब क्या तकलीफ है। गहलोत ने कहा कि इसके लिए हम वित्त मैनेजमेंट करेंगे। कर्मचारियों को पेंशन देंगे। ये हमने फैसला कर लिया है। इसी के साथ गहलोत ने कहा कि 16-17 जनवरी को सरकार का चिंतन शिविर हो रहा है। इसमें सरकार की परफॉर्मेंस का आंकलन करेंगे।

इससे पहले हाथ से हाथ जोड़ो के प्रभारी आरसी खूंटिया और राजस्थान पीसीसी चीफ ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की जानकारी दी। बैठक में जिलों के प्रभारी पहुंचे। नेताओं ने प्रभारियों को मैसेज दिया कि अगर कांग्रेस को बचाना है तो हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में 2 महीने काम करना पड़ेगा। कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी से शुरू हो रहा है।

अभियान के प्रभारी आरसी खुंटिया ने बताया कि 26 जनवरी से 26 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के दौरान वे खुद और तमाम नेता सिर्फ राजस्थान में ही नहीं रुकेंगे, बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर पर जाकर अभियान की जानकारी लेंगे। ऐसे में कोई भी नेता यह नहीं समझे, कि उनकी ओर से किए गए कार्य की जानकारी आगे तक नहीं पहुंचेगी।

## ऑस्ट्रेलिया में 100 सालों की सबसे भीषण बाढ़

सिडनी, 8 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया का किंबरली इलाका 100 साल की सबसे खतरनाक बाढ़ का सामना कर रहा है। किंबरली का क्षेत्रफल ब्रिटेन की तुलना में तीन गुना ज्यादा है लेकिन आबादी कम है। यहां रहने वाले आधे लोग आदिवासी हैं। जो दूर-दूर बने घरों में रहते हैं। इस विशाल क्षेत्र में ट्रॉपिकल साइक्लोन ऐली की वजह से भारी बारिश हुई। इससे कई इलाके चारों तरफ से पानी से घिर गए हैं और सड़कें पानी में डूब गई हैं। बाढ़ से कंगारू भी बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं। किम्बरली इलाका आस्ट्रेलिया के पश्चिमी भाग में स्थित है। यहां बाढ़ में फंसे सैंकड़ों लोगों को मिलिट्री हेलिकॉप्टर्स से एयरलिफ्ट किया गया। ऑस्ट्रेलिया की आपातकालीन सेवाओं के मंत्री स्टीफन डावसन ने कहा कि हर तरफ पानी ही पानी है।

## 75 प्लस उम्र के लोगों को आई.टी.आर. भरने से छूट मिलेगी

नई दिल्ली, 8 जनवरी। पैंशनभोगी 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आई.टी.आर. भरने के झंझट से मुक्ति देने का केंद्र सरकार का फैसला अमल आ चुका है। यह फैसला 75 साल या इससे ज़्यादा उम्र के उन बुजुर्गों पर लागू हुआ है जिनकी आमदनी सिर्फ पेंशन व ब्याज से है। अगर इनकी आमदनी पर टैक्स बनेगा तो संबंधित बैंक टैक्स काट लेगा। इसके लिए टैक्स रिटर्न भरने की जरूरत नहीं होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2021-22 के बजट भाषण में आजादी के 75 साल होने के मद्देनज़र 75 या इससे ज़्यादा उम्र के बुजुर्गों को टैक्स रिटर्न फाइल नहीं करने की सुविधा देने की घोषणा की थी। अब नया बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्रालय एक-एक कर उन घोषणाओं और उन पर अमल की स्थिति के बारे में बता रहा है जो पिछले बजट भाषणों में हुई थीं। सरकार की ओर से एक ट्वीट के माध्यम से बताया गया, आयकर अधिनियम, 1961 में धारा 194-पी शामिल की गई, जो 75 वर्ष से अधिक आयु के उन वरिष्ठ नागरिकों को एफ.आई.आर. दाखिल करने से छूट देती है, जिनके पास केवल पेंशन और ब्याज से अर्जित आय है। निर्दिष्ट बैंकों और प्रासंगिक प्रपत्रों को अधिसूचित किया गया है।

# सपा आई.टी. सैल के प्रमुख को यू.पी. पुलिस ने गिरफ्तार किया

## सपा के ट्विटर हैंडल से की गई अभद्र टिप्पणियों के मामले में यू.पी. पुलिस ने यह कार्रवाई की है

लखनऊ, 8 जनवरी। उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी सपा के आईटी सेल के संचालक को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लखनऊ की हजरत गंज पुलिस ने मनीष जगन अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल इसके पहले समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल से की कुछ अभद्र टिप्पणी की गई थी जिसको लेकर हजरतगंज कोतवाली में तीन एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई थी। समाजवादी पार्टी का ट्विटर हैंडल सीतापुर के रहने वाले मनीष जगन अग्रवाल देखते थे जिन्हें एफ.आई.आर. के बाद हजरत गंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

वहीं इस गिरफ्तारी के बाद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव लखनऊ पुलिस मुख्यालय पहुंचे हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा भी किया है। अखिलेश यादव ने पुलिस हेडक्वार्टर पहुंचकर चाय पीने से इनकार कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि चाय में जहर हो सकता है। आपको बता दें कि 6 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी की युवा मोर्चा की सोशल मीडिया इंचार्ज ऋचा राजपूत ने समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल से खुद का रेप किए जाने और जान से मारे जाने की धमकी देने को लेकर केस दर्ज करवाया था। इस मामले में सपा के ट्विटर हैंडल को ऑपरेट करने वाले मनीष की गिरफ्तारी हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ पुलिस मुख्यालय पहुंच गए हैं।

भाजपा युवा मोर्चा की सोशल मीडिया प्रभारी ऋचा राजपूत ने अपने शिकायत में कहा था, 'मुझे समाजवादी पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जान से मेरा रेप करने और मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## पीयुष गोयल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उद्योगों का भ्रमण करेंगे। वह 11 जनवरी को वाशिंगटन में 13वीं व्यापार नीति फोरम की बैठक में हिस्सा लेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले वह यू.एस.टी.आर. की राजदूत कैथरीन टई से भी मुलाकात करेंगे। चार साल के अंतराल के बाद टी.पी.एफ. की 12 मंत्रिस्तरीय बैठक 23 नवंबर 2021 को आयोजित की गयी थी। पिछली मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद कार्यकारी समूह को फिर से शुरू किया गया है। गौरतलब है कि टी.पी.एफ. प्लेटफार्म एक ऐसा मंच हैं जहां दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के बीच लगातार बातचीत होती है। टी.पी.एफ. की अध्यक्षता दोनों ही देशों के वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री करते हैं। गोयल वाशिंगटन में अमेरिका की वाणिज्य सचिव गिना रेमोंडो के साथ द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे।

## 'राहुल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकिन राहुल ने अपने दृढ़ संकल्प से यात्रा पूरी की है, इसके लिए उनको बधाई देता हूं।

# कश्मीर में रविवार को मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये

- **सुरक्षाबलों ने कश्मीर में आतंकियों की बड़ी घुसपैठ को नाकाम किया।**

जम्मू, 8 जनवरी (वार्ता)। सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) के पास ऑपरेशन बालाकोट के तहत दो आतंकवादियों का सफाया कर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया।

रक्षा मंत्रालय के जम्मू स्थित प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि 7 जनवरी को शाम सात बजे सतर्क सैनिकों ने पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे दो घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा इस सैनिकों को सतर्क कर दिया गया और वे क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे। लगभग पौने आठ बजे घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग से जोरदार धमाका कर दिया।

प्रवक्ता ने कहा इसके बाद शाम सात बजकर 50 मिनट पर सैनिकों ने बाड़ के पास हलचल देखी और आतंकवादियों पर निशाना साधकर उन पर गोलीबारी शुरू कर दी और उनकी घुसपैठ रोकने के लिए घेराबंदी कर दी। साथ ही रात में क्वाडकॉप्टर और अन्य निगरानी उपकरणों को घेराबंदी वाले क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रखने के लिए लगाया गया था।

उन्होंने कहा कि सैनिकों ने अगले दिन दो बजे तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि तलाशी बहुत गहन थी क्योंकि यह क्षेत्र न केवल घनी झाड़ियों से भरा हुआ है, बल्कि बारूदी सुरंगो से भरा भी है। उन्होंने कहा कि अब तक की तलाशी में दो शव, हथियार, मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गयी है।

प्रवक्ता ने बताया कि सेना ने अब तक दो मैगजीन और 21 राउंड के साथ एक एके 47 राइफल, एक मॉडिफाइड एके 56 राइफल, एक मैगजीन के साथ एक चाइनीज पिस्टल और पांच राउंड, दो चाइनीज हैंड ग्रेनेड और दो हाई एक्सप्लोसिव आई.ई.डी. और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जबकि तलाशी अभियान जारी है।

# 'जोशीमठ में हर साल 85 एम.एम. नीचे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तत्कालीन मंडलायुक्त महेश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में तत्कालीन संयुक्त राज्य उत्तर प्रदेश सरकार ने एक कमेटी गठित की। यह कमेटी वर्ष 1970 और उसके बाद अनेक बार अलकनंदा नदी में आई बाढ़ के बाद जोशीमठ और आसपास के क्षेत्र में हुए भूधंसाव और घरों में दरार की घटनाऑ के परीक्षण के लिए गठित हुई थी।

डॉक्टर मिश्र के अनुसार, इस कमेटी में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और तत्कालीन रुड़की इंजीनियरिंग कालेज के विशेषज्ञों, भूविज्ञानियों के अलावा, स्थानीय प्रबुद्धजनों को शामिल किया गया था। उन्होंने जानकारी दी कि उस कमेटी ने जोशीमठ में पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम करने और अलकनंदा नदी से भू कटाव की रोकथाम करने के सुझाव भी दिए थे। उत्तराखण्ड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सोमवार को जोशीमठ जायेंगे और आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही पीड़ितों से मिलेंगे। आर्य ने जोशीमठ के हालात के लिये पुनः धामी सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता ने बातचीत में कहा कि धामी सरकार जो आंकड़े बता रही है, हालात उससे बदतर हैं। उससे ज्यादा नुकसान हुआ है। लोग दहशत में जी रहे हैं। उन्होंने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग लंबे समय से संघर्ष करते रहे लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस का एक शिष्टमंडल भी इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री धामी से मिला था लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई रिस्पांस नहीं दिया।

उन्होंने आगे कहा कि केन्द्रीय योजनाओं को लागू करने से पहले विशेषज्ञों की राय ली जानी चाहिए थी। मानकों का पालन किया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार खुद परियोजनाओं की समीक्षा की बात कह रही है। उन्होंने माना कि सरकार काफी देर से जागी है और अब इस मामले में काफी विलंब हो गया है।

आर्य ने कहा कि वह कल जोशीमठ जायेंगे और आपदा पीड़ितों का हाल जानेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार तत्काल प्रभावी कदम उठाये। उन्होंने मांग की कि आपदा पीड़ितों का तत्काल पुनर्वास किया जाये।

उत्तराखण्ड के चमोली जिला अधिकारी (डी.एम.) हिमांशु खुराना की अगुवाई में अधिकारियों की टीम ने रविवार को जोशीमठ के मारवाड़ी वार्ड में घर घर जाकर भू धंसाव की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही, जिन घरों में दरारें मिली है, उन परिवारों को तत्काल शिफ्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं।

खुराना ने प्रभावितों के साथ दुःख दर्द बांटते हुए कहा कि दरार वाले भवनों में रहना असुरक्षित है। जिन भवनों में दरारें आ गई है उनको खाली किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा होटल, होम-स्टे एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर रहने की व्यवस्थाएं की गई है। यहां पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है। जो लोग किराए पर जाना चाहते है उन लोगों को चार हजार रुपये प्रतिमाह की दर से छह महीने तक सरकार देगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी दशा में असुरक्षित भवनों में ना रहें।

निरीक्षण के दौरान, अपर जिलाधिकारी डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, एस.डी.एम. कुमकुम जोशी एवं संबंधित क्षेत्र के सेक्टर एवं नोडल अधिकारी मौजूद थे। इस बीच देहरादून से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के जोशीमठ में भू धंसाव के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। रविवार को यह जानकारी स्वयं धामी ने मीडिया को अनौपचारिक बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने फोन पर विस्तृत जानकारी ली और पूछा कि कितने लोग इससे प्रभावित हुए हैं, कितना नुकसान हुआ तथा लोगों के विस्थापन के लिए क्या किया जा रहा है।

धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जोशीमठ को बचाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## तेलंगाना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब रसायन और अन्य सामग्री ड्रम में डाली जा रही थी। उन्होंने बताया कि तभी अचानक आग लग गई, जिससे सहायक प्रबंधक और दो सहायकों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के रहने वाले थे। शवों को अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस एक मामला दर्ज करके घटना के कारणों की जांच कर रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908